ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष अष्टमी 09:56
उपरांत नवमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 3 जून 2025
वर्ष 35, अंक 128, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



2026 तक मिलेंगे बाकी एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम 14

कार्लसन को हराकर गुकेश ने चुकता किया बदला 13

## लॉ एंड ऑर्डर से कोई समझौता नहीं: डीजीपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- 60244 सिपाहियों के प्रशिक्षण में एआई को शामिल करेंगे

**अमृत विचार :** प्रदेश के नवनियुक्त डीजीपी राजीव कृष्ण ने सोमवार को अपनी प्राथमिकताएं गिनाते हुए कहा कि पब्लिक की आवाज़ सुनी जाएगी लेकिन लॉ एंड ऑर्डर से समझौता नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि पुलिस फोर्स को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में दक्ष बनाया जाएगा। शीघ्र शुरू होने वाले 60244 सिपाहियों के प्रशिक्षण में एआई को शामिल किया जाएगा, ताकि वे नए जमाने की आपराधिक चुनौतियों से निपट सकें। पुलिस में 20 हजार पदों पर भर्ती की प्रक्रिया भी प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि राज्य में हर नागरिक को सुरक्षा का अहसास कराया जाएगा। महिलाओं की सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। मुख्यमंत्री से मिली बड़ी जिम्मेदारी का हवाला देते हुए डीजीपी ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ जीरो टालरेंस के तहत कार्रवाई की जाएगी। संगठित अपराध को पूरी तरह से खत्म किया जाएगा।

# जेईई एडवांस्ड में रजित और देवदत्ता नेशनल टॉपर

## परीक्षा परिणाम जारी, अलग-अलग वर्ग में दस टॉपर, रजित को 332 और देवदत्ता को 312 अंक मिले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** जेईई एडवांस्ड का परीक्षा परिणाम सोमवार को जारी कर दिया गया। परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 1 रजित गुप्ता ने हासिल की है। बालिका वर्ग में ऑल इंडिया टॉपर देवदत्ता माझी हैं। रजित गुप्ता ने 360 में से 332 अंक और देवदत्ता माझी ने 360 में से 312 अंक पाए हैं। परीक्षा परिणाम में अलग-अलग वर्ग में 10 टॉपर घोषित किए गए हैं।

आईआईटी कानपुर की ओर से आयोजित जेईई एडवांस्ड परीक्षा में 1,80,422 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें 54,378 परीक्षार्थी सफल घोषित किए गए हैं। जिनमें 9,404 बालिकाएं शामिल हैं। परीक्षा परिणामों में सीआरएल (कॉमन रैंक लिस्ट) 10 मेधावी घोषित किए गए हैं। इनमें रजित गुप्ता, सक्षम जिंदल, माजिद मुजाहिद हुसैन, पार्थ मंदर वर्तक, उज्ज्वल केसरी, अक्षत कुमार चौरसिया, साहिल मुकेश देओ, देवेश पंकज, अर्णव सिंह व वाडलामुदी लोकेश शामिल हैं। जेईई एडवांस्ड परीक्षा कुल 360 अंकों की हुई जिसमें पेपर-1 एवं पेपर-2 दोनों ही 180-180 अंकों के थे। जेईई एडवांस में विदेशी छात्रों ने भी परीक्षा दी थी। 129 विदेशी परीक्षार्थियों ने भी पंजीकरण कराया था। इनमें दोनों पेपर में 116 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। परीक्षा में 13 विदेशी परीक्षार्थी क्वालीफाई हुए हैं।



रजित गुप्ता



देवदत्ता माझी

### काउंसलिंग 28 जुलाई तक

परीक्षा परिणाम आने के बाद अब युवा काउंसिलिंग में शामिल होंगे। जिसके बाद वे अपनी पसंद के इंस्टीट्यूट्स में दाखिला लेंगे। जोसा काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन 3 जून से शुरू होंगे। काउंसलिंग 28 जुलाई तक चलेगी। काउंसलिंग 6 राउंड में होगी। जेईई एडवांस्ड के कट-ऑफ अंक और मिनिमम क्वालिफाइंग प्रतिशत सभी श्रेणियों जनरल, ओबीसी-एनसीएल, ईडब्ल्यूएस, एससी और एसटी के लिए कम कर दिया गया है। अभ्यार्थियों को 10 जून तक च्वाइस फिलिंग करने का मौका मिलेगा।

### लखनऊ के श्रेयस को मिली 68वीं रैक



**लखनऊ।** देशभर के आईआईटी संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित जेईई (ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम) एडवांस परीक्षा में लखनऊ के श्रेयस लोहिया को अखिल भारतीय स्तर पर 68वीं रैक हासिल हुई है। श्रेयस का बेस्ट परसेंटाईल स्कोर 100 प्रतिशत रहा है। लखनऊ के ही कृष्णा को 75वीं रैक हासिल हुई है। लखनऊ के तत्सत मिश्रा को 775 वीं रैक जबकि अथर्व गुप्ता को 1152 वीं रैंक मिली है।

## एक नजर

### इलाहाबाद हाईकोर्ट में ग्रीष्मावकाश घोषित

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में 30 जून तक ग्रीष्मावकाश घोषित हो गया है। एक जुलाई से फिर से कोर्ट नियमित सुनवाई करेंगी। हालांकि, ग्रीष्मावकाश में जरूरी मामलों की सुनवाई के लिए सिविल और क्रिमिनल दोनों तरफ की आवश्यक पीठें काम करेंगी। उधर केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) में भी पूरे जून तक ग्रीष्मावकाश रहेगा। 8, 14, 21 और 28 जून को पीठें आवश्यक मामलों की सुनवाई करेंगी। कैट के उप रजिस्ट्रार एसके श्रीवास्तव ने कहा कि 21 जून को वर्चुअल मोड में सुनवाई होगी।

### नीट - पीजी 2025 की परीक्षा स्थगित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड ने कहा है कि 15 जून को आयोजित होने वाली नीट-पीजी 2025 को स्थगित कर दिया गया है और संशोधित तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी। बोर्ड ने सोमवार को यहां जारी एक नोटिस में बताया कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुरुप नीट – पीजी 2025 की परीक्षा एक पाली में आयोजित की जाएगी। नोटिस के अनुसार न्यायालय के निर्देशों के अनुरुप एक पाली में परीक्षा कराने के लिए आवश्यक व्यवस्था की जा रही है और परीक्षा की संशोधित तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी। बोर्ड ने कहा है कि 15 जून को होने वाली नीट-पीजी 2025 को स्थगित कर दिया गया है।

# भारत बनेगा विमान रखरखाव और मरम्मत का वैश्विक केंद्र

## आईएटीए की बैठक में मोदी ने वैश्विक कंपनियों को दिया निवेश का न्योता

- देश में 2030 तक इस क्षेत्र का आकार बढ़ाकर चार अरब डॉलर करने का लक्ष्य : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को वैश्विक कंपनियों को देश के तेजी से बढ़ते विमानन क्षेत्र में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि व्यवस्थित नियामकीय ढांचे, अनुपालन में सुगमता और सरल कर ढांचे के साथ भारत का तेजी से बढ़ता विमानन क्षेत्र अग्रणी वैश्विक कंपनियों के लिए बेहतर निवेश अवसर प्रदान करता है।

प्रधानमंत्री ने उभरते क्षेत्र में रखरखाव और मरम्मत (एमआरओ) का जिक्र करते हुए कहा कि भारत विमान रखरखाव के लिए वैश्विक केंद्र बनने के प्रयासों में तेजी ला रहा है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) की 81वीं वार्षिक आम बैठक और विश्व हवाई परिवहन शिखर सम्मेलन (डब्ल्यूएटीएस) के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 में भारत में 96 एमआरओ सुविधाएं थीं, जो अब बढ़कर 154 हो गई हैं। इसके अलावा स्वतः मंजूर मार्ग के तहत 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई), माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कमी और कर को युक्तिसंगत बनाने के उपायों ने एमआरओ क्षेत्र को नई गति दी है।

मोदी ने यह भी कहा कि देश का लक्ष्य 2030 तक मरम्मत और रखरखाव क्षेत्र का आकार बढ़ाकर चार अरब डॉलर करने का है। उन्होंने कहा कि नया भारतीय विमान अधिनियम वैश्विक सर्वोत्तम गतिविधियों के अनुरूप है। इसके साथ एक सुव्यवस्थित नियामकीय ढांचा, अनुपालन में सुगमता और सरल कर व्यवस्था है। यह सब प्रमुख अंतरराष्ट्रीय विमानन कंपनियों के लिए एक महत्वपूर्ण निवेश अवसर का प्रदान करता है। भारत में पिछली आईएटीए की सालाना आम बैठक 42 साल पहले 1983 में आयोजित की गई थी। इस बार की बैठक में 1,600 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए हैं जिनमें शीर्ष वैश्विक विमानन उद्योग के प्रमुख, सरकारी अधिकारी और अंतर्राष्ट्रीय मीडिया प्रतिनिधि शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने पिछले चार दशक में देश में हुए परिवर्तनकारी बदलावों का जिक्र करते हुए कहा कि आज का भारत पहले से कहीं अधिक आत्मविश्वास से भरा हुआ है।

### वैश्विक विमानन परिवेश में देश की भूमिका बढ़ी

प्रधानमंत्री ने वैश्विक विमानन परिवेश में भारत की बढ़ती भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि वैश्विक विमानन परिवेश में भारत न केवल एक विशाल बाजार है, बल्कि नीति, नेतृत्व, नवोन्मेष और समावेशी विकास का प्रतीक भी हैं। मोदी ने कहा कि आज, भारत अंतरिक्ष-विमानन के क्षेत्र में एक वैश्विक अगुवा के रूप में उभर रहा है। नागर विमानन क्षेत्र ने पिछले एक दशक में ऐतिहासिक प्रगति देखी है, जिसे हर जगह स्वीकार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने भारत के विमानन क्षेत्र को आगे बढ़ाने वाले तीन बुनियादी स्तंभों का जिक्र किया। एक विशाल बाजार, जो केवल उपभोक्ताओं का समूह नहीं, बल्कि भारत के महत्वाकांक्षी समाज का प्रतिबिंब है, एक मजबूत जनसांख्यिकी और प्रतिभा, जहां युवा नवोन्मेषक कृत्रिम मेधा, रोबोटिक्स और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी सफलताएं हासिल कर रहे हैं और एक खुला तथा सहायक नीति परिवेश, जो औद्योगिक विकास को सक्षम बनाता है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार बन गया है।

# सजगता और संवाद से ही बेहतर होगी कानून व्यवस्था : मुख्यमंत्री

## योगी ने की कानून-व्यवस्था, पर्व की तैयारियों की समीक्षा

- कहा-विवाद की स्थिति में तहरीर की प्रतीक्षा न करें, नई परंपरा की अनुमति नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



कानून व्यवस्था को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जनहित सर्वोपरि शासन का मूल मंत्र है। छोटे विवाद ही लापरवाही के कारण बड़े विवाद का रूप ले लेते हैं। ऐसे में सजगता, सतर्कता और संवाद के माध्यम से बड़े से बड़े विवादों का समाधान करके कानून व्यवस्था बेहतर होगी। निर्देश दिए कि क्षेत्र में विवाद की स्थिति में संबंधित थाना 'तहरीर' की प्रतीक्षा न करे, आवश्यक कदम तत्काल उठाए जाएं। प्रदेश में शांति, सुरक्षा और सौहार्द का माहौल बना रहना चाहिए।

वे सोमवार को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों, मंडलायुक्त, ज़ोन, पुलिस कमिश्नरेट, रेंज तथा जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्रदेश की कानून-व्यवस्था, जनसुनवाई व्यवस्था और आगामी पर्व-त्योहारों के तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 5 जून को गंगा दशहरा, 7 जून को बकरीद और 24 जून को जगन्नाथ रथ यात्रा के मद्देनज़र विशेष सतर्कता बरती जाए। जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान अपने-अपने क्षेत्रों में विगत वर्षों में हुई घटनाओं का विवरण खंगालें। प्रतिबंधित पशुओं के काटने, परंपरा से हटकर कार्य करने, अराजकता फैलाने वालों की सूची तैयार कर, संदिग्धों पर निषेधात्मक कार्रवाई की जाए। सभी थाना, तहसील, जनपद में पीस कमेटियों से संवाद सुनिश्चित किया जाए। सार्वजनिक मार्गों पर यातायात अवरुद्ध न हो। धार्मिक स्थलों के आसपास पुलिस बल की पैदल गश्त सतत जारी रहे।

### प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी पर सख्त रोक


मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिए कि बकरीद पर कुर्बानी के लिए पूर्व निर्धारित स्थल चिह्नित हों। अन्यत्र कतई न हो। प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी पूर्णत: वर्जित रहे। प्रत्येक जिले में कुर्बानी के उपरांत अपशिष्ट निस्तारण की सुनियोजित व्यवस्था रहे। नमाज परंपरागत स्थलों पर ही हो। सड़क मार्ग अवरुद्ध कर नमाज की अनुमति न हो। आस्था का सम्मान हो किंतु नई परंपराओं को प्रोत्साहित न किया जाए। यह भी निर्देश दिए कि अवैध स्लॉटर हाउस किसी भी दशा में संचालित न हों। वैध स्लॉटर हाउस में निर्धारित क्षमता से अधिक पशु न रखे जाएं। खुले में मांस विक्रय प्रतिबंधित रहे।

# सिक्किम में भूस्खलन से 3 जवानों की मौत

- छह सुरक्षाकर्मी लापता, बचाव दल तलाश में जुटा

गंगटोक, एजेंसी

सिक्किम के छातेन में एक सैन्य शिविर के भूस्खलन की चपेट में आ जाने से तीन जवानों की मौत हो गई और छह सुरक्षाकर्मी लापता हो गए। एक रक्षा अधिकारी ने सोमवार को बताया कि मंगन जिले के लाचेन नगर में भारी बारिश के कारण यह भूस्खलन रविवार शाम हुआ। मृतकों की पहचान हवलदार लखविंदर सिंह, लांस नायक मनीष ठाकुर और पोर्टर अभिषेक लखाड़ा के रूप में हुई है। चार अन्य सैनिकों को मामूली चोट आई है। लापता छह जवानों की तलाश की जा रही है।



सिक्किम के लाचेन नगर में भूस्खलन के बाद सैन्य शिविर क्षतिग्रस्त हो गया।

### लाचुंग में फंसे 100 से अधिक पर्यटकों को निकाला

गंगटोक। उत्तरी सिक्किम के लाचुंग में फंसे 100 से ज्यादा सैलानियों को लेकर 18 वाहनों का पहला समूह लोअर द्ज़ोंगू के फिदांग पहुंच गया है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि मंगन जिला कलेक्टर अनंत जैन ने काफिले का नेतृत्व किया। फिदांग से पर्यटक गंगटोक के लिए रवाना होंगे। अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय प्रशासन और पुलिस, सेना, सीमा सड़क संगठन, भारत तिब्बत सीमा पुलिस, वन विभाग के समन्वित प्रयास से आज सुबह फंसे पर्यटकों को निकालने का काम शुरू हुआ।

## छत्तीसगढ़ में 16 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

- सुकमा जिले का केरलापेंदा गांव हुआ माओवाद मुक्त

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सोमवार को कुल 25 लाख रुपये के इनामी 16 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इनमें से नौ नक्सली चिंतलनार पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत केरलापेंदा ग्राम पंचायत के हैं। इस आत्मसमर्पण के साथ ही यह गांव नक्सलवाद से मुक्त हो गया है। राज्य सरकार की नई योजना के अनुसार नक्सल मुक्त ग्राम पंचायत को विकास परियोजनाओं के लिए एक करोड़ रुपया प्रदान किया जाएगा। सुकमा जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि एक महिला समेत सभी 16 नक्सलियों ने माओवादियों की अमानवीय विचारधारा और स्थानीय आदिवासियों पर नक्सलियों के अत्याचारों से तंग आकर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

## ठाणे में एटीएस का छापा, 12 संदिग्धों को हिरासत में लिया

- सिमी के कुछ पूर्व पदाधिकारियों व सदस्यों के घरों को खंगाला

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने आतंकवाद से संबंधित एक मामले में सोमवार को ठाणे जिले में छापेमारी के बाद 12 व्यक्तियों को हिरासत में लिया। अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी सिमी के कुछ पूर्व पदाधिकारियों और सदस्यों के घरों पर भी की गई।

एक अधिकारी ने मामले का ब्यौरा दिए बिना बताया कि एटीएस की मुंबई इकाई ने ठाणे ग्रामीण पुलिस की सहायता से मुंबई से सटे जिले के पडघा और बोरीवली गांव में सुबह करीब चार बजे छापेमारी शुरू की। उन्होंने बताया कि दोनों गांवों में बड़ी संख्या में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई थी। उन्होंने बताया कि एटीएस के अधिकारियों ने प्रतिबंधित स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) के पूर्व पदाधिकारियों और सदस्यों के लगभग दो दर्जन घरों और परिसरों पर छापेमारी की। उन्होंने बताया कि इनमें साकिब नाचन, आकिब साकिब नाचन, अब्दुल लतीफ कासकर, कैफ नाचन और शाजिल नाचन के घर एवं परिसर शामिल हैं।

## हवा में गिद्ध से टकराया विमान आपात स्थिति में रांची में उतरा





- इंडिगो के विमान में सवार थे 175 यात्री

**रांची।** इंडिगो की एक उड़ान के करीब 175 यात्री सोमवार को तब बाल-बाल बच गए जब विमान को पक्षी से टकराने के बाद आपात स्थिति में रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर उतारा गया। एक अधिकारी ने बताया कि सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं, जबकि विमान एयरबस 320 को नुकसान पहुंचा है।

बिरसा मुंडा हवाई अड्डे के निदेशक आर आर मौर्य ने बताया कि रांची के पास इंडिगो की एक उड़ान से गिद्ध टकरा गया। घटना के वक्त विमान रांची से करीब 10 से 12 नौटिकल मील दूर, करीब 3,000 से 4,000 फुट की ऊंचाई पर था। विमान पटना से रांची आ रहा था और पायलट को उसे यहां आपातस्थिति में विमान उतारना पड़ा। यह घटना दोपहर 1 :14 बजे हुई। विमान का कोलकाता जाने का कार्यक्रम था।

## सहायक शिक्षकों के लिए ब्रिज कोर्स अनिवार्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एनसीटीई के नियमानुसार नियुक्ति के दो साल में करना होगा ब्रिज कोर्स

**अमृत विचार :** प्रदेश में हाल में सहायक शिक्षक बनाए गए लोगों को ब्रिज कोर्स करना अनिवार्य किया गया है। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) के नियमानुसार शिक्षकों को नियुक्ति के दो साल के भीतर यह कोर्स पूरा करना होगा।

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयीय शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) के माध्यम से जुलाई-अगस्त 2025 से ऑनलाइन यह कोर्स कराने की तैयारी है। एनसीटीई के नियमों के अनुसार बीएड डिग्रीधारकों को प्राथमिक शिक्षक बनने के बाद दो वर्षों के भीतर ब्रिज कोर्स पूरा करना जरूरी है, लेकिन बड़ी संख्या में नियुक्त शिक्षक यह कोर्स नहीं कर पाए, जिससे उनकी नियुक्ति पर सवाल उठने लगे। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद एनसीटीई ने एनआईओएस को यह जिम्मेदारी सौंपी है। एनआईओएस ने अपने पोस्ट में बताया है कि जुलाई और अगस्त 2025 से ब्रिज कोर्स के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू होगी। कोर्स पूरी तरह ऑनलाइन होगा और इसकी अवधि छह माह रखी गई है।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद आज कैबिनेट की पहली बैठक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह पहलगाम आतंकवादी हमले और उसके जवाब में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद मंत्रिपरिषद की पहली बैठक होगी।

सूत्रों ने सोमवार को बताया कि बैठक में मंत्रियों को ऑपरेशन सिंदूर का ब्योरा दिए जाने की संभावना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी नीत केंद्र सरकार के तीसरे कार्यकाल के एक साल पूरे होने के मौके पर भाजपा की ओर से अगले हफ्ते शुरू किए जाने वाले कार्यक्रमों में भी इस अभियान का जिक्र किए जाने की उम्मीद है।

# कम शुल्क पर आयात कर सकेंगे इलेक्ट्रिक कार

## दिशा-निर्देश जारी, 4,150 करोड़ निवेश वाली कंपनियों को 15% शुल्क पर आयात की अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने भारत में इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजना के तहत सोमवार को दिशानिर्देश अधिसूचित कर दिए। इसमें स्थानीय विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करने पर 4,150 करोड़ रुपये का निवेश करने वाली कंपनियों को महज 15 प्रतिशत आयात शुल्क पर सालाना 8,000 इलेक्ट्रिक वाहनों के आयात की अनुमति दी गई है।

इस योजना को पिछले साल 15 मार्च को अधिसूचित किया गया था, लेकिन भारी उद्योग मंत्रालय ने इस संबंध में विस्तृत दिशानिर्देश सोमवार को जारी किए। इससे इलेक्ट्रिक कार विनिर्माताओं के लिए आवेदन खिड़की खुलने पर आवेदन करने का रास्ता साफ हो गया। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, वैश्विक ईवी विनिर्माताओं को निवेश के लिए प्रोत्साहित करने के लिए स्वीकृत आवेदकों को आवेदन मंजूर होने की तारीख से पांच साल के लिए 15 प्रतिशत के कम सीमा शुल्क पर न्यूनतम 35,000 अमेरिकी डॉलर मूल्य वाली पूरी तरह तैयार (सीबीयू) इलेक्ट्रिक चारपहिया वाहनों के आयात की अनुमति दी जाएगी। हालांकि, आयात शुल्क में राहत पाने के लिए स्वीकृत आवेदकों को योजना के प्रावधानों के अनुरूप न्यूनतम 4,150 करोड़ रुपये का निवेश करना होगा।

वहीं चार्जिंग ढांचा तैयार करने पर किए गए व्यय को प्रतिबद्ध निवेश के पांच प्रतिशत तक सीमित किया जाएगा। योजना के तहत आवेदकों को अनुमोदन पत्र जारी करने की तारीख से तीन साल के भीतर 25 प्रतिशत का न्यूनतम घरेलू मूल्य संवर्धन (डीवीए) और 50 प्रतिशत का न्यूनतम डीवीए पांच साल के भीतर हासिल किया जाना होगा।



### शुल्क में अधिकतम 6,484 करोड़ रुपये की छूट

प्रति आवेदक को शुल्क के रूप में अधिकतम 6,484 करोड़ रुपये की छूट देने या फिर योजना के तहत किए गए उसके निवेश तक सीमित किया गया है। भारी उद्योग मंत्रालय ने कहा कि तीन साल की अवधि में आवेदक को भारत में न्यूनतम 4,150 करोड़ रुपये (लगभग 50 करोड़ डॉलर) की निवेश प्रतिबद्धता जतानी होगी। आवेदक को आवेदन मंजूर होने की तारीख से तीन साल के भीतर इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों के लिए विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने और परिचालन शुरू करना होगा। नए संयंत्र, मशीनरी, उपकरण और संबद्ध सुविधाएं, इंजीनियरिंग शोध एवं विकास पर किया गया व्यय भी इस योजना के तहत निवेश से जुड़े लाभ पाने के लिए पात्र होगा। हालांकि, संयंत्र के लिए भूमि पर किया गया व्यय इसका हिस्सा नहीं होगा लेकिन मुख्य संयंत्र की नई इमारतों को निवेश का हिस्सा माना जाएगा, बशर्ते यह प्रतिबद्ध निवेश के 10 प्रतिशत से अधिक न हो।

## एक नजर

### लखनऊ समेत 16 जिलों में पैक्स बनाएगा 24 गोदाम

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार ने किसानों की सुविधा के लिए एक बड़ी योजना को अमल में लाने जा रही है। लखनऊ, बाराबंकी समेत 16 जिलों में 24 बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) के माध्यम से 1000 मीट्रिक टन तक की क्षमता वाले गोदाम बनाए जाएंगे। इससे किसानों को उनके कृषि उत्पादों के भंडारण की बेहतर सुविधा मिलेगी। उन्हें फसल बेचने में जल्दबाजी नहीं करनी पड़ेगी और उचित दाम मिल सकेगा। यह परियोजना विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना के तहत संचालित की जा रही है। लखनऊ, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अमेठी, बहराइच, रायबरेली, एटा, मथुरा, फर्रुखाबाद, लखीमपुर खीरी, कानपुर नगर, महाराजगंज, कुशीनगर, जालौन, पीलीभीत और झांसी में इन गोदामों का निर्माण किया जा रहा है। इन गोदामों से किसानों को उनकी उपज को लंबे समय तक सुरक्षित रखने की सुविधा भी मिलेगी।

### बैंकाक में दिखेगी यूपी की बौद्ध विरासत

**अमृत विचार, लखनऊ :** थाईलैंड के बैंकाक में शुरू होने वाले अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मेले में प्रदेश स्थित बौद्ध विरासतों को प्रदर्शित किया जाएगा। प्रशांत एशिया ट्रेबल एसोसिएशन (पीएटीए) द्वारा आगामी 26 से 28 अगस्त तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मेले में उप्र. पर्यटन विभाग द्वारा सांस्कृतिक, भौगोलिक, अध्यात्मिक तथा ऐतिहासिक हेरीटेज को प्रदर्शित किया जाएगा। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सोमवार को दी। उन्होंने बताया कि थाइलैंड में बहुसंख्यक आबादी बौद्ध धर्म को मानने वाली है। गौतम बुद्ध के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण स्थल यहां स्थित है। भारत की विरासत अब वहां भी दिखेगी। इन स्थलों में सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती सहित अन्य आध्यात्मिक, धार्मिक, विरासत, ईको पर्यटन आदि का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

# निगम कार्यकारिणी चुनाव में भाजपा के पांच पार्षद जीते

संवाददाता, प्रयागराज

- भाजपा संगठन की हुई है जीत : संजय गुप्ता
- पार्टी कार्यालय पर जीते पार्षदों का हुआ स्वागत, अभिनंदन



**अमृत विचार।** नगर निगम प्रयागराज के कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पांच पार्षद निर्विरोध निर्वाचित हुए जबकि एक पार्षद सपा का चुना गया। भाजपा के निर्विरोध चुने गए पार्षदों में सर्वश्री राजू शुक्ला ,संजय पासवान, रिया केसरवानी ,रूद्र सेन जायसवाल और शिवनारायण यादव है। बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पांचों पार्षदों को फूल माला से लादकर उनका जोरदार स्वागत, अभिनंदन किया। उधर, भाजपा महानगर कार्यालय पर भी महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने महापौर गणेश केसरवानी एवं विजेता पार्षदों का अंग वस्त्र पहनकर एवं माल्यार्पण कर पुनः स्वागत किया।

भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने सपा के पीडीए पर कटाक्ष करते हुए कि वहां सिर्फ बात ही बात है असली क्रियान्वयन एवं सर्व समाज के साथ न्याय सिर्फ और सिर्फ भारतीय जनता पार्टी में ही होता है। उन्होंने प्रयागराज भारतीय जनता पार्टी के जीत का सेहरा मजबूत संगठन को दिया। उन्होंने अन्य पार्षदों को संगठन ही सर्वोपरि मूल मंत्र के आधार पर मतदान करने की भी बधाई दी। भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने इस जीत को संगठन के सभी सांसद, विधायक, पार्षद एवं कार्यकर्ताओं की जीत बताते हुए कहा कि किसी भी मोड़ पर मतभेद हो सकता है पर मनभेद नहीं होना चाहिए। उन्होंने सूचना के बाद सोचना बंद करने की प्रक्रिया को मजबूत संगठन का आधार बताया। महापौर गणेश केसरवानी ने समरसता पर जोर डालते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी सर्वस्पर्शी पार्टी है जिसका सभी चुनाव में चयन एवं परिणाम देखने को मिलता है।

इस अवसर पर विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, विधायक दीपक पटेल, विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, एमएलसी विधायक सुरेंद्र चौधरी, एमएलसी डॉ बाबूलाल तिवारी, शैलेंद्र मौर्य, उपाध्यक्ष सुनीता दरबारी, डॉ शैलेश कुमार पांडे, रवि केसरवानी, कुंज बिहारी मिश्रा, पार्षद किरण जायसवाल, सुनीता चोपड़ा, आशीष द्विवेदी, नीरज गुप्ता, कुसुम लता, विजय पटेल, विजय श्रीवास्तव , विशाल अग्रहरी, सुजीत कुशवाहा, अजय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बिशप ने बीएचएस के कार्यवाहक प्रधानाचार्य को किया बर्खास्त

**प्रयागराज, अमृत विचार।** डॉयोसिस ऑफ लखनऊ के बिशप मोरिस एडगर दान ने ब्वॉयज हाईस्कूल (बीएचएस) के कार्यवाहक प्रधानाचार्य डेविड ल्यूक को पद से आज बर्खास्त कर दिया है। बिशप मोरिस एडिगर दान ने कार्यवाहक प्रधानाचार्य को बर्खास्त करने का आदेश सोमवार को जारी किया है। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई इलाहाबाद हाईस्कूल सोसायटी से संचालित बीएचएस के कार्यवाहक प्रधानाचार्य डेविड ल्यूक की एमए की अंकतालिका फर्जी पाए जाने के बाद सिविल लाइंस थाने में दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर की गई है। उन्होंने बताया कि बर्खास्तगी का आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया है जिसमें डेविड ल्यूक को निर्देशित किया गया है कि विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक को कार्यवाह प्रधानाचार्य का पदभार सौंप दें।

**कोर्ट नोटिस**
न्यायालय तहसीलदार महोदय सिरौली गौसपुर जिला बाराबंकी
विमला सिंह
बनाम
माधव राम सिंह
वाद संख्या टी202404120603076
वाद धारा 34 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006
ग्राम चैला परगना दरियाबाद तहसील सिरौली गौसपुर बाराबंकी तारीख पेशी 16 जून 2025 को उक्त वाद न्यायालय पर कार्यवाही हेतु नियत है जिसमें आप माधवराम सिंह पुत्र अवध बहादुर सिंह निवासी चैला थाना सफदरगंज जिला बाराबंकी को जरिए समाचार पत्र के माध्यम से सूचना प्रसारित की जाती है कि उक्त दिनांक 16 जून 2025 को समय 10:00 बजे हाजिर होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा की दशा में आप माधवराम सिंह को मृत समझा जाएगा तथा अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित कर दी जाएगी।
*न्यायालय तहसीलदार*
सिरौली गौसपुर बाराबंकी

# सक्षम अंत्योदय कार्ड धारकों पर नजर

## मुख्य सचिव ने की जीरो पॉवर्टी अभियान की समीक्षा, सीडीओ व बीडीओ को दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



लोकभवन में बैठक करते मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह।

**अमृत विचार :** राज्य सरकार की नजर उन अंत्योदय कार्ड धारकों पर भी है, जिनकी आर्थिक स्थिति समय के साथ मजबूत हुई है। दरअसल, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने प्रदेशभर के सीडीओ और बीडीओ को सुझाव दिया है कि समय के साथ परिवार की आर्थिक स्थिति में परिवर्तन हो सकता है, ऐसे में अंत्योदय कार्ड धारकों का सत्यापन कराया जाये और मृतक व अपात्र व्यक्तियों को बहिष्कृत किया जाए। साथ ही जीरो पावर्टी अभियान के तहत चिन्हित पात्र परिवारों को शीर्ष प्राथमिकता पर अंत्योदय कार्ड का लाभ दिया जाए।

मुख्य सचिव ने सोमवार को लोकभवन में जीरो पॉवर्टी अभियान की समीक्षा कर वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग से सभी सीडीओ एवं बीडीओ को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए लाभार्थियों का जीरो पावर्टी पोर्टल पर सत्यापन प्राथमिकता पर करवाने के निर्देश दिए। कहा कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। मुख्य सचिव के मुताबिक, जीरो पावर्टी अभियान के तहत चिन्हित पात्र परिवारों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के कार्यों में प्रगति लायी जाये।

बैठक में प्रमुख सचिव कौशल विकास मिशन डॉ. हरिओम, प्रमुख सचिव श्रम डॉ. एमकेएस सुंदरम, ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस. प्रियदर्शी, सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि मौजूद रहे।

### जूनियर रेजीडेंट के 7 पदों का सृजन

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में बाल चिकित्सा एवं स्नातकोत्तर शैक्षणिक संस्थान, नोएडा की 12वीं शासी निकाय की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासी निकाय द्वारा संकायाध्यक्ष की नियुक्ति को अग्रिम 3 वर्ष बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। इसी क्रम में पैथोलॉजी विभाग में पीजी जूनियर रेजीडेंट के 7 पदों के सृजन के प्रस्ताव तथा पीडियाट्रिक डेंटिस्ट्री डिपार्टमेंट के नाम को बदलकर डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया के अनुसार पीडियाट्रिक एंड प्रीवेंटिव डेंटिस्ट्री रखने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई।

# शेष 26 जिलों में भी शुरू होंगे बचपन डे केयर सेंटर

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सरकार दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए तमाम नयी योजनाओं को जमीन पर उतार रही है। इसी कड़ी में सरकार बचपन-डे-केयर सेंटर्स का विस्तार करने जा रही है। प्रदेश में अभी तक 25 जिलों में बचपन-डे-केयर सेंटर्स संचालित हैं, जिसमें सभी मंडल मुख्यालय व 7 महत्वाकांक्षी जिले शामिल हैं। योगी सरकार इसका विस्तार करते हुए इसे 26 और जिलों में संचालित करने की योजना बना रही है।

प्रदेश के स्टेडियम व स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्सों को दिव्यांगजन हितैषी बनाए जाने के लिए एक नई योजना प्रस्तावित की गई है, जिसके अंतर्गत सभी खेल परिसर अब दिव्यांगजनों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अनुकूलित किए जाएंगे। यह पहल उन्हें न केवल खेलों में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करेगी, बल्कि एक भारत श्रेष्ठ भारत की अवधारणा को भी सशक्त बनाएगी।

इसके अलावा सरकार मानसिक रूप से मंदित बच्चों के पुनर्वास को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। इसके लिए, सभी जिलों में मानसिक मंदित आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना प्रस्तावित है।

# राजस्व मामलों के निस्तारण में लखनऊ अव्वल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- न्यायालयी केस निपटाने में जौनपुर ने मारी बाजी सुल्तानपुर दूसरे व गाजीपुर तीसरे स्थान पर

**अमृत विचार :** राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली (आरसीसीएमएस) द्वारा मई माह की जारी रिपोर्ट में कुल राजस्व मामलों के निस्तारण में लखनऊ अव्वल रहा, जबकि जौनपुर दूसरे और प्रयागराज तीसरे स्थान पर रहा। न्यायालयों में राजस्व के मामले निपटाने में एक बार फिर जौनपुर ने बाजी मारी है। सुल्तानपुर दूसरे और गाजीपुर तीसरे स्थान पर है।

प्रदेश में राजस्व मामलों के त्वरित निस्तारण की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त मॉनीटरिंग का असर नजर आ रहा है। योगी खुद हर माह जिलावार मामलों की समीक्षा करते हैं।

राजस्व परिषद की आरसीसीएमएस की मई माह की रिपोर्ट के अनुसार, मई में पूरे प्रदेश में कुल 3,20,719 राजस्व मामलों को निस्तारण किया गया। इसमें सबसे अधिक राजधानी लखनऊ में 15,137 मामले निस्तारित किये गये, जो पूरे प्रदेश में सबसे अधिक है। इसके बाद जौनपुर कुल 9,945 मामलों को निस्तारित कर पूरे प्रदेश में दूसरे, प्रयागराज 9,525 मामलों को निस्तारित कर तीसरे स्थान पर है। जौनपुर डीएम डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने बताया कि जौनपुर की पांच राजस्व न्यायालयों ने बोर्ड के प्रति माह निस्तारण के मानक 250 के सापेक्ष 563 मामलों का निस्तारण किया है।

इसी के साथ जनपदीय न्यायायल में राजस्व मामलों के निस्तारण में प्रदेश में जौनपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है जबकि 549 मामलों को निस्तारण कर दूसरे स्थान पर सुल्तानपुर और 262 मामले निस्तारित कर तीसरे स्थान पर गाजीपुर है।

### अयोध्या डीएम कोर्ट प्रदेश में सबसे आगे

मई में अयोध्या के जिलाधिकारी न्यायालय ने निर्धारित 30 मामलों के मानक के मुकाबले 69 मामलों का निस्तारण कर 230 प्रतिशत की उपलब्धि हासिल की, जो की प्रदेश भर में सबसे अधिक है और अयोध्या प्रदेश भर में पहले स्थान पर है। वहीं, जौनपुर के जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा 66 मामले निस्तारित किये गये। मऊ के जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा 65 मामले निस्तारित हुए। इसी तरह जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा निस्तारित किये गये मामलों में क्रमशः जौनपुर दूसरे और मऊ तीसरे स्थान पर है।

### भू-राजस्व संबंधित मामलों के निस्तारण में भी जौनपुर आगे

अपर जिलाधिकारी भू राजस्व जौनपुर ने निर्धारित मानक 50 के सापेक्ष कुल 208 वादों का निस्तारण कर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं, अपर जिलाधिकारी भू एवं राजस्व गाजीपुर कुल 61 वादों का निस्तारण कर दूसरे स्थान पर हैं तथा अपर जिलाधिकारी भू एवं राजस्व मीरजापुर कुल 24 वादों का निस्तारण कर तीसरे स्थान पर हैं। इसके साथ ही अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ने 50 के मानक के मुकाबले 146 मामलों का निस्तारण कर 292 प्रतिशत हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया है जबकि 138 मामले निस्तारित कर बाराबंकी दूसरे और 114 मामले निस्तारित कर तीसरे स्थान पर है। इसके अलावा अतिरिक्त उपजिलाधिकारी प्रथम जौनपुर अपने मानक 60 के सापेक्ष कुल 80 राजस्व वादों निस्तारण कर सूची में 37वें स्थान पर है, जबकि अतिरिक्त उपजिलाधिकारी द्वितीय जौनपुर अपने मानक 60 के सापेक्ष कुल 63 राजस्व वादों का निस्तारण कर सूची में 37वें स्थान पर हैं।

### डीआईओएस ने एनिमेटर वेब, डिजाइनर कोर्स के लिए किया प्रेरित

**प्रयागराज, अमृत विचार।** भारत स्काउट और गाइड प्रशिक्षण केंद्र मम्फोर्डगंज प्रयागराज पर जिला मुख्यायुक्त व जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) पीएन सिंह की अध्यक्षता में आज बैठक हुई। जिला मुख्यायुक्त / डीआईओएस पीएन सिंह सभी को संबोधित करते हुए कहा कि युवा बालक-बालिकाएं स्किल व रोजगारपरक छह माह का एनिमेटर व आठ माह का वेब डेवलपर कोर्स करके स्वयं का रोजगार विकसित कर सकते हैं। इंटरमीडिएट उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं कोर्स में प्रतिभाग कर सकते हैं। स्काउट और गाइड के विद्यार्थियों को शुल्क में पचास फ़ीसदी रियायत दी जाएगी। बैठक में जिला सचिव पीपी सिंह, संयुक्त सचिव सुरेंद्र प्रताप सिंह, एएसओसी सुंदरम शुक्ल, सेंटर प्रभारी कमलेश द्विवेदी, आई टी कोर्डिनेटर प्रादेशिक मुख्यालय अदनान हाशमी आदि मौजूद रहे।

**COURT NOTICE**
UPRB02-000114-2025, No. 3
**Family Court**
IN THE COURT OF
RACHANA SINGH,
PUPRB020001142025_3_1
II Addl Prinicipal Judge Family Court,, Rae Bareli., SUMMONS TO APPEAR IN
Matrimonial Case/49/2025
PERSON, (0.5, R. 3.)
MOHIT KUMAR SHARMA VS RANJAN URF RANJANA SHARMA NEXT DATE: 07-07-2025
To,
RANJAN URF RANJANA SHARMA Father -DEENANATH PURE BHAVANI BHATT PS MUSAFIR KHANA DIST AMETHI, UTTAR PRADESH
Whereas MOHIT KUMAR SHARMA has instituted a suit against you for you are hereby summoned to appear in this Court in person on the 07-07-2025 at 11:00 o'clock in the forenoon, to answer the claim; and you are directed to produce on that day all the documents upon which you intend to rely in support of your defence.
Take notice that, in default of your appearance of the day before mentioned, the suit will be heard and determined in your absence.
Given under my hand and the seal of the Court, this 06-05-2025.

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित करना है कि मेरे एलआईसी पालिसी संख्या 228052962 में मेरा नाम जितेंद्र दर्ज हो गया है, जबकि आधार कार्ड में सुकई है, यह दोनों नाम मेरे ही हैं । **सुकई पुत्र स्व. नानबाबू, केवलपुर, छब्बीसवा, देवतहा, गोंडा।**

**सूचना**
मैं **सुनील कुमार पुत्र श्री रामनाथ गुप्ता निवासी सचिन आटो पार्टस मेन रोड सरायमीर आजमगढ़** घोषणा करता हूँ कि मेरे नाम एक फ्लैट संख्या 8/B1/907 का आवंटन गोमती इन्कलेव अवध विहार योजना लखनऊ मे हुआ था आवंटित दस्तावेज में मेरा नाम सुनील गुप्ता पुत्र रामनाथ हो गया है जबकि सुनील कुमार और सुनील गुप्ता दोनों एक ही व्यक्ति है। यदि मेरा नाम कहीं सुनील गुप्ता पुत्र रामनाथ हो तो उसे सुनील कुमार पुत्र रामनाथ गुप्ता पढ़ा जाये

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा नाम सुरेन्द्र कुमार शुक्ल पुत्र राम भिलाए शुक्ल जन्मतिथि 01–01–1968 पैन कार्ड में दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम सुरेन्द्र (SURENDRA) पुत्र राम मिलाए (RAM MILAYE ) जन्मतिथि 01–01–1966, **पता– ग्राम बहदुरिया गरेठी गुरुदत्त सिंह जनपद बहराइच** है। ऐसे में मुझे सुरेन्द्र (SURENDRA) पुत्र राम मिलाए (RAM MILAYE ) जन्मतिथि 01–01–1966 के नाम से जाना और पहचाना जाए।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं **सूरज कुमार उम्र 50 वर्ष पुत्र राम लाल निवासी–20 अम्बेडकर नगर, मानस नगर, थाना–कृष्णा नगर, लखनऊ** का रहने वाला है। शपथी अपनी पत्नी राजकुमारी पुत्र संदीप और पुत्री ममता की गलत हरकतों और बदनीयती के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया हूं। शपथी की पत्नी,पुत्र व पुत्री किसी प्रकार के गलत गतिविधियों में पाए जाते है तो उसका शपथी से कोई सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मैंने अपने बड़े पुत्र रविन्द्र को उसके गलत चाल–चलन व दुर्व्यवहार के कारण उसको अपनी समस्त चल–अचल सम्मपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी अनैतिक कृत्यो अथवा लेने–देन से मेरा व मेरी पत्नी पूजा अथवा परिवार के सभी सदस्यों से कोई लेना–देना व कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **नरेन्द्र पुत्र स्व0 रामनाथ नि0– शाहपुर, चिनहट, लखनऊ, उ0प्र0**

**सूचना**
सूचित हो कि मै **श्यामपाल सिंह पुत्र बीरपाल सिंह नि0– थियरमहोलिया तहसील व जिला हरदोई** मेरे पुत्र रूद्र प्रताप सिंह का हाईस्कूल मुख्य परीक्षा सन् 2022 अनुक्रमांक 1220981910 अंक पत्र/सहप्रमाण पत्र वास्तव मे खो गया है तथा मेरे पुत्र ने विद्या सिंह हाईस्कूल मंगली पुरवा हरदोई से संस्थागत परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा उत्तीर्ण की है।

# शिक्षक भर्ती शुरू होने तक जारी रहेगा आंदोलन

**प्रयागराज।** भीषण गर्मी में बड़ी संख्या में डीएलएड प्रशिक्षित बेरोजगार परिषदीय प्राथमिक स्कूलों में शिक्षक भर्ती की मांग को लेकर सोमवार को छठवें दिन उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, एलनगंज, प्रयागराज के बाहर बेमियादी धरने पर बैठे रहे। सरकार और शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अफसरों की उपेक्षा से नाराज बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने आज महा धरने का ऐलान किया है। अभ्यर्थियों का कहना है कि सात वर्षों से बेसिक शिक्षा में भर्ती नहीं आई है और हर साल डीएलएड प्रशिक्षण करवाया जाता है। अभ्यर्थियों का कहना है कि अगर प्रदेश सरकार नई शिक्षक भर्ती का विज्ञापन शीघ्र जारी नहीं करती है, तो यह आंदोलन और भी उग्र रूप लेगा।

# बांग्लादेशियों की तलाश में पुलिस ने मारे छापे

**प्रयागराज, अमृत विचार।** करेली थाना क्षेत्र में पुलिस ने बांग्लादेशियों की तलाश में कई स्थानों पर झुग्गी झोपड़ियों में छापे मारे लेकिन इसके पूर्व सभी झुग्गी झोपड़ियां खाली हो गयी थी, वहां पर उनके समान बिखरे पड़े हुए थे लेकिन कोई दस्तावेज नहीं मिला। झोपड़ी से भागने वालों की संख्या 700 से अधिक बताई जा रही है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**खुली ई–निविदा सूचना**
**NER-LJN-2025-54**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत् हैः– **ई–निविदा सं.: NER-LJN-2025-54; कार्य का नाम:** पूर्वोत्तर रेलवे–लखनऊ मंडलः– गोण्डा जंक्शनः– लोको शेड गोण्डा में स्टोर डिपो के बुनियादी ढांचों में सुधार।; **अनुमानित लागत (₹):** ₹2,16,48,239.10; **अग्रिम धन (₹):** ₹2,58,300/-; **समापन अवधिः** 12 माह। **1.** उपरोक्त ई–निविदा संख्या **NER-LJN-2025-54** तक के लिए ई–निविदा दिनांक 24.06.2025 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेंगी। **2.** उपरोक्त ई–निविदा से संबंधित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से संबंधित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।
**मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग**
**मुजाधि/डब्ल्यू–94** **लखनऊ**
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**कार्यालय जिलाधिकारी बाराबंकी।**
संख्या– 1700 /आर0ए0–स0जि0शा0अधि0,सिविल/2025/विज्ञप्ति, दिनॉक 22 मई, 2025
विज्ञप्ति
विशेष सचिव,न्याय अनुभाग–3,(नियुक्तियॉ) उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्र संख्या–डी 332/सात–न्याय–3–22–36 जी/21 लखनऊ दिनांक 18 अप्रैल, 2022 व पत्र संख्या–डी–409 (1)/सात–न्याय–3–22–36 जी/21 दिनांक 26–4–2022 द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में प्रमुख सचिव,न्याय एवं विधायी एवं विधि परामर्शी, उ0प्र0 शासन अनुभाग–3(नियुक्तियाँ) लखनऊ को प्रेषित इस कार्यालय के पत्र संख्या 1667/आर0ए0–आदेश/2025–26 दिनांक 28 अप्रैल, 2025 के द्वारा श्री रामलखन शुक्ल, सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सिविल, बाराबंकी, दिनांक 15–07–2025 को 60 वर्ष की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो जायेंगे।
फलस्वरूप उक्त सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सिविल बाराबंकी का दिनांक 15–07–2025 के अपरान्ह से 01 पद रिक्त हो जाने पर, इच्छुक अधिवक्ताओं के आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। रिक्त पदों की संख्या व वॉछित योग्यता का विवरण निम्नवत है–

| क्र0सं0 | जनपद | पद नाम | रिक्त पदों की संख्या | वॉछित अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बाराबंकी | सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (सिविल) | 01 (एक) | ऐसे अधिवक्ता जिन्होंने न्यूनतम 07 वर्ष की प्रैक्टिस पूर्ण कर ली हो। |

आवेदक, अधिवक्ता अपना आवेदन पत्र संलग्न प्रारूप पर समस्त प्रमाणित विवरण पत्र शैक्षिक प्रमाण पत्र के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में राजस्व सहायक पटल पर (संयुक्त कार्यालय) कलेक्ट्रेट बाराबंकी में उपलब्ध बाक्स में विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से दिनांक 17–06–2025 तक सायं 5:00 बजे तक अवश्य जमा कर दें। इस तिथि के पश्चात् कोई आवेदन पत्र जमा नहीं किया जायेगा।
नोटः– विज्ञप्ति से सम्बन्धित विवरण,आवेदन पत्र एवं अन्य जानकारी विभाग से तथा barabanki.up.nic.in से प्राप्त कर सकते है।
UP – 234533 **दिनांक:** 02/06/2025
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**
(शशांक त्रिपाठी)
जिलाधिकारी,
बाराबंकी।

**कार्यालय जिला पंचायत राज अधिकारी, रायबरेली।**
पत्रांक 816/पं0/स्था0–द्वितीय/विज्ञप्ति/पंचायत सहायक / 2025–26 दिनांक–02–06–25
**पंचायत सहायक / एकाउन्टेंट–कम–डाटा इण्ट्री आपरेटर के रिक्त पद पर चयन हेतु समय–सारिणी**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | निर्धारित समय |
|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत सहायक / अकाउन्टेंट–कम–डाटा इन्ट्री आपरेटर के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना, ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट एवं मुनादी द्वारा कराया जाना। | 12 जून 2025 से 14 जून 2025 तक |
| 2 | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय/विकास खण्ड कार्यालय / ग्राम पंचायत कार्यालय में आवदेन पत्र जमा करने की अवधि। | 15 जून 2025 से 30 जून 2025 तक |
| 3 | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय व विकास खण्ड कार्यालय में प्राप्त आवेदन पत्रों को सम्बन्धित ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराया जाना। | 01 जुलाई 2025 से 05 जुलाई 2025 |
| 4 | ग्राम पंचायत में प्राप्त आवेदन पत्रों की श्रेष्ठता सूची (मेरिट लिस्ट) तैयार करना एवं ग्राम पंचायत की प्रशासनिक समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाना एवं समिति द्वारा अनुमोदित श्रेष्ठता सूची को जिला स्तरीय समिति के विचारार्थ समिति के सदस्य सचिव (जिला पंचायत राज अधिकारी) को उपलब्ध कराया जाना। | 06 जुलाई 2025 से 12 जुलाई 2025 |
| 5 | जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा परीक्षण एवं संस्तुति। | 13 जुलाई 2025 से 19 जुलाई 2025 |
| 6 | ग्राम पंचायत द्वारा नियुक्ति पत्र निर्गत किया जाना। | 20 जुलाई 2025 से 22 जुलाई 2025 |

(सौम्य शील सिंह)
जिला पंचायत राज अधिकारी
रायबरेली।

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
5 जून अयोध्या में दिव्य श्री रामदरबार विग्रह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/1, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

# श्री साईं इंटर कॉलेज के 6 छात्र जेईई एडवांस में सफल

**दिखायी मेधा**

- तीन मेधावियों ने ऑल इंडिया पांच हजार के अंदर हासिल की रैंक

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


हमजा अंसारी।


अवि सिंह।


शैली।


अमृतांश सिंह।


स्वर्णिमा वर्मा।


प्रकल्प खरे।

**अमृत विचार :** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) द्वारा कराई गई जेईई एडवांस 2025 परीक्षा के परिणाम में जिले के होनहारों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। जिन विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित की उनमें से सभी छह छात्र बड़ेल कैनाल रोड स्थित श्री साई इंटर कॉलेज के हैं। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद मेधावियों, उनके परिवारीजनों व स्कूल स्टाफ में खुशी की लहर दौड़ गई। परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले छह में से तीन मेधावियों ने ऑल इंडिया पांच हजार के अंदर रैंक प्राप्त की है।

नवाबगंज तहसील क्षेत्र के कृष्णा नगर मोहल्ले के निवासी अब्दुल माजिद अंसारी के बेटे हमजा अंसारी ने सफलता अर्जित करते हुए ऑल इंडिया 1323वीं रैंक अर्जित की है। श्री साई इंटर कॉलेज बड़ेल के प्रबंधक व शहर की श्रीराम कॉलोनी निवासी सुरेंद्र वर्मा की होनहार पुत्री अवि सिंह ने 2709वीं रैंक हासिल की है। अवि सिंह ने बताया कि शांत मन व एकाग्रता से पढ़ाई करने से कोई भी लक्ष्य आसानी से हासिल किया जा सकता है। उनकी सफलता का भी यही राज है। वहीं, श्रीराम कॉलोनी के ही निवासी प्रदीप कुमार की पुत्री शैली ने 4599वीं रैंक हासिल कर सफलता का परचम लहराया है। शैली यूपी बोर्ड इंटर की परीक्षा में भी 90.80 फीसदी अंक पाकर टॉपर्स में शुमार थीं। बसावनपुर, सफीपुर गांव के निवासी जितेंद्र बहादुर सिंह के पुत्र अमृतांश सिंह ने 6,716वीं तो शहर के विजय नगर निवासी पंकज कुमार की पुत्री स्वर्णिमा वर्मा ने 8,577वीं रैंक प्राप्त कर अपनी मेधा का लोहा मनवाया है। वह भी यूपी बोर्ड इंटर की परीक्षा में 92.80 प्रतिशत अंक पाकर जिला टॉपर्स की सूची में शामिल थीं। इनके अलावा सत्यप्रेमी नगर के निवासी प्रशांत खरे के बेटे प्रकल्प खरे ने जेईई एडवांस में 17,140वीं रैंक हासिल की। प्रकल्प खरे ने कहा कि पढ़ाई को बोझ बिलकुल भी न समझें, सेल्फ स्टडी से खुद को मजबूत करें। इस परीक्षा का आयोजन 18 मई को दो पालियों में किया गया था। इस बार आईआईटी कानपुर की ओर से परीक्षा का रिजल्ट ऑनलाइन माध्यम से जारी किया गया। सुबह वेबसाइट का सर्वर डाउन होने के कारण इंतजार भी लंबा चला और दोपहर बाद रिजल्ट की जानकारी हो सकी। उधर, परीक्षा परिणाम आने के बाद श्री साई इंटर कॉलेज बड़ेल में मिठाइयां बंटी। श्री साई कॉलेज के प्रबंधक सुरेंद्र वर्मा ने अभिभावकों को फोन कर इसकी शुभकामनाएं दीं। जबकि बिटिया अवि सिंह को जेईई एडवांस परीक्षा में 2709वीं रैंक मिलने पर श्री साई इंटर कॉलेज बड़ेल के पूरे स्टाफ ने प्रबंधक सुरेंद्र वर्मा को बधाई दी। इस दौरान ढोल नगाड़े के साथ सभी होनहारों की सफलता का जश्न भी मनाया गया।

## 185 ग्राम स्मैक बरामद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना सतरिख पुलिस टीम ने जावेद मोहम्मद निवासी ग्राम किन्टूर व राहुल गुप्ता उर्फ शिवम गुप्ता निवासी कस्बा व थाना बदोसराय को मजीठा मोड़ ग्राम छेदानगर पास से गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने आरोपियों के पास से कुल 185 ग्राम स्मैक बरामद की। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया।

## सार-संक्षेप

### कैंपस प्लेसमेंट में 15 छात्रों को मिली नौकरी


कैंपस प्लेसमेंट में भाग लेते छात्र। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जहांगीराबाद एजुकेशनल ट्रस्ट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। यह आयोजन 30 और 31 मई को हुआ। इसमें लुमक्स इंडस्ट्री हरियाणा और वोल्टास बीको गुजरात ने हिस्सा लिया। संस्थान के मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल विभाग से बी.टेक और डिप्लोमा इंजीनियरिंग के 15 छात्रों का चयन हुआ। सभी चयनित छात्रों को 2 से 3 लाख रुपये वार्षिक का पैकेज दिया गया। चयनित छात्रों ने ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अफसर और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। संस्थान के रजिस्ट्रार डॉ. मसर्रत अली खान ने कंपनियों के प्रतिनिधियों का धन्यवाद किया। वोल्टास कंपनी से एचआर पाटिल डिमना और कौशिक वाघेला तथा लुमक्स कंपनी से एचआर शक्ति और कुसुम मौजूद रहे। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अफसर नियाज अहमद अंसारी ने प्रशासनिक अधिकारी अब्दुल नावेद, प्रिंसिपल इंजीनियरिंग डॉ. फैजान आरिफ और अन्य शिक्षकों का सहयोग के लिए आभार जताया।

### माटीकला बोर्ड कुम्हारों को देगा मुफ्त टूल किट

**बाराबंकी, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने माटीकला उद्योग से जुड़े परंपरागत कारीगरों के विकास के लिए माटीकला बोर्ड का गठन किया है। इसके तहत कुम्हारों को नि:शुल्क माटीकला टूल किट प्रदान की जाएगी। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि कुल 35 टूल किट का वितरण किया जाएगा। इस योजना का लाभ उन कारीगरों को मिलेगा जिनकी आय का एकमात्र स्रोत माटीकला है। आवेदक की उम्र 18 से 55 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इच्छुक कारीगर माटीकला के पोर्टल पर 9 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला ग्रामोद्योग कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

### किसानों को दी फसल विविधीकरण की जानकारी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 के तहत सोमवार को 9 गांवों में किसान गोष्ठियों का आयोजन किया गया। यह अभियान 29 मई से 12 जून तक चलेगा। विकास खंड हैदरगढ़ में थानपुर, चैबीसी और रनापुर गांव शामिल रहे। बंकी विकास खंड में कुम्हरौरा, पलिया मसूदपुर और लखैचा में कार्यक्रम हुए। सिद्धौर विकास खंड में टेडवा, दीनपनाह और बम्हौरा लोदी में गोष्ठियां आयोजित की गईं। जिलाधिकारी द्वारा नामित तीन टीमों के कृषि वैज्ञानिकों और अधिकारियों ने किसानों को प्रशिक्षण दिया। हैदरगढ़ के खानपुर गांव में उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार ने कृषि निवेश और विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिक डॉ. अश्विनी कुमार सिंह ने फसल चक्र के जरिए उत्पादन की गुणवत्ता और आय बढ़ाने के तरीके बताए। किसानों को मृदा परीक्षण, संतुलित उर्वरक, बीज शोधन और भूमि शोधन की जानकारी दी गई।

### टीम के निरीक्षण की तैयारियों का लिया जायजा



निरीक्षण करते जिला सलाहकार उद्धव राय। अमृत विचार

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** आगामी 4 व 5 जून को आ रही नीति आयोग की टीम के निरीक्षण से पूर्व ग्राम पंचायतों में हो रही तैयरियों को लेकर सोमवार को स्वच्छ भारत मिशन के जिला सलाहकार उद्धव राय ने निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत प्रतापगंज, दादरा एव सफदरगंज मे तैयारियों का जायजा लिया। जिला सलाहकार उद्धव राय ने ग्राम पंचायत निधि, जन सेवा केन्द्र पर पंचायत सहायक द्वारा वीएलई की रूप में दी जा रही सेवाओं एवं इससे प्राप्त शुल्क तथा मनरेगा योजना द्वारा कराये गये कार्यों के स्थलीय निरीक्षण के साथ साथ अभिलेखों का जायजा लिया। जिससे नीति आयोग की टीम के निरीक्षण के दौरान कोई कमी न रह जाये। जिसके लिए पंचायत भवन सफदरगंज में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) जानकी राम एव पंचायत सचिव अजय कुमार, उत्तम कुमार वर्मा तथा जैसराम के साथ बैठक कर बिंदुवार तैयारियों की जानकारी ली।

### सीज किये गये 7 वाहन, एक का चालान


कार्रवाई करतीं एआरटीओ। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीमों ने लखनऊ-बाराबंकी हाइवे पर निजी वाहनों का व्यावसायिक इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। परिवहन आयुक्त के निर्देश पर 1 से 15 जून तक विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सोमवार को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) अंकिता शुक्ला और यात्री/मालकर अधिकारी रवि चंद्र त्यागी की टीम ने कार्रवाई की। टीम ने निजी वाहनों का व्यावसायिक इस्तेमाल करने वाले 7 वाहनों को सीज किया। साथ ही नियमों के उल्लंघन पर एक वाहन का चालान भी किया गया।

### केजीबीवी में पदों के लिए काउंसिलिंग शुरू

**बाराबंकी, अमृत विचार :** विकास भवन स्थित बेसिक शिक्षा कार्यालय में सोमवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के शिक्षण एवं शिक्षणेतर पदों के लिए दो दिन की काउंसिलिंग शुरू हुई। पहले दिन शिक्षण स्टाफ पदों के लिए काउंसिलिंग पूरी हु।, कल शिक्षणेत्तर पदों की बारी आएगी। बताते चलें कि बाराबंकी में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में शिक्षक के 56 पदों व शिक्षणेत्तर के करीब 250 पदों के लिए करीब 12 सौ आवेदन किए गए हैं। पहले दिन शिक्षक पदों के लिए काउंसिलिंग में 310 आवेदकों का चयन हुआ था इनमें 235 आवेदक काउंसिलिंग के लिए पहुंचे। इस कार्य के लिए खंड शिक्षा अधिकारियों की उपस्थिति में शैक्षणिक प्रमाण पत्रों का सत्यापन किया गया। सोमवार को शिक्षण स्टाफ के लिए प्रक्रिया पूरी कर ली गई। मंगलवार को शिक्षणेतर पदों के लिए संभावित 385 आवेदकों की काउंसिलिंग की जाएगी।

### मारपीट की घटनाओं में चार लोग हुए घायल

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिले में एक ही दिन में तीन अलग-अलग स्थानों पर जानलेवा हमले और गंभीर मारपीट की घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है। बदोसरांय थाना क्षेत्र के कटोरवा गांव निवासी आलोक कुमार यादव ने तहरीर में बताया कि उनके पिता माता प्रसाद 31 मई की शाम खेत से घर लौट रहे थे। तभी गांव के ही तीन लोग जगदेव, गुरुदेव और मनोज ने घात लगाकर लाठी, डंडा और कुदाल से पिता पर हमला कर दिया। गुरुदेव द्वारा कुदाल से वार करने पर पीड़ित के पिता का सिर फट गया और वे गंभीर रूप से घायल हो गए। हमलावर मौके से गाली-गलौज करते हुए फरार हो गए। आरोपियों के खिलाफ पहले से कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आजाद नगर की रामावती ने तहरीर में बताया कि 31 मई की शाम 5 बजे विपक्षी अनुज वर्मा और उदय प्रताप वर्मा उनके घर पर जबरन बिजली मीटर लगवाने लगे। मना करने पर उन्होंने गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। जान बचाने के लिए जब रामावती घर में भागीं, तो आरोपी अंदर घुस आए और रामावती तथा उनके दामाद अरविंद कुमार के साथ बेरहमी से मारपीट की। मोहल्ले वालों के एकत्र होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। कुर्सी थाना क्षेत्र के ग्राम अमरसण्डा निवासी मोहम्मद रिजवान ने आरोप लगाया कि वह 31 मई की रात अनवारी गांव में क्रिकेट मैच देखने गया था, जहां पहले से घात लगाए बैठे अदू उर्फ अदीब, अफ्फान, यासिर, अदनान और फैजान ने उसे लाठी-डंडों और रॉड से बुरी तरह पीटा। जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़ित के अनुसार, आरोपी दबंग प्रवृत्ति के हैं और उनके खिलाफ पहले से कई मामले न्यायालय में लंबित हैं।

# ट्रक से टकरायी कार, दंपति समेत 4 की मौत

## कानपुर में गोदभराई कार्यक्रम में शामिल होकर गोंडा लौट रहा था प्रापर्टी डीलर का परिवार

**रफ्तार की मार**

- मुख्यमंत्री ने जताया शोक घायलों की मदद के दिये निर्देश

संवाददाता, रामनगर, बाराबंकी




रमाशंकर, चालक अयान कुरैशी, राजवीर व पत्नी शांति की फाइल फोटो।


हादसे में कार के उड़े परखचे।


क्रेन से हटाया जाता ट्रक।

**अमृत विचार :** लखनऊ-बहराइच राजमार्ग पर सोमवार सुबह ट्रक व कार के बीच भीषण टक्कर में प्रापर्टी डीलर व उसके साले समेत चार लोगों की मौत हो गई। जबकि तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। प्रापर्टी डीलर परिवार के साथ कानपुर में साले की गोदभराई की रस्म के बाद वापस गोण्डा लौट रहा था। हादसे के बाद पहुंची पुलिस ने लगा लंबा जाम हटवाया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर मुख्यमंत्री ने इस घटना पर दुःख जताते हुए अफसरों को यथासंभव मदद के निर्देश दिए हैं।

गोंडा जिला के नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खिराभा निवासी प्रापर्टी डीलर रमाशंकर मौर्या (40) पुत्र दुखहरण मौर्य अपने साले राजवीर उर्फ सुधीर (35) पुत्र शंकर कुशवाहा, सरहज शान्ति (32) तथा अपनी पत्नी पूजा व दो बच्चों के साथ रविवार को कानपुर में अपने साले की गोद भराई कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। कार्यक्रम निपटने के बाद पूरा परिवार सोमवार की रात अर्टिगा कार से वापस गोंडा के लिए चल दिया। सुबह करीब 6 बजे कार लखनऊ-गोंडा हाईवे पर बाराबंकी के रामनगर थाना क्षेत्र में गणेशपुर स्थित गुप्ता ढाबे के निकट पहुंची ही थी कि बहराइच से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक व कार में आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि कार के परखचे उड़ गए तथा कार सवार रमाशंकर मौर्य, उनके साले राजवीर उर्फ सुधीर, सरहज शान्ति देवी व चालक अयान कुरैशी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि रमाशंकर मौर्य की पत्नी पूजा, पुत्र अक्षत (9) व पुत्री अनवी (6) गंभीर रूप से घायल हो गई। सीओ गरिमा पंत, थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडेय व कोतवाल बदोसरांय संतोष कुमार सिंह फोर्स के साथ मोके पर पहुंचे ओर घायलों को सीएचसी रामनगर भिजवाया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। वहीं इस घटना के चलते हाईवे पर जाम लग गया, पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात बहाल कराया। घटना की सूचना मिलते ही रामनगर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। पलक झपकते ही गोद भराई की खुशियां मातम में बदल गईं। उधर इस हादसे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुःख जताया है। उन्होने अफसरों को निर्देश दिए कि बचाव कार्य से लेकर घायलों के इलाज में कोई कसर न रखी जाए। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास त्रिपाठी ने बताया कि हादसा सुबह करीब सवा छह बजे हुआ। ट्रक कब्जे में ले लिया गया है।

# सुरक्षा के इंतजाम कौन कहे, संकेतक तक नदारद

विवेक शुक्ला, रामनगर, बाराबंकी

**लापरवाही**

- लखनऊ-बहराइच हाईवे पर सफर जोखिम भरा
- सड़क का निर्माण कराकर किनारे हुआ विभाग

**अमृत विचार :** लखनऊ बहराईच राष्ट्रीय राजमार्ग पर सफर अब जोखिम भरा होता जा रहा है। सोमवार को हुआ हादसा फिर एक सबक छोड़ गया। रामनगर से होकर गुजरने वाले इस व्यस्त मार्ग पर चौड़ीकरण का कार्य हुआ, न ही डिवाइडर जैसी बुनियादी सुविधाएं ही उपलब्ध हैं। इसके चलते आए दिन हादसे हो रहे। विभाग सड़क बनाकर किनारे हो गया और इस पर चलने वाले यात्री भगवान भरोसे।

बताते चलें कि यातायात का दबाव बीते वर्षों की तुलना में कई गुना बढ़ चुका है, मगर हाईवे पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। मार्ग किनारे संचालित ढाबे दुर्घटनाओं के बड़े कारण बनते जा रहे हैं। बिना किसी संकेतक के ढाबों की मौजूदगी वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाने को मजबूर करती है, जिससे टक्कर और दुर्घटनाएं आम हो गई हैं। यही नहीं 24 घंटे सक्रिय इस मार्ग पर पुलिस की मौजूदगी भी न के बराबर है, इसी वजह से वाहन तय रफ्तार को धता बताकर तूफानी गति से निकलते हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि हादसे रोकने के लिए ढाबों पर संकेतक लगाए जाने के साथ ही हाईवे का शीघ्र चौड़ीकरण और डिवाइडर निर्माण कराया जाना चाहिए मगर जिम्मेदार अधिकारी सबकुछ जानते हुए भी चुप्पी साधे हुए हैं। एनएचएआई द्वारा टोल टैक्स वसूला जा रहा है, लेकिन उसके बदले हाईवे जैसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। नतीजतन दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही और आमजन को इसकी भारी कीमत जान गंवाकर चुकानी पड़ रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग यात्रियों के लिए मौत का रास्ता बनता जा रहा।

# पुलिस के हस्तक्षेप से निपटे विवाह के रस्मो-रिवाज

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** ऐन शादी के दिन वधू पक्ष डेढ़ लाख रुपये देने को तैयार था पर वर पक्ष ने अचानक ढाई लाख की मांग रख दी। कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में हाथापाई की नौबत आ गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शादी की रस्में पूरी करवाईं।

जानकारी के अनुसार, मोहम्मदपुर खाला थाना के बसौलीपुरवा गांव के राजेश चौहान ने अपनी बहन का विवाह सीतापुर जिला थाना रामपुर मथुरा क्षेत्र के गोड़ा देवरिया गांव के रामसिंह चौहान के बेटे से तय किया था। एक जून की देर शाम को बारात बसौलीपुरवा पहुंची।

द्वारपूजा के बाद शादी की रस्में शुरू हुईं। इस बीच में तय दहेज को लेकर वर और कन्या पक्ष में विवाद होने लगा। वर पक्ष वाले जहां ढाई लाख रुपये की मांग कर रहे थे। कन्या पक्ष वाले डेढ़ लाख रुपये देने को तैयार थे। इसी मामले में विवाद बढ़ गया और कहासुनी के बाद दोनों के बीच में हाथपाई की नौबत आ गई। तभी किसी ने इस घटना की सूचना मोहम्मदपुर खाला पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे सूरतगंज चौकी प्रभारी उमेश वर्मा ने दोनों पक्ष को समझा-बुझा करके मामला रफा-दफा कराया। उसके बाद शादी की रस्में पूरी हुई। सोमवार की सुबह विदाई कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# बेअंत सिंह से प्रेरणा लें युवा अधिवक्ता

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


सरदार बेअंत सिंह को श्रद्धांजलि देते न्यायमूर्ति राजीव सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय सरदार बेअंत सिंह की 16वीं पुण्यतिथि पर स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ के न्यायमूर्ति राजीव सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

न्यायमूर्ति सिंह ने कहा कि सरदार बेअंत सिंह का जीवन मौजूदा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने विशेष रूप से युवा अधिवक्ताओं से बेअंत सिंह के आदर्शों को अपनाने का आग्रह किया। न्यायमूर्ति ने याद दिलाया कि बेअंत सिंह ने अपने कार्यकाल में एक भी दिन हड़ताल नहीं होने दी। जनपद न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव ने नए अधिवक्ताओं को महत्वपूर्ण सलाह दी। उन्होंने कहा कि बोलने के साथ-साथ मौन रहना भी सीखना चाहिए। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधा सिंह ने बेअंत सिंह को बहुआयामी प्रतिभा का धनी बताया। बेअंत सिंह लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रसंघ के महामंत्री और अध्यक्ष रहे। वे लगभग 5 वर्षों तक जिला बार एसोसिएशन बाराबंकी के अध्यक्ष रहे। कार्यक्रम में उनके पुत्र सरदार आलोक सिंह और राजा सिंह ने न्यायमूर्ति राजीव सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट किया। वरिष्ठ अधिवक्ता हुमायूं नईम खान ने कार्यक्रम का संचालन किया। जिला बार के वर्तमान अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# रेल ट्रैक के किनारे मिला बिहार के युवक का शव

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** रेलवे लाइन किनारे एक युवक का शव पड़ा मिला। पुलिस ने जेब से बरामद आधार कार्ड के आधार पर उसकी पहचान बिहार निवासी के रूप में की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम असोहना में सोमवार सुबह ग्रामीणों ने गांव से गुजरी रेलवे लाइन के किनारे युवक का शव देखा। पुलिस ने शव की तलाशी ली। इस दौरान युवक की जेब से आधार कार्ड मिला। जिससे शव की पहचान सोनू कुमार (22) पुत्र शम्भू महतो निवासी अहवर शेख टोला जगीराहा अमवा बाजार जगदीशपुर पश्चिमी चम्पारण बिहार के रूप मे हुई। कोतवाल डीके सिंह ने बताया कि परिजनों से संपर्क का प्रयास किया जा रहा है।

# 2.05 करोड़ की स्मैक के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


पुलिस की गिरफ्त में तस्कर।

**अमृत विचार :** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स थाना बाराबंकी की टीम ने तीन सक्रिय तस्करों को गिरफ्तार कर 1 किलो 26 ग्राम स्मैक बरामद की। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 2 करोड़ 5 लाख रुपये है।

एसपी (ऑपरेशन) एवं एएसपी (ऑपरेशन) एएनटीएफ मुख्यालय के पर्यवेक्षण में डीएसपी, ऑपरेशनल यूनिट लखनऊ के नेतृत्व में यह सफलता मिली। टीम ने अयोध्या-लखनऊ हाईवे अंडरपास के निकट हैदरगढ़ जाने वाले मार्ग पर गिरफ्तारी की। हाथ लगे तस्करों में बदरुद्दीन उर्फ शादाब व मो. जैद निवासी ग्राम चन्दौली, बबलू निवासी ग्राम मरकामऊ थाना बदोसराय हैं। टीम की पूछताछ में बदरुद्दीन उर्फ शादाब ने कबूला कि वह यह स्मैक बबलू को बेचने लाया था। उसने बताया कि वह इस मादक पदार्थ का परिवहन मोटरसाइकिल से करता है।

**अपील** डीएम-एसपी ने की पीस कमेटी की बैठक, खुले में कुर्बानी पर रोक

# शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं त्योहार : डीएम

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



बैठक में दिशा निर्देश देते डीएम, एसपी व एडीएम। अमृत विचार


बैठक में दिशा निर्देश देते प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार :** आगामी ईद-उल-अजहा (बकरीद) और शनिवार को होने वाले भंडारों की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट में बैठक आयोजित की गई। डीएम शशांक त्रिपाठी और एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने शांति समिति की बैठक में विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों से संवाद किया। डीएम ने अपील की कि शांति और सौहार्द से त्योहार मनाएं।

एडीएम अरुण कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि कोई भी नई परंपरा प्रारंभ नहीं होने दी जाएगी। प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी पर भी रोक रहेगी। सड़कों पर नमाज अदा करने पर प्रतिबंध रहेगा। एएसपी उत्तरी विकास चंद्र त्रिपाठी ने कुर्बानी के फोटो और वीडियो बनाने तथा सोशल मीडिया पर शेयर करने से मना किया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अवधेश कुमार यादव ने स्वास्थ्य संबंधी दिशा-निर्देश दिए।पुलिस अधीक्षक ने अफवाहों से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि किसी भी सूचना को शेयर करने से पहले पुलिस प्रशासन से सत्यापन करा लें। जिलाधिकारी ने प्रशासन की ओर से सभी बुनियादी सुविधाओं जैसे बिजली, पानी और सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। उन्होंने आवारा पशुओं की रोकथाम का भी आदेश दिया। सभी धर्मगुरुओं और समाज के प्रतिनिधियों से त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गई। बैठक में प्रशिक्षु आईएएस तेजस के., सभी एसडीएम व अधिकारी मौजूद रहे।

## न शुरू करें कोई नई परंपरा

बनीकोडर प्रतिनिधि के अनुसार असंद्रा थाना के चौकी दिलावलपुर परिसर में सोमवार को बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। चौकी प्रभारी प्रमेंद्र प्रताप सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की। चौकी प्रभारी ने बकरीद को आपसी सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि कोई भी नई परंपरा प्रारंभ नहीं होने दी जाएगी। बैठक में नागरिक, समाजसेवी, ग्राम प्रधान के अलावा तेज बहादुर वर्मा, कांस्टेबल प्रमोद यादव, शेखर, धनंजय सिंह, गुड्डू ठाकुर, नायाब अहमद, वासिफ और कलीमुद्दीन आदि उपस्थित रहे। मसौली प्रतिनिधि के अनुसार प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह की अध्यक्षता मे सोमवार को कस्बा शाहबपुर मे बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

# युवक लापता, ढाबे के पास मिला ऑटो

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में आटो रिक्शा लेकर निकला युवक चार दिनों से लापता है। तलाश के बाद आटो तो मिल गया लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं लगा। सशंकित परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई है।

कस्बा सुमेरगंज निवासी वली मोहम्मद का पुत्र अरमान 28 मई की सुबह करीब 7:30 बजे अपने ऑटो रिक्शा को लेकर घर से निकला था, लेकिन देर रात तक घर वापस नहीं लौटा। परिजन पूरी रात उसे नाते-रिश्तेदारी व आसपास के इलाकों में खोजते रहे, परंतु उसका कहीं पता नहीं चला। अगले दिन 29 मई को उसका रिक्शा कोटवा सड़क स्थित काका ढाबा के पास खड़ा मिला, अगला पहिया पंक्चर था। अरमान का कोई सुराग अब तक नहीं मिल सका है। परिजनों ने युवक की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# जल जीवन मिशन योजना तीन वर्ष बाद भी अधूरी

## ग्रामीण शुद्ध पेयजल से हैं वंचित, खानपुर मोहिउद्दीनपुर और लच्छननगर गांव का है मामला

**5.57** करोड़ की योजना नहीं हुई पूरी

**संवाददाता लहरपुर, सीतापुर**

**अमृत विचार :** जल जीवन मिशन के अंतर्गत क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के उद्देश्य से चलाई जा रही योजना की धीमी रफ्तार के कारण ग्रामवासियों को अब भी शुद्ध पेयजल के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। तीन वर्ष बीतने के बाद भी खानपुर मोहिउद्दीनपुर और लच्छननगर में भूमिगत पाइपलाइन बिछाने का कार्य अधूरा है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी है।

5 करोड़ 57 लाख 72 हजार रुपये की लागत से ग्राम सभा खानपुर मोहिउद्दीनपुर के मजरा बरगदहा में 2 लाख 75 हजार लीटर क्षमता का ओवरहेड टैंक बनाया गया है, जिसका निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। लेकिन योजना का मुख्य उद्देश्य शुद्ध पेयजल की आपूर्ति अभी तक पूरा नहीं हो सका। ग्रामसभा मोहिउद्दीनपुर और लच्छननगर में भूमिगत पाइपलाइन बिछाने का कार्य अब तक पूरा नहीं हुआ है। जहां पाइपलाइन डाली गई है, वहां सड़कों की मरम्मत न होने से ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त जिन क्षेत्रों में पाइपलाइन डाली गई है, वहां अब तक नल कनेक्शन नहीं दिए गए हैं और न ही टोंटियां लगाई गई हैं।

**जलापूर्ति शुरू करने से पहले हो तकनीकी जांच :** ग्राम बरगदहा निवासी सिराज, रियाज, मेराज, सरोज वर्मा, कमलेश, मुन्ना, हरिलाल और रामसिंह ने बताया कि टंकी उनके घरों और पास के कंपोजिट विद्यालय के नजदीक बनाई गई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि जलापूर्ति शुरू करने से पहले ओवरहेड टैंक की पूरी तकनीकी जांच कराई जाए।



शोपीस बनी पानी की टंकी।



बिछी पाइप लाइन के बीच मुख्य मार्ग पर बने गड्ढे। अमृत विचार



पाइप लाइन में पानी के रिसाव से मुख्य मार्ग पर बना गड्ढा। अमृत विचार

### कार्य पूरा कर शीघ्र शुरू की जाएगी जलापूर्ति

अवर अभियंता अनिल यादव ने बताया कि प्रस्तावित 27 किलोमीटर पाइपलाइन के सापेक्ष अब तक लगभग 16 किलोमीटर भूमिगत पाइपलाइन डाली जा चुकी है। 1800 टोंटियों के मुकाबले 120 टोंटियां ही लगाई गई है, शेष कार्य प्रगति पर है और शीघ्र पूरा कर पेयजल आपूर्ति शुरू की जाएगी।

### मुख्य मार्ग पर पाइप लाइन के लीकेज से बना गड्ढा

**सीतापुर, अमृत विचार :** सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना को लेकर रामपुर मथुरा विकास क्षेत्र में एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्राम पंचायत तुलसीपुर खरिका में सड़क किनारे डाली गई पाइपलाइन से बीते दो दिनों से पानी का तेज बहाव जारी है, जिससे वहां स्थित पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई है। मुख्य मार्ग पर बने पेट्रोल पंप के सामने बरसात के पानी की निकासी के लिए पहले से डाले गए ह्यूम पाइप को मिट्टी से ढककर रास्ता बनाया गया था। यह रास्ता लोहिया नगर, नारायण पुरवा, छेदू पुरवा आदि क्षेत्रों को जोड़ता है। उसी स्थान पर जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाई गई थी, जो अब लीक हो रही है। तेज बहाव के कारण पुलिया के नीचे की मिट्टी बह गई है और एक बड़ा गड्ढा बन गया है। इससे वहां से गुजरने वाले दोपहिया वाहनों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। सोबरन, रामसेवक, आशाराम, दूबर, प्रवीण आदि का कहना है कि सड़क की खुदाई के बाद उसे सही ढंग से दुरुस्त नहीं किया गया, जिससे यह समस्या उत्पन्न हुई है।

## एक नजर

### खेत में लगे इंजन में फंसने से बालिका की मौत

**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार :** खेत में लगे इंजन में फंसकर 12 वर्षीया बालिका की मौत हो गई। रामपुर मथुरा थानाक्षेत्र के ढकवा गांव की दीक्षा (12) पुत्री अखिलेश कुमार अपने खेत में थी। बताते हैं कि खेत में इंजन लगा था। उसके बाल इंजन में फंस गए, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं, आनन फानन में परिजनों द्वारा उसे सीएचसी महमूदाबाद ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### आवेदकों को वापस मिले खोए हुए मोबाइल

**बाराबंकी, अमृत विचार :** टिकैतनगर पुलिस ने पोर्टल के माध्यम से 5 खोए मोबाइल बरामद कर आवेदकों के सुपुर्द कर दिया। धनंजय यादव निवासी ग्राम जारमऊ, सर्वेश कुमार तिवारी निवासी कस्बा व थाना टिकैतनगर, मो. सलमान सिद्दीकी निवासी मोहल्ला शेखाना, देवेन्द्र प्रताप निवासी ग्राम अजईमऊ, विनय कुमार गुप्ता निवासी बाग महारानाय चौक लखनऊ द्वारा अपने मोबाइल फोन के गुम हो जाने के सम्बंध में शिकायत दर्ज करायी गयी थी। टिकैतनगर पुलिस ने मोबाइल बरामद कर आवेदकों सौंप दिया।

### हत्यारोपी की बंदूक का लाइसेंस निरस्त

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस व प्रशासन ने एक बन्दूक का लाइसेंस निरस्त कर दिया है। थाना रामनगर पर हरिओम के विरुद्ध पंजीकृत हत्या के मामले से सम्बन्धित एक लाइसेंसी बन्दूक को चिन्हित कर जिला मजिस्ट्रेट को आख्या प्रेषित की गई जिसके आधार पर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा शस्त्र अनुज्ञा पत्र निरस्त करने का आदेश पारित किया गया।

### गोवंशों की तस्करी में प्रयुक्त ट्रक जब्त

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस व प्रशासन ने एक ट्रक को गोवध निवारण अधिनियम के तहत जब्त कर लिया है। थाना असन्द्रा क्षेत्रान्तर्गत पतौली में गोवंशों का वध करने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, जहां पर ट्रक से 4 गोवंश बरामद हुए। पता चला कि यह वाहन अरशद रंगरेज निवासी ग्राम पटैला थाना खुटहन जौनपुर के नाम पर दर्ज है। इस क्रम में जिला मजिस्ट्रेट ने उपरोक्त वाहन को जब्त करने का आदेश पारित किया।

### व्यापारियों और सिम डिस्ट्रीब्यूटरों की हुई बैठक

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली हैदरगढ़ में सोमवार को मोबाइल व्यापारियों और सिम डिस्ट्रीब्यूटरों की बैठक गयी। जिसमें कोतवाल अजय प्रकाश त्रिपाठी ने सभी व्यापारियों की समस्याये सुनीं। सिम बेचने वालों को वैधानिक तरीके से काम करने की सलाह दी। व्यापारियों में प्रमुख रूप से मूवीमेन मोबाइल शॉप, मोबाइल वर्ल्ड, दीपू मोबाइल शॉप, बेस्ट डील पॉइंट, प्रह्लाद मोबाइल शॉप, वैष्णवी मोबाइल शॉप, रवि मोबाइल शॉप, वीआई, जिओ और एयरटेल के डिस्ट्रीब्यूटर मौजूद रहे।

### चूल्हे की चिंगारी से छप्पर में लगी आग, हजारों की क्षति

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** खाना बनाते समय चूल्हे की चिंगारी से लगी आग में पांच हजार की नकदी सहित गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। थाना लोनी कटरा के ककरहिया मजरे देवीपुर के पुत्तीलाल छप्पर नुमा घर में परिवार के साथ रहते हैं। इनके घर सोमवार शाम करीब छह बजे खाना बनाते समय चूल्हे की भड़की चिंगारी से छप्पर में आग लग गई आग से पांच हजार की नकदी समेत गृहस्थी का पूरा सामान जल कर राख हो गया। फायर ब्रिगेड को सूचना देने के साथ ग्रामीणों ने आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिया। फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने आग बुझाई। प्रधान प्रदीप कुमार का कहना है कि सूचना लेखपाल को दे दी गई है।

## उधार दिये रुपये मांगने पर मिली धमकी

**बदोसरांय, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में कपड़े की दुकान चलाने के लिए दिए गए ढाई लाख वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी गई।

ग्राम घुसेड़िया निवासी मनोज कुमार ने थाना बदोसरांय पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि ग्राम गंगौली थाना दरियाबाद निवासी मुशीर अहमद पुत्र मोहम्मद सलीम ने बीती 10 मार्च को कपड़े की दुकान व अन्य कार्यों के लिए उससे 2,50,000 रुपये उधार लिए थे। इस लेन-देन के संबंध में दोनों पक्षों के बीच एक शपथ पत्र तहसील सिरौलीगौसपुर में लिखा गया था। आरोप है कि जब उसने विपक्षी से अपना पैसा वापस मांगा, तो आरोपी ने न केवल भुगतान करने से इनकार किया, बल्कि गाली-गलौज और जान से मारने की धमकियां भी दीं। पीड़ित ने कहा कि उसे लगातार मानसिक प्रताड़ना दी जा रही है। पुलिस ने इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## दुर्घटना में युवक की मौत, 5 घायल

**हादसा**

▸▸ जैदपुर क्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्राली से टकरायी वैन

**संवाददाता, जैदपुर, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** जैदपुर थाना क्षेत्र के चंदौली गांव में पुलिया के पास सोमवार रात लगभग 8 बजे ट्रैक्टर-ट्रॉली और मारुति वैन की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में वैन सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

सतरिख थाना क्षेत्र के करौंदी कला गांव निवासी निजामुद्दीन (35) पुत्र कयूम अपने परिवार के सदस्यों के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए वैन से निकले थे। उनके साथ मो. आमान (12) पुत्र मो. आलम, बब्लू (30) पुत्र कयूम, नफीस (10) पुत्र बब्लू, अरशद (8) पुत्र सहाबू और शहनवाज (6) पुत्र निजामुद्दीन सवार थे। रात लगभग आठ बजे जैसे ही उनकी वैन चंदौली पुलिया के पास पहुंची, सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयंकर थी कि वैन के परखचे उड़ गए और सभी लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने निजामुद्दीन को मृत घोषित कर दिया। छह वर्षीय शहनवाज की हालत गंभीर देखते हुए उसे लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है।



वैन के उड़े परखचे।



रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

### खंभे से टकरायी बाइक, युवक घायल

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** सोमवार को तेज रफ्तार बाइक विद्युत पोल से टकरा गयी। हादसे में बाइक सवारगंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पलहरी निवासी रंजीत वर्मा (32) किसी कार्य से मसौली आया था। करीब 1 बजे घर लौट रहा था। बाइक सड़क के किनारे लगे विद्युत पोल से टकरा गयी। हादसे में रंजीत वर्मा गंभीर रूप् से घायल हो गया। उसे सीएचसी बड़ागांव से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## व्यवसायी के घर से नकदी, जेवर चोरी

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नालापार दक्षिणी में छत के रास्ते एक घर मे घुसे चोर दो लाख नकद तथा दो लाख के जेवर उठा ले गए। मोहल्ला नालापार दक्षिणी के वार्ड 4 निवासी मो. कैफी दिल्ली में व्यवसाय करते हैं। रविवार रात उनके घर में छत के रास्ते चोर घुस गए। एक कमरे में रखी अलमारी की चाबी चोरों के हाथ लग गई। जिससे लाक खोल कर चोर अलमारी में रखे दो लाख रुपये नकद तथा दो लाख रुपये मूल्य के सोने के जेवर आदि निकाल ले गए। सुबह घर के लोग सो कर उठे तो कमरे का नजारा देख हड़कम्प मच गया। अलमारी खुली हुई और जेवरों के खाली बटुए फर्श पर बिखरे थे। कैफी ने बताया कि चोर देर रात कमरे में दाखिल हुए थे।आलमारी मे रखे कैफी की बहन के रुपये भी चोर उठा ले गए। सोमवार सुबह कैफी ने घटना की तहरीर फतेहपुर पुलिस चौकी पर दी। पुलिस जांच कर रही है।

## शादी के 10 दिन बाद ही विवाहिता ने दी जान

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** शादी के 10 दिन बाद ही विवाहिता का शव बाग में दुपट्टे से बने फंदे से लटकता मिला। हालांकि पुलिस को सूचना दिए बिना परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस घटना से अनभिज्ञता जता रही है।

घटना सतरिख थाना क्षेत्र के ग्राम होलियामऊ में हुई। स्व. जगदीश की 21 वर्षीया पुत्री रूबी रविवार की रात करीब आठ बजे घर से नित्यक्रिया के लिए निकली पर वापस नहीं लौटी। चिंतित परिजनों ने रूबी की तलाश शुरू की तो एक बाग में दुपट्टे से बने फंदे से रूबी का शव लटकता मिला। यह देख परिजन अवाक रह गए हालांकि परिजनों ने पुलिस को बताए बगैर शव नीचे उतारा और रात में ही अंतिम संस्कार कर दिया। इस घटना को लेकर पूछने पर थानाध्यक्ष सतरिख अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं आया है। शिकायत मिलने पर जांच की जाएगी।

### उठा सवाल, आखिर रूबी के साथ हुआ क्या

इस घटना का सबसे दुखद पहलू यह है कि करीब 10 दिन पूर्व ही रूबी का विवाह इसी थाना क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर निवासी प्रदीप के साथ हुआ था। गत 23 मई को शादी के बाद विदा होकर रूबी ससुराल गई। 10 दिनों के भीतर ही जाने क्या हुआ कि रूबी को मौत को गले लगाना पड़ गया। गांव से लेकर ससुराल तक इस घटना की चर्चा है। पिता के न रहने के बाद भी भाईयों ने बहन की शादी बहुत ही धूमधाम से की थी। हालांकि लोग रूबी को आए दिन मायूस देखा करते थे।

## शिक्षक के घर से लाखों की चोरी

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** लोनीकटरा थाना क्षेत्र के सरैया मजरे तेजवापुर गांव मे सोमवार रात चोरो ने शिक्षक के घर को निशाना बनाकर नकदी सहित करीब सात लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गए।

गांव निवासी शिक्षक रणवीर वर्मा के घर में पीछे से सीढ़ी लगाकर दाखिल हुए चोरों ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद करके कमरे मे रखी दो अलमारी का ताला तोड़कर पन्द्रह हजार की नकदी सहित करीब छह लाख के जेवर चोरी कर ले गए। घटना के समय घर के कुछ सदस्य दूसरे कमरे मे तथा कुछ सदस्य छत पर सो रहे थे। सुबह जगने पर घर में चोरी होने की जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी गयी। इस संबंध में एसओ दौमित्र सेन रावत ने बताया की सूचना मिली है फोरेंसिक टीम बुलाई गई है। जांच करके मुकदमा दर्ज कर इस मामले में कार्रवाई की जाएगी।

## डांस का वीडियो बनाने पर दो पक्षों में मारपीट

**संवाददाता, सूरतगंज, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के कुतुलूपुर में शादी समारोह के दौरान कुआं पूजन में डीजे पर नाच रही युवतियों का वीडियो बनाए जाने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि दो पक्षों में लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चले। घटना में महिलाओं समेत करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए।

कुतलूपुर के शीतल के बेटे अजय की शादी को लेकर रविवार शाम बारात विदाई से पहले गांव के बाहर कुआं पूजन हुआ। इस दौरान महिलाएं, युवतियां डांस कर रही थीं। शीतल ने आरोप लगाया कि आदेश तिवारी, उसका साला अनिकेत, प्रदीप तिवारी और विष्णु तिवारी ने कुछ साथियों के साथ डांस का वीडियो बनाया। महिलाओं के मना करने पर विवाद हुआ, लेकिन मौके पर मौजूद लोगों ने मामला शांत करा दिया। देर रात आदेश तिवारी अपने पिता राम निवास, प्रदीप, विष्णु और अनिकेत के साथ शीतल के घर पहुंचा और वहां मौजूद महिलाओं व युवतियों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में नीता, सनसनी, रोली समेत कई महिलाओं को गंभीर चोटें आईं। वायरल वीडियो में कुछ महिलाएं अचेत अवस्था में पड़ी नजर आ रही हैं,हालांकि अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता। घटना की जानकारी सोमवार दोपहर बारात लौटने पर पुरुषों को हुई, तो गुस्साए शीतल, अर्जुन, संगम, अनुज, गुड्डू, दुलारे सहित कई लोग लाठी-डंडे व ईंट-पत्थर लेकर राम निवास तिवारी के घर पहुंच गए और हमला कर दिया।

प्रभारी निरीक्षक जगदीश प्रसाद शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

**बैठक** 15 से 21 जून तक मनाया जाएगा योग सप्ताह, डीएम ने की तैयारियों की समीक्षा

# योग सप्ताह में स्कूलों-कॉलेजों में होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां शुरू हो गई हैं। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट के लोकसभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिले में 15 से 21 जून तक योग सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान गांवों, स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर योग प्रशिक्षण शिविर लगेंगे। साथ ही पौधरोपण कार्यक्रम भी होंगे। 21 जून को मुख्य कार्यक्रम जीआईसी ऑडिटोरियम में होगा।

इसमें जनप्रतिनिधि, विभिन्न संगठन, स्कूली छात्र-छात्राएं, अधिकारी और नागरिक शामिल होंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अ. सुदन, अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह, जॉइंट मजिस्ट्रेट तेजस के. समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। इससे पहले जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ जीआईसी ऑडिटोरियम का निरीक्षण किया। उन्होंने मंच, ध्वनि, बिजली, पानी, और पार्किंग की व्यवस्थाओं की समीक्षा की।



जीआईसी ऑडिटोरियम का निरीक्षण करते डीएम व अन्य अधिकारी।



जीजीआईसी सफदरगंज के समर कैंप में शामिल छात्राएं। अमृत विचार

### छात्राओं ने कबड्डी और वॉलीबॉल में दिखाया दमखम

**बाराबंकी, अमृत विचार :** समर कैंप में कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों ने खेलकूद गतिविधियों में हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत आधे घंटे के योग और व्यायाम से हुई। विद्यालय प्रांगण में कबड्डी और वॉलीबॉल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिले के सभी राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के साथ इच्छुक अशासकीय सहायता प्राप्त और वित्त विहीन विद्यालयों के विद्यार्थी भी शामिल हुए।

## चोरी का खुलासा एक आरोपी बंदी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सतरिख पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी सचिन कुमार याद को जफरपुर मोड़ से गिरफ्तार किया। उसके पास से चोरी के सामान 14 कीपैड मोबाइल फोन, एक एंड्राइड मोबाइल फोन, 20 ब्लूटूथ (नेकबैंड व एयरपॉड), 28 डिस्प्ले रिपेयरिंग कॉम्बो फोल्डर, 200 टेम्पर्ड ग्लास व घटना में प्रयुक्त एक सब्बल बरामद किया गया। इसी के साथ एक चाकू बरामद कर आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। आरोपी ने एक सप्ताह पूर्व कमरपुर सरैया स्थित मोबाइल की दुकान से मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, मोबाइल ग्लास टेम्पर्ड व अन्य सामान चोरी किया गया था।

## सार-संक्षेप

### किसानों ने सीखे मत्स्य पालन व प्राकृतिक खेती के तरीके



किसानों को जानकारी देते कृषि अधिकारी। अमृत विचार

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार :** विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में चल रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र, कटिया एवं कृषि विभाग जिले के तीन विकास खंडों के नौ ग्रामों में कृषक जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, उद्यान विभाग, सहकारिता विभाग, इफको, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की सक्रिय सहभागिता की। वैज्ञानिक टीमों ने गांव-गांव जाकर किसानों से संवाद स्थापित किया और उन्हें वैज्ञानिक खेती की तकनीकें, समेकित कृषि मॉडल, सरकारी योजनाएं, प्राकृतिक खेती, मत्स्य पालन, एवं रोजगारपरक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। हरगांव विकास खंड मे डॉ. दया शंकर श्रीवास्तव व प्रधान वैज्ञानिक डॉ. नीरज सूद एवं वैज्ञानिक डॉ. अनुकेश परई द्वारा किसानों से संवाद किया गया। वहीं, रेउसा विकास खंड डॉ. सचिन प्रताप तोमर के नेतृत्व में शिकौहा, बभनावा एवं कोडरी ग्रामों में किसानों से संवाद किया। इस दौरान कृषि एवं सहकारिता विभाग अधिकारी जय कृष्ण जायसवाल, (जिला उद्यान निरीक्षक), दीपेश सिंह (विषय वस्तु विशेषज्ञ) सत्येंद्र कुमार त्रिपाठी, उदय भान वर्मा, शिल्पी सिंह, ग्राम प्रधान बलिराम नाग शामिल रहे। लहरपुर विकास खंड डॉ. आनंद सिंह एवं डॉ. शिशिर कांत सिंह द्वारा खानपुर, मुजिद्दीनपुर, मखनपुर एवं अनिया कलां ग्रामों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। सिद्धार्थ आर्य, राजकुमार वर्मा, भारतेन्दु कुमार पशुधन प्रसार अधिकारी, पंकज कुमार वर्मा, आशीष मिश्रा, श्याम सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को दीं यातनाएं

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को अमानवीय यातनाएं दी गईं। मामला पुलिस अधीक्षक की चौखट तक पहुंचा तो आनन फानन में रपट दर्ज की गई। मामला लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के रतौली गांव का है। तंबौर थानाक्षेत्र के दुबई गांव की शाहीन के अनुसार, उसके विवाह को आठ वर्ष बीत चुके हैं। उसका विवाह रतौली गांव के सलाउद्दीन से साथ हुआ था। आरोप है कि विवाह के बाद से ही उसे यातनाएं दी जाने लगीं, तब जबकि उसके पिता ने दहेज में घर और गृहस्थी का सामान दिया था। पिछले कुछ दिनों से दहेज की मांग को लेकर उसे कमरा बंद कर बेल्टों से पीटा जाता था। बढ़ती प्रताड़ना के बीच मामला पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के पास पहुंचा। फिर मातहतों को मिले निर्देश के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई।

### 14 वांछित एवं वारंटी आरोपी गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार :** विभिन्न थानों की पुलिस टीमों ने 14 वांछितों व वारंटियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया। थाना नैमिषारण्य से वांछित राजाराम पुत्र अनन्तू निवासी ग्राम जंगीलपुर, थाना मितौली, लखीमपुर खीरी को गिरफ्तार किया गया। थाना कमलापुर से प्यारेलाल, थाना पिसावां से अतर, मानपुर से हजारीलाल, मुन्नालाल और कलाम की गिरफ्तारी की। हरगांव से गिरधारी, महमूदाबाद से सुकई पुत्र द्वारिका, निवासी इसरौली, थाना फतेहपुर, जनपद बाराबंकी, टेढ़े पुत्र फकीरे, निवासी गोडियनपुरवा, थाना फतेहपुर, बाराबंकी और महमूदाबाद के धर्मेंद्र को गिरफ्तार किया गया। उधर, सदरपुर से जसवंत सिंह, बिजई उर्फ विजय कुमार और समुद्री पत्नी मोहन को जेल भेजा गया।

### मोडिफाई साइलेंसरों की आवाज से बिफरा संगठन, सौंपा ज्ञापन



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भारतीय मानवाधिकार समिति के सदस्य।

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार :** कान फोड़ू हॉर्न व मोडिफाई साइलेंसर से नागरिकों को होने वाली असुविधा के सम्बन्ध में अखिल भारतीय मानवाधिकार समिति के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष रफी अहमद की अगुवाई में मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम मनीष कुमार को सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि बिसवां नगर व आसपास के क्षेत्र में कुछ अराजक तत्व व दबंग किस्म के नवयुवक अपनी बुलेट मोटरसाइकिल को मोडिफाई कराकर तथा गाड़ियों के साइलेंसर निकालकर कान फोड़ आवाज वाले हॉर्न बजाते हैं। बिसवां नगर से निकलने वाले भारी वाहनों द्वारा प्रतिबंधित तेज ध्वनि वाले हॉर्न बजाये जाते हैं, जिस कारण दिल के मरीजों समेत बुजुर्ग महिलाओं, बच्चों को अत्यधिक परेशानी होती है। इस अवसर पर जिला महासचिव खुर्शीद अहमद, जिला सचिव तौहीद आलम, सह कार्यालय प्रभारी गौरव कुमार, मो. सुहैल, मो. जुनैद, जमील, नदीम सिद्दीकी, प्रीतम वर्मा आदि मौजूद रहे।

### बैठक में दिव्यांगजनों ने रखीं अपनी समस्याएं

**खैराबाद, सीतापुर, अमृत विचार :** खैराबाद ब्लाक के विशुन नगर चौराहा स्थित आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन के सभागार में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न ब्लॉकों से आए दिव्यांगों ने अपनी समस्याएं सामने रखीं। अध्यक्षता संस्था के प्रबंधक व सचिव बिंदू मौर्या ने की। दिव्यांगजनों ने बताया कि उन्हें कई योजनाओं और आवश्यक सेवाओं से वंचित होना पड़ रहा है। प्रबंधक बिंदू मौर्या ने सभी समस्याओं को गम्भीरता से सुनते हुए आश्वस्त किया कि वे इन मुद्दों को जल्द ही उच्चाधिकारियों के समक्ष रखकर समाधान कराएंगे। प्रबंधक बिंदू मौर्या ने कहा कि फाउंडेशन की यह बैठक दिव्यांगजनों की आवाज को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास रही। बैठक में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विजय पाल, गुड्डू, मुन्ना, कौशल किशोर, हरिलाल, फूलमती, कालिंद्री, शांति, रामलखन, कलेक्टर, बृजरानी समेत अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

### कार चालक ने यात्री पर चाकू से किया हमला

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** लखनऊ से कार से अमेठी जा रहे एक यात्री के साथ चालक ने न सिर्फ अभद्रता की बल्कि गलत ड्राइविंग का विरोध करने पर चाकू से हमला कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। अमेठी के थाना कमरौली अंतर्गत पलिया पश्चिम निवासी विशाल तिवारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह लखनऊ में 31 मई की रात घर जा रहा था। लखनऊ में अहमामऊ से वैगन आर कार पर वह भेल जगदीशपुर के लिए सवार हो गया। पूछने पर चालक ने अपना नाम मो. आदिल निवासी अमहर, सुल्तानपुर बताया। सफर के दौरान बातचीत से लगा कि चालक नशे की हालत में है। पीड़ित ने बताया कि हैदरगढ़ से 4 किलोमीटर आगे गोसूपुर गांव के निकट पहुंचा तो ड्राइवर रांग साइड में कार चलाने लगा। विरोध करने पर गालियां देने लगा। इसके बाद चालक ने चौबीसी में सीएनजी डलवाई और खड़ा हो गया। चलने के लिए कहने पर थप्पड़ मार दिया। यही नहीं इस दौरान चालक ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया जिससे उसके दाहिने हाथ की कलाई कट गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### दहेज न मिलने पर दी दूसरी शादी की धमकी

**जैदपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना जैदपुर क्षेत्र में एक विवाहिता को दहेज को लेकर प्रताड़ित करते हुए ससुराल से भगा दिया गया। उसे धमकी दी गई कि दहेज का इंतजाम न किया तो पति की दूसरी शादी कर दी जाएगी। बीबीपुर की जूली वर्मा ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह 2019 में ओमकार वर्मा निवासी ग्राम कुम्मरावां थाना कोठी से हुआ था। विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। आरोप है कि पति ओमकार, सास आशा देवी, ससुर गोपीनाथ और देवर दो लाख की मांग कर रहे थे। मांग पूरी नहीं हुई तो उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। जूली ने बताया कि ससुराल वाले कुछ समय बाद लखनऊ में रहने लगे। यहां पर भी प्रताड़ना जारी रही। एक बेटी को जन्म के बाद भी ससुरालवालों का रवैया नहीं बदला। 21 मई की शाम करीब 6 बजे ससुराल पक्ष ने फिर से दहेज की मांग को लेकर उसे पीटा और कमरे में बंद कर दिया। रातभर उसे भूखा-प्यासा रखा गया और सुबह जबरन घर से निकाल दिया गया। पीड़िता ने किसी तरह अपने मायके फोन कर परिजनों को बुलाया। जब परिजन ससुराल पहुंचे तो ससुरालवालों ने दो लाख रुपये की मांग दोहराई और कहा कि बिना पैसे के बहू को नहीं रखेंगे। सास ने यहां तक कहा कि वह अपने बेटे की दूसरी शादी करा देगी। जूली वर्मा अपनी मासूम बच्ची को लेकर मायके लौट आई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# फरियादियों के लिए बनेगा जनसुनवाई रोस्टर

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**एसपी की पहल**

- ग्रामीण क्षेत्रों के शिकायतकर्ताओं को भाग-दौड़ से बचने के लिए तैयार हुआ रोस्टर
- सर्किलवार सीओ तिथिवार सुनेंगे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्याएं

**जनसुनवाई के लिए सर्किलवार रोस्टर**

| दिन | सर्किल | समय |
|---|---|---|
| सोमवार | नगर/ सदर | 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक |
| मंगलवार | मिश्रिख/ महोली | 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक |
| बुधवार | लहरपुर / बिसवां | 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक |
| गुरुवार | महमूदाबाद/ सिधौली | 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक |


एसपी अंकुर अग्रवाल।

**अमृत विचार:** समाज को न्याय दिलाना है तो जागरूकता की लौ जलानी ही होगी। इसी लक्ष्य को हासिल करने जिले के पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल आगे आए हैं, उन्होंने फरियादियों की समस्या को सुलझाने के लिए एक नई व्यवस्था तैयार की है। कहते हैं कि सुदूर क्षेत्रों से आने वाले फरियादियों का अधिकांश भाग-दौड़ में बीत जाता है। इसी को समाप्त करने के लिए जनसुनवाई रोस्टर शुरू किया गया है।

इसके माध्यम से क्षेत्राधिकारी समस्याओं का समाधान करेंगे, साथ ही उसका फीड बैक भी रोजाना मुख्यालय पर प्रेषित करेंगे, ताकि निस्तारण का हल और अधिक पारदर्शी हो सके।

एसपी अंकुर अग्रवाल बताते हैं कि इसको लेकर बनाया गया रोस्टर सर्किल वार जारी कर दिया गया है। इसमें जनसुनवाई की तिथि और समय दोनों ही निर्धारित है। शिकायत सुनने को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग व्यवस्था निर्धारित की गई है। समाधान रोस्टर में सोमवार, मंगलवार, बुधवार और गुरुवार दिन निर्धारित हैं। इन दिनों में होने वाली जनसुनवाई क्षेत्राधिकारी करेंगे। ये प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे अपने कार्यालय में शिकायतों की सुनवाई और निस्तारण करेंगे। फरियादियों की सहूलियत को लेकर एक कर्मी भी नियुक्त रहेगा। इसका फीडबैक प्रतिदिन मुख्यालय पर भी प्रेषित किया जाएगा। ताकि निस्तारण पारदर्शिता के साथ किया जा सके।

# सेथराम में दूसरे दिन भी सन्नाटा, आरोपी फरार

**फॉलोअप**

संवाददाता, रामपुर मथुरा, सीतापुर

**अमृत विचार:** रामपुर मथुरा इलाके के ग्राम सेथराम में निर्माणाधीन अंत्येष्ठ स्थल पर हुए बवाल को लेकर दर्ज अभियोग में आरोपी पकड़े नहीं जा सके हैं। उधर, गांव में घटना के तीसरे दिन भी सन्नाटा पसरा रहा। गांव में पुलिस की गश्त जारी है।

बता दें कि सेथराम गांव में अंत्येष्टि स्थल बनाए जाने को लेकर ग्रामीणों ने विरोध किया। बढ़ते बवाल के बीच ग्रामीणों द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों से हाथापाई की गई।

ऐसे में रामपुर मथुरा में 20-25 ग्रामीणों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया। उधर, घटना के तीसरे दिन भी पुलिस गांव में गश्त पर थी। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक कृष्णानंदन तिवारी से बात की गई तो उन्होंने बताया अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

# कहीं चिकित्सक नदारद, कहीं संसाधनों की कमी

## लहरपुर, बिसवां और महमूदाबाद तहसील क्षेत्रों के बाढ़-कटान प्रभावित इलाकों के स्वास्थ्य केंद्रों में अव्यवस्था का बोलबाला

**पड़ताल**

अमृत विचार टीम, सीतापुर


रामपुर मथुरा क्षेत्र के चांदपुर पीएचसी में बंद डॉक्टर कक्ष। अमृत विचार


रामपुर मथुरा सीएचसी क्षेत्र का पारा रामनगरा का बंद मेन गेट।


लहरपुर सीएचसी में बंद एक्सरे कक्ष।

**अमृत विचार:** जिले की 60 लाख की आबादी को लेकर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने की उम्मीद है। इसको लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। बावजूद ग्रामीण अंचलों में प्राथमिक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं में लहरपुर, बिसवां और महमूदाबाद तहसील क्षेत्र में अभी भी सुधार की आवश्यकता है।

**यहां तो टीबी की जांच तक ही सीमित है इलाज :** बिसवां के ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र खुद इलाज के मोहताज हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टिकरा पर केवल टीबी की जांच की सुविधा उपलब्ध है, जबकि अन्य जरूरी जांचों के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। ग्रामीणों को मामूली जांच या इलाज के लिए भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या जिला अस्पताल की दौड़ लगानी पड़ रही है। टिकरा हो या जहांगीराबाद, दोनों ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर न प्रसव की सुविधा है और न ही मरीजों व तीमारदारों के लिए शुद्ध पेयजल व शौचालय की व्यवस्था। उपचार कराने आए मरीजों का दावा है कि सुविधाओं की कमीं के कारण ही जिला अस्पताल की दौड़ लगानी पड़ती है।

**दरवाजों में लटकते ताले, चिकित्सक नदारद, फार्मासिस्ट के हाथों में आवाम की नब्ज :** महमूदाबाद तहसील क्षेत्र के रामपुर मथुरा विकास क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुद बीमार नजर आ रहे हैं। सोमवार को चांदपुर, पारा रामनगरा और बांसुरा पीएचसी का हाल जानने पहुंचे, तो हर जगह हालात एक से ही मिले।

**स्थान:** चांदपुर, **समय:** सुबह 11: 00 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर फार्मासिस्ट विजय कुमार अकेले बैठे मिले। बताया कि चिकित्सक नहीं आए हैं और दवा भी डॉक्टर के आने पर ही दी जाएगी। कोई मरीज नहीं था।

**स्थान:** पारा रामनगरा, **समय:** सुबह 10:30 बजे अस्पताल पूरी तरह बंद मिला। मुख्य गेट पर ताला लटक रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि यह अस्पताल सप्ताह में कभी-कभार ही खुलता है और डॉक्टर का नाम तक किसी को नहीं पता।

**स्थान:** बांसुरा, **समय:** सुबह 11:30 बजे फार्मासिस्ट सुरेंद्र पाल सिंह और वार्ड बॉय भूपेंद्र तो मौजूद थे, लेकिन डॉक्टर नदारद मिले। फोटो खींचने पर फार्मासिस्ट डॉक्टर की कुर्सी पर बैठ गए। ग्रामीणों ने बताया कि डॉक्टर महीने में एक-दो बार ही दर्शन देते हैं।

**एक्स-रे मशीन तो है मगर चलती नहीं, वसूली का भी आरोप :** लहरपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लहरपुर पर सोमवार सुबह 11:10 बजे का नजारा मरीजों की परेशानी को बयां कर रहा था। अस्पताल में इलाज से पहले ऑनलाइन स्कैनिंग की बाध्यता और लंबी कतारें मरीजों के लिए सिरदर्द बनी हुई हैं। अस्पताल आईं कस्बावासी साहिबा ने बताया कि पर्चा बनवाने के लिए पहले ऑनलाइन स्कैन करना पड़ता है, जिसमें काफी समय लग जाता है। फिर डॉक्टर के पास लाइन लगानी पड़ती है। इलाज के लिए पूरा दिन लग जाता है। वहीं मुन्ना चैंपियन ने बताया कि अस्पताल में एक्स-रे मशीन तो है, लेकिन वह खराब पड़ी है। मुड़ीखेड़ा की पिंकी ने बताया कि अगर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन लग जाए तो बहुत राहत मिलेगी।

**जल्द ही व्यवस्थाओं में होगा सुधार**

बाढ़ और कटान प्रभावित क्षेत्रों को लेकर सीएचसी प्रभारियों को खास निर्देश दिये जा चुके हैं। कहीं-कहीं कुछ चिकित्सकों की कमी की बात सामने आई है, जल्द ही रिक्त व्यवस्थाओं को पूरा कर दिया जाएगा। कार्यों में शिथिलता बरतने वालों के विरुद्ध कार्रवाई भी की जाएगी।

-डॉ. सुरेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी

# दूध बिक्री के विवाद में दो पक्षों में मारपीट, 5 घायल

संवाददाता, सीतापुर

**बढ़ा विवाद**

- दोनों पक्षों की ओर से दर्ज हुई एफआईआर
- सकरन क्षेत्र के ग्राम मुन्नूपुरवा मजरा सैदापुर की घटना

**अमृत विचार :** सकरन थाना क्षेत्र में दूध बिक्री को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। लाठी-डंडे और लात-घूंसों से हुई इस झड़प में दोनों ओर से कुल पांच लोग घायल हो गए। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाना सकरन में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना थाना सकरन क्षेत्र के ग्राम मुन्नूपुरवा मजरा सैदापुर की है।

बताते हैं कि रविवार रात बजे दूध बिक्री को लेकर दो सुरेश यादव और बिनीत यादव के बीच विवाद हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए और लाठी-डंडों से एक-दूसरे पर हमला कर दिया।

पहले पक्ष के सुरेश यादव पुत्र ब्रजलाल यादव निवासी मड़वा, मजरा सैदापुर ने बताया कि वह अपनी डेयरी पर दूध बेच रहे थे, तभी विजय कुमार, बिनीत कुमार, मनीष व अंकुर ने आकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर सभी ने उन्हें और बीच-बचाव करने आए अरविंद व भारत को लाठी-डंडों से पीट दिया। सुरेश यादव के मुताबिक हमले में उन्हें व उनके सहयोगियों को चोटें आईं। वहीं दूसरे पक्ष के बिनीत कुमार पुत्र ओमप्रकाश यादव निवासी मड़वा ने भी तहरीर देकर आरोप लगाया कि दूध बेचने को लेकर सुरेश यादव, अमन, शिवम व संदीप ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों और लात-घूंसों से उन्हें पीटा। बीच-बचाव करने आए विजय यादव को भी मारा गया। घायल हालत में उन्होंने गांववालों की मदद से खुद को बचाया।

दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। शोरगुल सुनकर मौके पर गांव के लोग इकट्ठा हुए, तब जाकर हमलावर वहां से भागे। सकरन पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। और मामले की जांच शुरू कर दी है। घायलों का प्राथमिक उपचार स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पर कराया गया है। सकरन थानाध्यक्ष नवनीत मिश्रा का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**पुलिस के साथ हाथापाई की बात अफवाह :** सकरन थानाध्यक्ष नवनीत मिश्रा का कहना है कि दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर गई थी। पुलिस के साथ कोई हाथापाई नहीं हुई है। पुलिस ने स्थितियों को सामान्य करने के लिए दोनों पक्षों को मौके से खदेड़ा था

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार:** कस्बे के मोहल्ला शेख टोला से घर से निकला युवक संदिग्ध हालातों में लापता हो गया। घटना को लेकर पीड़ित पक्ष ने गुमशुदगी दर्ज कराई है। शेखटोला निवासी 28 वर्षीय रोहित कुमार घर से बिना बताए निकला था, इसी के बाद वह लापता हो गया। रामनरेश मौर्य ने अपने पुत्र रोहित कुमार की गुमशुदगी की रपट दर्ज कराई है। कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित पिता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर लापता युवक का पता लगाया जा रहा है।

# बाइक को टक्कर मारी युवती के साथ की मारपीट

संवाददाता लहरपुर, सीतापुर

**अमृत विचार:** पहले बाइक में टक्कर मारी, जब युवती और उसके साथी ने कार चालक की इस बेजा हरकत का विरोध किया तो हमलावर हो गया। खासा हंगामा करते हुए मारपीट किये जाने का आरोप है। घटना भदफर चौकी क्षेत्र की है।

लखीमपुर खीरी के थाना खमरिया स्थित ग्राम अम्बरपुर मजरा सुरजनपुर निवासी मीनू गुप्ता (20) पुत्र अंबर गुप्ता के अनुसार, वे काम से आई थी। भदफर चौकी क्षेत्र में जब व बाइक एजेंसी के नजदीक पहुंचीं, इसी दौरान उसकी बाइक को टक्कर मार दी। बताया कि उसकी बाइक पर ईसानगर के शेखनापुर गांव का हरिनाम भी था। विरोध किया, तो विपक्षी हमलावर हो गया, गाली-गलौज के साथ मारपीट की। कोतवाली प्रभारी विजयेन्द्र सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है।

# छप्पर में आग लगने से गृहस्थी का सामान जला

**इमलिया सुल्तानपुर/सीतापुर, अमृत विचार :** इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के कोरैया गांव में अज्ञात कारणों से एक गरीब बुजुर्ग के घर में आग लग गई जिससे उसके घर में रखा राशन व कुछ अन्य सामान जलकर राख हो गया।

कोरैया गांव निवासी शिवसहाय शुक्ला के अनुसार, छप्पर व पल्ली डालकर रहते हैं। अज्ञात कारणों के चलते अचानक उनके छप्पर में आग लग गई, जिससे छप्पर के नीचे खाना बनाने के लिए रखी लकड़ियां, राशन व कुछ अन्य जरूरी सामान जलकर राख हो गया।

# चोरी की साजिश रचते 3 गिरफ्तार

संवाददाता लहरपुर, सीतापुर


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** कोतवाली पुलिस द्वारा क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर स्थित शारदा नहर पुल के पास से चोरी की योजना बनाते समय तीन शातिरों को गिरफ्ता किया गया। कोतवाली प्रभारी विजयेन्द्र सिंह के अनुसार, उप निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। तभी अकबरपुर स्थित शारदा नहर पुल के पास से मोहम्मद आरिफ, सूरज और शिवेंद्र निवासीगण ग्राम पतवारा गिरफ्तार किये गए। पुलिस ने दावा किया है कि आरोपियों के पास से 3 टॉर्च, 3 पेंचकस, 3 प्लास, 3 लोहा काटने की ब्लेड 3, सब्बल, 3 चाबी के गुच्छे बरामद किया गये हैं। कोतवाली प्रभारी विजयेन्द्र सिंह ने बताया कि धारा 313 बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों के विरुद्ध जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

**त्योहार** शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों की बाजारों में सेवइयों और अन्य सामानों की खरीदारी में आयी तेजी

# ईद-उल-अजहा की तैयारी जोरों पर, बकरों की खरीद शुरू

संवाददाता सीतापुर


ग्रामीण क्षेत्र में बिक्री के लिए बंधे बकरे। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जनपद में ईद-उल-अजहा की तैयारियां जोरों पर हैं। बाजार में सेवइयों की खुशबू बढ़ चली है। नगर क्षेत्र से लेकर ग्रामीण इलाकों तक बकरों की मण्डियां लग रही है। ऐसे में मौलानाओं द्वारा कुर्बानी के धार्मिक नियम बताए जा रहे हैं। उधर, प्रशासन ने शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

ईद-उल-अजहा को लेकर नगर क्षेत्र के अलावा महमूदाबाद, बिसवां, लहरपुर, सिधौली हरगांव, तंबौर क्षेत्र में खासा उत्साह है। बाजार में सेवइयों की खरीदारी शुरू हो गई है। बकरों की खरीदारी को लेकर नगर क्षेत्र के अलावा ग्रामीण इलाकों में मण्डियां लगीं। उधर, प्रशासन ने हिदायत दी है कि कुर्बानी खुले मैदानों में न की जाए। साथ ही सोशल मीडिया पर कुर्बानी की तस्वीरें साझा करने से बचने की अपील भी की गई।

**40 हजार रुपये तक बिके बकरे :** लहरपुर तहसील क्षेत्र में ईद-उल-अजहा को लेकर तैयारियां जोरों पर है। ठठेरी टोला में लगी बकरा मण्डी में 40 हजार तक के बकरे बिके। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा खीरी जनपद के आए खरीदार भी मौजूद थे।

सोमवार को लगाई गई पशु बाजार में उपस्थित ग्राहकों ने 5000 से 40000 तक कीमत के बकरों की खरीद की। इस मौके पर भारी संख्या में लोग खीरी व लखीमपुर से भी बकरे खरीदने के लिए लहरपुर बाजार में पहुंचे। लखीमपुर नौरंगाबाद से आए आदिल ने बताया कि उन्होंने 95000 में तीन बकरे खरीदे हैं। नगर के मोहल्ला ठठेरी टोला निवासी कामरान ने कुर्बानी के लिए बकरों की खरीद की। नगर के रियाजुद्दीन, सगीर अहमद, सरफराज, मुशीर अहमद आदि ने बताया कि इस बार बाजार में बकरों की कीमत बहुत अधिक है। मोहम्मद हफीज शेखवापुर ने बताया कि 36 हजार रुपये में कुर्बानी के लिए बकरे की खरीद की। हरगांव से अपना बकरा बेचने आए ओमप्रकाश ने बताया कि बकरे की सही कीमत नहीं मिली। वो अपना बकरा लेकर वापस जाते हुए मिले।

# तमंचे के साथ पकड़े गए दो अपराधी

**सीतापुर, अमृत विचार :** लहरपुर सर्किल क्षेत्र में शातिरों के विरुद्ध अभियान चला। अलग-अलग स्थानों से पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से अवैध शस्त्र बरामद हुआ है। सीओ लहरपुर सुशील कुमार यादव ने बताया कि तालगांव पुलिस ने चेकिंग के दौरान मोहम्मद रियाज निवासी हिदायतनगर, लखीमपुर खीरी को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। इस संबंध में थाना तालगांव में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। वहीं लहरपुर पुलिस ने छत्रपाल निवासी दोनवा मजरा शेखनापुर को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक अवैध देसी तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

## सार-संक्षेप

### संतुलित उर्वरकों के प्रयोग से होगी बचत: डॉ. शिशिरकांत


कार्यशाला में मिले प्रमाणपत्रों के साथ किसान। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अन्तर्गत क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर, अनियां कलां और मकनपुर में कृषि जागरूकता गोष्ठियों का आयोजन किया गया। गोष्ठियों में कृषि, पशुपालन एवं उद्यान विभाग के विशेषज्ञों ने किसानों को खरीफ फसलों की उन्नत खेती, आधुनिक तकनीक और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिक डॉ. शिशिर कांत सिंह ने किसानों को खरीफ फसलों, विशेषकर धान की उन्नत प्रजातियों, धान की सीधी बुआई, जैविक व संतुलित उर्वरकों के प्रयोग और ड्रोन के माध्यम से नैनो उर्वरकों के उपयोग की सलाह दी। उन्होंने बताया कि इससे किसानों को श्रम और धन दोनों की बचत होगी। पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. आनंद सिंह ने पशुओं के पोषण, प्रबंधन, नस्ल सुधार तथा हाइब्रिड नेपियर घास की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विषय वस्तु विशेषज्ञ श्याम सिंह, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक विशाल सिंह, गंगाराम, सर्वेश कुमार गौतम, कमल राज, धर्मपाल, आशीष मिश्रा, पंकज कुमार-1, पंकज कुमार-2, किसान दिनेश पटेल, राजेंद्र विक्रम, अनूप कुमार, रामप्रकाश वर्मा, महादेव, राजित राम, दिनेश कुमार यादव, संजय कुमार, यदुनाथ हेमराज (प्रधान प्रतिनिधि) समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### आकिल बने आप अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष



**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला काजी टोला निवासी आकिल रिजवी को आम आदमी पार्टी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष बनाया गया। आम आदमी पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह की स्वीकृत से शकील मलिक प्रदेश अध्यक्ष माइनॉरिटी विंग उत्तर प्रदेश द्वारा नगर के मोहल्ला काजी टोला निवासी आकिल रिजवी को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ सीतापुर का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर आकिल रिजवी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता लोगों को आम आदमी पार्टी से जोड़ने की रहेगी। इस मौके पर प्रमुख रूप से आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष अवधेश, रियाज अंसारी, आसिम जाफरी, लवकुश, दिलशाद, सर्वेश, अंकुल, पूजन मिश्रा, अनिल चौरसिया, शकील खान, सिराज खान, फरहान खान, गुलफाम अली, शानू रिज़वी ने हर्ष व्यक्त किया है।

### मछरेहटा में शोपीस बन गए आरआर सेंटर


ग्राम पंचायत बारेपारा मे अर्द्धनिर्मित आरआर सेंटर। अमृत विचार

मछरेहटा, सीतापुर, अमृत विचार : स्वच्छ भारत मिशन के तहत हो रहे निर्माण कार्यों को लेकर मछरेहटा विकास खंड में नियमों की अनदेखी हो रही है, ऐसे में ग्राम पंचायतों में लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए कूड़ा प्रबंधन केंद्र (आरआर सेंटर) महज शोपीस बनते जा रहे हैं। बता दें कि मछरेहटा विकास खंड क्षेत्र की 73 ग्राम पंचायतों में सरकार की ओर से स्वच्छता मिशन के तहत कूड़ा प्रबंधन केंद्र स्थापित किए गए हैं। ग्रामीणों का दावा कि कार्यों में नियमों की अनदेखी की गई है। मछरेहटा कस्बा, बहोरनपुर, बारेपारा की ग्राम पंचायतों को लेकर पप्पू, रामू, अनिल आदि का कहना है कि कूड़ा उठाने के लिए उपलब्ध कराए गए ऑटोरिक्शा भी ग्राम प्रधानों के निजी उपयोग में आ चुके हैं। कस्बों से लेकर गांवों तक कूड़ा उठाव की व्यवस्था बाधित है। गंभीर प्रकरण में खंड विकास अधिकारी राजेश तिवारी ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर जल्द ही इन केंद्रों का संचालन शुरू कराया जाएगा। लापरवाही करने वाले ग्राम सचिवों से जवाब-तलब किया जाएगा।

### राम बारात कथा का वर्णन सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु


कथा सुनाते कथा वाचक। अमृत विचार

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार :** पीपापुरवा गांव स्थित राधाकृष्ण आश्रम, नर्वदेश्वर महादेव मंदिर में चल रही राम कथा के पांचवें दिन भगवान श्रीराम की बारात का भव्य और भावपूर्ण प्रसंग सुनाया गया। वृंदावन से पधारे सुप्रसिद्ध कथा वाचक राधिका शरण महाराज ने राम बारात की विस्तृत कथा श्रोताओं को सुनाई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिरस में सराबोर हो गया। राधिका शरण महाराज ने राम बारात के विभिन्न प्रसंगों में जनकपुर की शोभा, बारात की तैयारी, राम-जानकी विवाह, और भगवान श्रीराम के आदर्श चरित्र का मार्मिक वर्णन किया। कथा के दौरान उपस्थित सभी श्रोता भावविभोर होकर मंत्रमुग्ध हो गए। मंदिर प्रांगण में कथा के साथ-साथ भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई है।

### मंदिर में हुई शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा


शिव महिमा का वर्णन करते कथा वाचक।

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** ग्राम लच्छन नगर में स्थित शिव मंदिर में शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर सोमवार को वैदिक मंडल के आचार्यों द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना की गई और मूर्तियों को अन्नाधिवास और फलाधिवास करते हुए शिव परिवार का पूजन किया गया। श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास पंडित सूरज त्रिवेदी ने संतों की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा इस कलि काल में समस्त दुखों को हरने वाली है, जिसके सुनने मात्र से ही मनुष्य के सभी दुख दूर हो जाते हैं। प्रभु की कृपा का पात्र हो जाता है, श्रीमद् भागवत कथा की महिमा का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा को सुनने वाला और कराने वाला दोनों ही भगवान की कृपा के पात्र होते हैं व श्रीमद् भागवत कथा जिस स्थान पर होती है वह स्थान मंदिर का रूप ले लेता है। इस मौके पर कथा यजमान सुशील शुक्ला, ग्राम प्रधान विवेक शुक्ला, शशिकांत, सोनू, करण अवस्थी, अशोक शुक्ला, अजीत, ज्ञानेश, अतुल शुक्ला, अभय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### चोर घर से समेट ले गए नकदी और गहने

**तंबौर, सीतापुर, अमृत विचार :** तंबौर- अहमदाबाद में चोरों ने एक घर में घुसकर नकदी समेत जेवर चोरी लिया। ग्रहस्वामी ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी है। नगर के मोहल्ला अहमदाबाद पश्चिमी निवासी सैफूना पत्नी तसव्वर अली के मुताबिक वो अपने घर में परिवार सहित सो रही थी। तभी पीछे से छत पर चढ़कर चोर घर में घुस आए और कमरे में रखा बख्शा खोलकर उसमें रखे सत्तर हजार रुपये, तीन सोने की मटरमाला, तीन जोड़ी सोने के झाले, चार जोड़ी चांदी की पायल, आठ चांदी की बिछिया, दो जोड़ी चांदी के हाथ फूल चोरी कर ले गए। सुबह जागने पर चोरी की जानकारी हुई। काफी खोजबीन के बाद थोड़ी दूर पर तालाब में खाली बक्सा मिला। कपड़े बिखरे मिले। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है।

# कुल्हाड़ी से वारकर पत्नी की हत्या

## मोबाइल पर बात करने से नाराज था पति, थाना रामगंज के मवैया शिवपुर गांव का मामला

संवाददाता, अमेठी


घटनास्थल पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार


प्रिया की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** पत्नी को मोबाइल पर किसी से बात करते देख आशंकित पति ने गले पर धारदार हथियार से वार कर उसकी हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारा खुद कुल्हाड़ी लेकर थाने पहुंच गया। दिल दहला देने वाली यह घटना जिले के रामगंज थाना क्षेत्र के मवइया शिवपुर गांव की है।

ऋषि वर्मा सोमवार की दोपहर लगभग दो बजे घर पंहुचा तो पत्नी मोबाइल पर किसी से बात कर रही थी। इसे लेकर दोनों के बीच कहासुनी होने लगी। धीरे-धीरे मामला इतना बढ़ गया कि ऋषि ने कुल्हाड़ी से पत्नी के गले पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। घटना में 22 वर्षीय प्रिया की मौके पर ही मौत हो गई। अपराध को अंजाम देने के बाद हत्यारा खून से लथपथ पत्नी के शव को घर पर ही छोड़कर कुल्हाड़ी लेकर रामगंज पुलिस थाना पंहुच गया और अपना गुनाह कबूल कर लिया। बता दें कि चार साल पहले मवइया शिवपुर के ऋषि वर्मा और वहीं की पिंटू बनबासी की बेटी प्रिया का प्रेम परवान चढ़ा था। दोनों ने अपने परिजनों की मर्जी के खिलाफ शादी की थी। विवाह होने के बाद दोनों छप्पर की एक झोपड़ी बनाकर परिजनों से अलग रह रहे थे। सीओ अमेठी मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि पत्नी पर शंका होने के चलते दोनों के बीच हुआ विवाद हत्या का कारण बन गया। अभी तक तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल हत्यारे को हिरासत में लिया गया है।


कलश यात्रा में उपस्थित यजमान श्रद्धालु। अमृत विचार

## कथा के पूर्व निकाली भव्य कलश यात्रा

**तिलोई, अमृत विचार।** श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाएं अमृत कलश सिर पर रख शोभा यात्रा में शामिल हुई। पूरे बबुवाइन मजरे कुटमरा निवासिनी मिथलेश पाण्डेय द्वारा अपने पूर्वजों की पुण्य स्मृति में चारों धाम यात्रा के उपरांत सोमवार को सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पूर्व कलश यात्रा निकाली गई, जो दरवाजे लगे पांडाल से चलकर बाया पूरे गोबरे राज भवन तिलोई व कस्बा तिलोई से होकर पौराणिक हनुमानगढ़ी मंदिर पहुंची। जहां पर यजमान संतोष पाण्डेय व उनकी धर्मपत्नी किरण पाण्डेय ने विधि विधान से पूजन अर्चन किया। इसके पश्चात् हनुमानगढ़ी के सामने स्थित अति प्राचीन सागरे से कलश में जल भरकर फिर से यह यात्रा पानी की टंकी होते हुए यथा स्थान पहुंची। महाराज संतोष तिवारी के निर्देशन में कथा 8 जून तक चलेगी।

## सार-संक्षेप

### युवक से चार लाख रुपयेकी ठगी

**तिलोई, अमृत विचार।** मोहनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे लेगड़ा मजरे पाकरगांव निवासी मनीष कुमार से चार लाख की ठगी हो गई। इस पर मनीष ने धोखाधड़ी का शिकार होने पर ऑनलाइन फर्म सुपर क्वाइन एंड प्रमोद बंसल के खिलाफ थाने में केस दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने रिपोर्ट दर्ज होने की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### किसान गोष्ठी के दौरान माताफेर की तबीयत बिगड़ने से मौत

**शुकुल बाजार।** विकास खंड बाजार शुकुल में सोमवार की शाम लगभग 4 :30 बजे एक किसान गोष्ठी के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। बीज विपणन केंद्र द्वारा आयोजित इस गोष्ठी में भाग लेने आए रामदीन ग्राम पंचायत इन्दरिया के किसान माताफेर पासी (उम्र लगभग 60 वर्ष) की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### डीएवी पब्लिक स्कूल में संगीत कार्यशाला का समापन


कार्यशाला के समापन पर उपस्थित शिक्षक, व छात्र एवं छात्राएं। अमृत विचार

**अमेठी ,अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश संगीत अकादमी, लखनऊ द्वारा प्रायोजित संगीत कार्यशाला 'सुर-संगम' का विधिवत समापन विद्यालय की प्रधानाचार्या लता सिंह के निर्देशन में सकुशल सम्पन्न हुआ। प्रधानाचार्या ने सभी प्रतिभागियों को जीवन में संगीत के महत्व पर बल दिया। इस कार्यशाला में कक्षा 6 से कक्षा 10 तक बच्चों ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। बच्चों ने कार्यशाला के अंतर्गत संगीत परिचय के साथ ही साथ गायन और वादन की बारीकियों को भी सीखा। प्रधानाचार्या लता सिंह ने सभी प्रतिभागियों के प्रदर्शन की सराहना की।

### प्रदेश के तीन वरिष्ठ आईपीएस अफसरों के तबादले

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया गया है। नए डीजीपी की तैनाती होने के बाद सरकार ने तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। जारी आदेश के अनुसार, पीसी मीणा को पुलिस महानिदेशक/सीएमडी पुलिस आवास निगम के साथ डीजी कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। वहीं, आशुतोष पांडेय को पदोन्नत होने के बाद पुलिस महानिदेशक टेलीकॉम और नीरा रावत को पुलिस महानिदेशक आर्थिक अपराधा शाखा (ईओडब्ल्यू) के साथ यूपी-112 का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### विद्युत निगमों को बेचना चाह रही भाजपा : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने बिजली व्यवस्था चौपट कर दी है। इस सरकार ने अपने 8 साल के कार्यकाल में बिजली उत्पादन बढ़ाने के लिए कोई नया पावर प्लांट नहीं लगाया। भाजपा सरकार बिजली व्यवस्था ठीक करने के बजाय विद्युत निगमों को बेचने और उनके निजीकरण के लिए सारे तिकड़म अपना रही है। सपा प्रमुख ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार में ट्रांसफार्मर फुंक रहे हैं। तार गिर रहे हैं। अघोषित कटौती हो रही है। सरकार का ध्यान बिजली उत्पादन बढ़ाने और वितरण व्यवस्था सुधारने की जगह कर्मचारियों को डराने, धमकाने और विभाग के जबरदस्ती निजीकरण पर है।


मासिक बैठक करते डॉ. एवं आशा कार्यकर्ता। अमृत विचार

## आशाओं की मासिक क्लस्टर बैठक संपन्न

**अमेठी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर में सोमवार को आशा कार्यकर्ताओं की मासिक क्लस्टर बैठक हुई। अध्यक्षता चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. संतोष ने की। बैठक में कुल 74 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई जिनका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार और ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना था। मुख्य रूप से टीकाकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, प्रसव पूर्व और पश्चात देखभाल, परिवार नियोजन, क्षयरोग की पहचान और उपचार, संचारी रोगों की निगरानी, पोषण कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, दस्त नियंत्रण पखवाड़ा, आयुष्मान भारत योजना और नियमित स्वास्थ्य सर्वेक्षण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। चिकित्सा अधिकारी ने आशा कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दें और समय पर रिपोर्टिंग करें। बैठक में एआरओ डॉ संतोष कुमार, बीपीएम शंभूनाथ पांडेय, बीसीपीएम तीर्थराज यादव, आशा संगिनी सीमा सिंह,एएनएम, पर्यवेक्षक और स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।

## निगोहा पहुंची विकसित कृषि संकल्प यात्रा

संवाददाता, फुरसतगंज, अमेठी

**अमृत विचार।** न्याय पंचायत निगोहा मुख्यालय पर कृषि विभाग द्वारा संचालित विकसित कृषि संकल्प यात्रा का आयोजन हुआ। उद्देश्य किसानों को सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं के बारे में जागरूक करना और उन्नत खेती की जानकारी देना था। मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष भवानी दत्त दीक्षित व विशिष्ट अतिथि प्रेमशंकर तिवारी रहे। गोष्ठी की अध्यक्षता ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धनराज ने की। कृषि विज्ञान केंद्र कठौरा जगदीशपुर के वैज्ञानिक डॉ. सुरेन्द्र सिंह ने जैविक खेती, महिला कृषकों के लिए घरेलू उत्पाद जैसे अचार,


किसानों को जानकारी देते अनिल गुप्ता। अमृत विचार

मुरब्बा, मोटे अनाजों की उपयोगिता एवं उनके पोषण संबंधी लाभों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने खरीफ सीजन में उगाई जाने वाली फसलों, उन पर लगने वाले रोगों, कीटों तथा खरपतवार नियंत्रण की भी जानकारी साझा की। कृषि बीज भंडार प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता ने कृषि विभाग की योजनाओं आत्मा योजना, कृषि यंत्रीकरण, खेत तालाब योजना, मृदा स्वास्थ्य सुदृढ़ीकरण योजना, बीज ग्राम योजना आदि के बारे में मिलने वाले अनुदानों की जानकारी दी। उद्यान विभाग की ओर से टपक एवं स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली की जानकारी दी गई। किसानों को याद दिलाया गया कि यह धान की नर्सरी डालने का उपयुक्त समय है। नर्सरी में सावधानियां, संभावित समस्याएं, रोग व खरपतवार नियंत्रण की विधियों पर भी विशेष रूप से चर्चा की गई। वरिष्ठ प्राविधिक सहायक कृषि रक्षा कृष्ण कुमार सिंह ने प्राकृतिक एवं जैविक खेती की विधियों के बारे में किसानों को जागरूक किया।

## व्यापारी जिला पंचायत का नहीं देंगे टैक्सः बनवारी

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने लालगंज के एक होटल में स्थानीय व्यापार मंडल की जिला कार्यसमिति की बैठक की। इस दौरान व्यापारियों ने उन्हें अंग वस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा हमारा व्यापारी इनकम टैक्स, मंडी शुल्क, टीडीएस, जीएसटी सहित सात प्रकार के टैक्स देता है। इसलिए अब व्यापारी जिला पंचायत समेत अन्य कोई टैक्स नहीं देगा। उन्होंने कहा कि नगरपालिका व नगर पंचायत द्वारा हाउस व वाटर टैक्स कई गुना बढ़ाने पर भी उन्होंने नाराजगी जताई और कहा कि किसी भी सूरत में दस प्रतिशत से अधिक बढ़ोतरी मंजूर नहीं की जाएगी। प्रदेश संगठन मंत्री मृत्युंजय वाजपेई ने कहा कि जब कोई सराफा व्यापारी किसी से सामान खरीदता है तो अक्सर पुलिस चोरी का माल कहकर उसे पकड़ती है और सामान जब्त कर लेती है लेकिन उसे उसका पैसा नहीं मिलता। इस मौके पर दीप प्रकाश शुक्ला, रविंद्र मुरारका, विवेक शर्मा, रोहित सोनी, अप्पू शर्मा, शिवम गुप्ता, प्रतीक शर्मा, पुष्कर गुप्ता, दीप चंद्रगुप्त, कैलाश गुप्ता, दीपक अवस्थी, रौनक भदोरिया, हंसराज विश्वकर्मा, लाला गुप्ता, रामगोपाल वैश्य, सुरेश सोनकर, श्रवन मौर्य आदि मौजूद रहे।


व्यापार मंडल के जिला कार्य समिति में बोलते हुए प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल।

## पत्रकार की हत्या के मामले में दो नामजद

**अमेठी, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव भगवानपुर निवासी वरिष्ठ पत्रकार की हत्या के मामले में पुलिस ने दो नामजद व तीन अज्ञात सहित पांच पर मुकदमा दर्ज किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं किए जाने पर पत्रकारों ने आंदोलन की चेतावनी दी है

प्रदीप त्रिपाठी की मौत का मुकदमा कोतवाली अमेठी में दर्ज हुआ है। उनके परिजनों के अनुसार उन्हीं के गांव भगवानपुर के निवासी कृष्ण कुमार गुप्ता उर्फ संतोष गुप्ता एवं शिवम गुप्ता और अन्य तीन अज्ञात लोगों के द्वारा प्रदीप त्रिपाठी की हत्या की गई है। पुलिस को दर्ज कराए गए मुकदमे में प्रदीप के पुत्र अमित त्रिपाठी की ओर से कहा गया है कि 18 मई को 5:30 बजे शाम उनके पिता प्रदीप त्रिपाठी को कृष्ण कुमार उर्फ संतोष कुमार ने अपने अमेठी स्थित पुलिस लाइन के पीछे आवास पर बुलाया था। यहां पर उन्हें उनके बकाए की एक लाख रुपए की रकम कृष्ण कुमार से लेना था। रुपए न देने के लिए कृष्ण कुमार ने अपने अन्य चार साथियों के साथ मिलकर उनके पिताजी के साथ मारपीट की और छत से धकेल दिया। गिरने के बाद गंभीर हालत को देखते हुए आरोपी उन्हें मरा हुआ समझकर मौके से फरार हो गए। प्रेस क्लब अमेठी के अध्यक्ष शीतला प्रसाद मिश्र ने पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक को पत्र देते हुए उन्हें सभी पत्रकारों की भावनाओं से अवगत कराते हुए लिखा है कि प्रदीप त्रिपाठी के हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी हो। गिरफ्तारी न होने की दशा में पत्रकार आंदोलन को विवश होंगे।

### वरिष्ठ पत्रकार के निधन पर शोक

पत्रकारों ने भी उनके निधन पर गहरा शोक जताया है। उनके निधन पर वरिष्ठ पत्रकार प्रेस क्लब अध्यक्ष शीतला प्रसाद मिश्र, दिलीप सिंह,अरविंद श्रीवास्तव, रविंद्र तिवारी,सूर्य प्रकाश शुक्ला, अरविन्द सिंह राजा भैया, केशव बाजपेई, दिलीप कुमार यादव,संतोष श्रीवास्तव, तारकेश्वर मिश्रा, लोकेश त्रिपाठी, आलोक रंजन,संजीव भारती, गिरीश तिवारी, ललित कुमार, लालजी तिवारी, रमन पांडे, कौशल किशोर मिश्रा, माता प्रसाद शुक्ला,अर्जुन शुक्ला,मधु सूदन मिश्रा, आदि में गहरा शोक व्यक्त किया है।

## अवैध कब्जे नहीं रोकने से किसान नेता खफा, सौंपा ज्ञापन

**डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के मेल्थुआ में तालाब में किए जा रहे कब्जे एवं जगतपुर बरदरा की सुरक्षित जमीन की शिकायत को लेकर कोई कार्रवाई न होने से भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष अजमेर सिंह ने किसान यूनियन के पदाधिकारी के साथ मिलकर उप जिलाधिकारी डलमऊ को ज्ञापन सौपा है। एसडीएम को दिए गए ज्ञापन में किसान यूनियन ने आरोप लगाया है कि तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांव में सुरक्षित। जमीनों पर लगातार कब्जे किए जा रहे हैं। जगतपुर बारा में चारागाह की जमीन पर कब्जे की शिकायत कई बार तहसीलदार से की गई, लेकिन लेखपाल, कानून और तहसीलदार की मिली भगत से कब्जेदारों पर कार्रवाई नहीं हो पा रही है। मेल्थवा में तालाब की जमीन पर लगातार कब्जा किया जा रहा है, जिस पर राजस्व विभाग की टीम कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। किसान यूनियन ने कई बार तहसीलदार डलमऊ को शिकायती पत्र दिया, लेकिन राजस्व अधिकारी कार्रवाई करने के बजाय भू माफियाओं को संरक्षण दे रहे हैं। किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष अजमेर सिंह ने समस्याओं के निराकरण न होने की दशा में आगामी 24 जून को तहसील परिसर में विशाल किसान पंचायत की चेतावनी भी दी है।

## कृत्रिम अंग हेतु चिन्हांकन शिविर 5 जून से

**अमेठी, अमृत विचार।** जनपद में दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 5 जून से 26 जून तक सभी विकास खण्डों में कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण हेतु चिन्हांकन एवं परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी जिलाधिकारी संजय चौहान ने दी। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, अमेठी द्वारा आयोजित इन शिविरों में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले पात्र दिव्यांगजनों का चिन्हांकन किया जाएगा, ताकि उन्हें कृत्रिम अंग जैसे बनावटी हाथ, पैर, तथा सहायक उपकरण जैसे ट्राईसाइकिल, बैसाखी, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, स्मार्ट केन आदि नि:शुल्क प्रदान किए जा सकें। शिविरों का आयोजन प्रात: 11 बजे से सायं 4 बजे तक संबंधित विकास खण्ड परिसर में किया जाएगा।

## शीघ्र पूर्ण कराएं रेट्रो फिटिंग का कार्यः डीएम

▸▸ कलेक्ट्रेट सभागार में हुई जिला जिला स्वच्छता समिति की बैठक

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिला स्वच्छता समिति एवं जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण मैनेजमेंट कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के तहत हुए कार्यों की समीक्षा की गई। मंडलायुक्त रोशन जैकब के निर्देश पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने सख्त निर्देश दिए कि रेट्रो फिटिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए। डीपीआरओ सौम्य शील सिंह ने बताया कि इसके लिए सभी एडीओ पंचायत को दिशा निर्देश जारी किए गए थे जिससे पूरे प्रदेश में जनपद की रैंकिंग रिट्रोफिटिंग में दूसरी हो गई है। बैठक का मुख्य एजेंडा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु चयनित मॉडल ग्रामों की प्रगति, व्यक्तिगत शौचालय हेतु प्राप्त आवेदन, वित्तीय वर्ष 2024-25 में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की प्रगति, वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 23-24 के रिसोर्स रिकवरी सेंटर के संचालन की स्थिति, सीएससी संचालन की समीक्षा, सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा आदि रहा। ठोस एवं तरंग प्रबंधन किये जा रहे कार्यो की प्रगति जानते हुए प्रबंधन में नवाचार को अपनाने का निर्देश दिया। डीएम ने प्राप्त धन राशि के सापेक्ष कार्य मे प्रगति लाने का निर्देश सभी एडीओ पंचायतो को दिया। उन्होंने ने कहा कि व्यक्तिगत शौचालय आवेदन में हुई कार्रवाई समय से पूरी कराई जाए। उन्होंने ने डीपीआरओ को निर्देशित किया कि सभी एडीओ पंचायत के कार्यों का सत्यापन जिला स्तरीय अधिकारियों से कराया जाए। इनकी मानिटरिंग भी की जाए। सीएचसी संचालन में ध्यान दिया जाए। डीएम ने सीएम डैशबोर्ड की प्रगति जानते हुए रैंकिंग सुधारने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, एसीएमओ डॉ. अशोक, पीडी सतीश प्रसाद मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, स्वच्छ भारत मिशन सदस्य राघवेंद्र सिंह सहित सभी एडीओ पंचायत उपस्थित रहे।


कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करती डीएम हर्षिता माथुर।

## नगर की वीआईपी कॉलोनी की हालत हुई बद से बदतर

अरविंद श्रीवास्तव, अमेठी

**अमृत विचार।** पूर्व पीएम राजीव गांधी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के संसदीय क्षेत्र अमेठी में स्थित आवास विकास कॉलोनी की हालत बद से बदतर हो गई है। कॉलोनी में नामी गिरामी लोगों के आवास बने हैं। यहां पूर्ववर्ती सरकार के कैबिनेट मंत्री रहे गायत्री प्रसाद प्रजापति का भी आवास है। वर्तमान में उनकी पत्नी महराजी प्रजापति ही अमेठी से विधायक हैं।

ऐसे ही शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी, अधिवक्ता, डॉक्टर, पत्रकार, इंजीनियर, बैंक मैनेजर और महाविद्यालय प्रबंधक तक के घर हैं लेकिन सब सिस्टम के आगे बेबस और लाचार हैं। यहां पानी के लिए लगे सभी हैंडपंप हांफ रहे हैं। कुछ का रैंप गायब है। नालियां टूटी हुई हैं। घास-फूस उग आने से वह चोंक हो गई हैं। सफाई कर्मी कभी आते ही नहीं। बरसात में पूरी कॉलोनी की सड़कों पर पानी भर जाता है। बच्चों के खेलने वाले पार्क में लोगों का कब्जा है। समूचे शहर में एक मात्र सरकारी बारात घर जर्जर हालत में है। भवन में दरारें आ गयी हैं। खिड़कियों के शीशे टूट गए हैं। बरसात में छत टपकती है। कॉलोनी वासियों की सुविधा के लिए बना नगर विकास कॉम्प्लेक्स की दुकानों को नगर पंचायत ने अच्छी-खासी रकम लेकर भाड़े पर उठा दिया है। शौचालय लगभग ध्वस्त हो गया है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कार्यकाल की इस कॉलोनी की हालत बदलने की कोशिश महज नेताओं के बयान बाजी तक ही सीमित है। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश मसाला के सम्मान में आवास विकास कॉलोनी के बारात घर में एक मीटिंग हुई थी जिसमें उन्होंने यहां की तस्वीर बदलने का भरोसा दिया था लेकिन वह वादा भी अधूरा है।


खंडहर में तब्दील शौचालय। अमृत विचार


जर्जर बारात घर।

### जल्द बदलेगी कॉलोनी की तस्वीर

नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू कसौधन से जब अमृत विचार संवाददाता ने आवास विकास कॉलोनी की बदहाल स्थिति पर बात की तो उनका कहना है कि नगर की साफ-सफाई के बाद वह आवास विकास कॉलोनी में नालियों की सफाई कराएंगी। नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि फूलचंद कसौधन ने बताया कि जितनी जिम्मेदारी नगर पंचायत की है उतनी ही ग्राम पंचायत महमूदपुर की भी है। उन्हें भी साफ-सफाई के लिए आगे आना चाहिए।

## वादकारियों का हित ही बार पदाधिकारियों का उद्देश्य होना चाहिए

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** सेंट्रल बार एसोसिएशन नव निर्वाचित कार्य समिति का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति/प्रशासनिक जज सौरभ श्याम शमशेरी, विशिष्ट अतिथि जनपद न्यायाधीश राजकुमार सिंह, मोटर एक्ट के चेयरमैन ध्रुव कुमार तिवारी, परिवारिक न्यायालय की प्रथम न्यायाधीश वंदना का अधिवक्ताओं ने स्वागत किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एल्डर कमेटी के अध्यक्ष मानु प्रताप सिंह ने किया। मुख्य अतिथि ने अध्यक्ष पद पर राकेश कुमार तिवारी, महामंत्री पद पर योगेन्द्र कुमार दीक्षित, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सन्तोष कुमार शुक्ल को शपथ दिलाया। इसके अतिरिक्त उपाध्यक्ष पद पर मुकेश कुमार बाजपेयी, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सर्वेन्द्र प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष पद पर सुनील कुमार तिवारी, संयुक्त मंत्री पद पर गोविन्द बहादुर सिंह, शुभम अवस्थी, सुभाष कुमार श्रीवास्तव के साथ वरिष्ठ और कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्यों को विशिष्ट अतिथियों ने शपथ ग्रहण कराया। शपथ ग्रहण के पश्चात अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी और महामंत्री योगेंद्र कुमार दीक्षित ने यह विश्वास दिलाया कि अधिवक्ता हितों के लिए वर्तमान कार्यकारिची पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेगी। साथ ही अधिवक्ताओं की समस्याओं का त्वरित निराकरण करवाया जाएगा। मुख्य अतिथि ने नव निर्वाचित कार्य समिति को बधाई देते हुए कहा कि वादकारियों का हित ही बार पदाधिकारियों का उद्देश्य होना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन शिव कुमार शुक्ल ने किया। पूर्व अध्यक्ष शिव कुमार शुक्ल, रामबरन सिंह, अतुल कुमार शुक्ला, कमलेश पांडे, ओपी सिंह, पूर्व महामन्त्री शशिकांत शुक्ला, विजय बाजपेई, सुनील सिंह, शंकर लाल गुप्ता, रामबहादुर सिंह चौहान, डीपी पाल, कृपा शंकर त्रिपाठी, इंद्र बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।


मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह देते सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**मुसाफिरखाना।** कोतवाली क्षेत्र के जमुवारी गांव के मोड़ के पास सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान जमुवारी निवासी कामता प्रसाद (उम्र लगभग 40 वर्ष) पुत्र गंगादीन के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सड़क किनारे खड़ी एक कार का दरवाजा अचानक खोल दिया गया। इसी दौरान पीछे से आ रहे बाइक सवार कामता प्रसाद कार के दरवाजे से टकराकर सड़क पर गिर पड़े। इससे पहले कि वह संभल पाते, पीछे से आ रही रोडवेज बस ने उन्हें रौंद दिया। गांव में मातम पसरा हुआ है।

# ननद-भाभी को डंपर ने कुचला, मौत

## वाहन का इंतजार करते समय हुई दुर्घटना, हादसे में नौ महीने का बच्चा बाल-बाल बचा

संवाददाता, सरेनी, रायबरेली

**अमृत विचार।** सड़कों पर जानलेवा रूप से दौड़ रहे ओवरलोड वाहनों से आए दिन लोग जान गवां रहे हैं। सोमवार को ऐसा ही एक बड़ा हादसा सरेनी-सेमरी सड़क मार्ग पर हो गया। यहां पर मौरंग से लदे एक अनियंत्रित डंपर ने ननद और भाभी को रौंद दिया। वहीं इस सड़क हादसे में चमत्कारिक रूप से नौ महीने का बच्चा बाल-बाल बच गया। बच्चे को लेकर दोनों महिलाएं वाहन का इंतजार कर रही थी, तभी हादसे का शिकार हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मामला सरेनी थाना क्षेत्र के धूरेमऊ चौराहा गल्ला मंडी के पास का है। अशोक कुमार ने बताया कि उसका भाई आलोक कुमार पुत्र शिवनाथ ग्राम बरुआ बाग मजरा रमईपुर थाना सरेनी मोटरसाइकिल से भाभी नीतू देवी (39) पत्नी अशोक कुमार व बहन अंजू देवी (25) पुत्री शिवनाथ धुरेमऊ गाँव के पास सेमरी जाने वाले वाहन का इंतजार कर रहा था। अचानक एक तेज रफ्तार डंपर आया और उसने दोनों महिलाओं को कुचल दिया। जिससे उसकी भाभी व बहन की दर्दनाक मौत हो गई। युवक सड़क किनारे मोटरसाइकिल खड़ी करके लघुशंका करने के लिये बगल गया था तभी यह हादसा हो गया। टक्कर के बाद गोद में नौ महीने के मासूम बच्चा छिटक कर दूर जा गिरा, जिससे वह भी मामूली रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद पुलिस ने डंपर को कब्जे में ल लिया है। लेकिन चालक और क्लीनर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही फरार डंपर चालक और क्लीनर की तलाश शुरू कर दी है।स



रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

### नंबर प्लेट पर कालिख, कार्रवाई पर मौन

सरेनी थानाध्यक्ष शिवाकान्त पांडे ने बताया कि सड़क हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई है, जबकि एक बच्चा सुरक्षित है। इस हादसे में डंपर को कब्जे में ले लिया गया, जबकि चालक फरार है। शवों का पंचनामा करके आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं ओवरलोड ओर नंबर प्लेट पर कालिख लगाकर चलने वाले वाहन चालकों पर क्या कार्रवाही पुलिस कर रही है कि सवाल पर उन्होंने कोई जवाब नही दिया। जबकि पुलिस से बचने के लिये इस प्रकार के हथकंडे अपनाकर ट्रक चालक सड़कों पर तेज गति से वाहन चलाते हैं और हादसे का कारण बनते हैं।

## कार और ई-रिक्शा में टक्कर, बुजुर्ग की मौत

**नसीराबाद, रायबरेली, अमृत विचार।** कार और ई रिक्शा के आमने-सामने भिड़ंत में गम्भीर रूप से घायल एक बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। घटना रविवार की है। करीब चार बजे नसीराबाद थाना क्षेत्र के जायस-सलोन मार्ग पर पूरे मर्दन से चन्द्रपाल सिंह, सोना देवी व प्रेमा देवी ई-रिक्शा से मेहंदीगंज बाजार जा रहे थे। चतुरपुर मोड़ पर संजय मौर्य पुत्र शिवराम निवासी ग्राम धरई थाना नसीराबाद ने कार से जोरदार टक्कर मार दिया। इससे ई-रिक्शा पलट गया। घायलों को नसीराबाद अस्पताल पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने चन्द्रपाल सिंह को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सोमवार उनकी मौत हो गई। चन्द्रपाल की लड़की ज्ञानवती पत्नी मनोज कुमार सिंह ने नसीराबाद थाने में तहरीर दी है। थाना प्रभारी कमलेश कुमार ने बताया कि मृतक की लड़की की तहरीर पर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम भेज दिया गया। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# रोटरी क्लब ने कन्याओं को वितरित कीं साइकिलें



समारोह में जरूरतमंद कन्याओं को साइकिल वितरित करते अतिथि।

**रायबरेली, अमृत विचार।** रोटरी क्लब द्वारा आधा दर्जन जरूरतमंद कन्याओं को निशुल्क साइकिलें वितरित की गई। साइकिल वितरण समारोह शहर के रोटरी सेवा केन्द्र में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि रोटरी क्लब के पूर्व मंडलाध्यक्ष सुनील बंसल रहे।

मुख्य अतिथि ने रायबरेली में रोटरी क्लब द्वारा संचालित सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यदि हर व्यक्ति स्वस्थ और शिक्षित होगा, तभी देश का विकास तेजी से संभव होगा। उन्होंने यह भी कहा कि रोटरी क्लब इन दोनों ही क्षेत्रों में अपनी सेवाएं नियमित रूप से प्रदान कर रहा है, जो अत्यंत सराहनीय है। रोटरी क्लब के अध्यक्ष राकेश कक्कड़ ने आए हुए अतिथियों और सदस्यों का स्वागत किया। रोटरी मंडल से आए अमित जायसवाल और विवेक अग्रवाल ने कहा कि 50 वर्षों से निरंतर सामाजिक क्षेत्र में अपनी निःशुल्क सेवाएं देकर रायबरेली में रोटरी क्लब द्वारा नया कीर्तिमान स्थापित किया है। रायबरेली में रोटरी क्लब द्वारा संचालित सेवा कार्यों की जानकारी पूर्व अध्यक्ष अजय त्रिवेदी द्वारा दी गई। समारोह का संचालन गोविंद खन्ना के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में छात्रा लक्ष्मी, अंकिता, आराधना सहित छह बालिकाओं को साइकिलें वितरित की गईं। इस अवसर पर रोटरी सचिव विवेक सिंह, रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष एस एल चंदवानी, संजय सबरवाल, अरविंद श्रीवास्तव, आरके सोनी, राजीव भार्गव, डॉ. ज्ञानेन्द्र चतुर्वेदी, पीएस सलूजा उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### समर कैंप : बच्चे कई विधाओं में हो रहे माहिर


**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के खेरवा स्थित सूबेदार मेजर रामफल सिंह स्मारक इंटर कॉलेज में छात्रों को अतिरिक्त स्किल्स डेवलपमेंट, शिक्षा में अभिरुचि बढ़ाने के लिए समर कैंप चलाया जा रहा है। कैंप के माध्यम से विद्यालय के बच्चों को पेंटिंग, रंगोली बनाना, योगाभ्यास, संगीत आदि कलाओं में निपुण बनाने के साथ साथ उनके सामाजिक व शैक्षणिक मूल्यों को सिखाए जाने के अवसर भी दिए जा रहे हैं। साथ ही खेल में भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया जा रहा है। ताकि छात्र भविष्य में बेहतर मुकाम हासिल कर सकेंगे। विद्यालय की प्रबंधक योगिता सिंह ने बताया कि समर कैंप सरकार का महत्वपूर्ण ड्रीम प्रोजेक्ट है। इसके माध्यम से बच्चों में शिक्षा के साथ साथ सामाजिक, मानसिक व अन्य गतिविधियों के साथ साथ क्षेत्रीय लोक विधाओं की भी जानकारी दी जा रही है। यह समर कैंप 10 जून तक चलाया जाएगा।



समर कैंप में बच्चों को चित्रकला का अभ्यास कराती शिक्षिका।

### जेईई एडवांस में चयनित होने पर खुशी की लहर

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू के छात्र अंश प्रताप सिंह के जेईई एडवांस्ड-2025 में चयनित होने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने सम्मानित किया है। छात्र अंश प्रताप सिंह ने इसके पहले जेईई मेंस भी 99 .62 परसेंटाइल के साथ उत्तीर्ण कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। अंश प्रताप सिंह के पिता अनिल कुमार सिंह ने बताया कि उनके बेटे के जेईई एडवांस में चयनित होने से विद्यालय परिवार ने खुशी जाहिर करते हुए उनके घर पहुंचकर उनके बेटे को सम्मानित किया। बेटे अंश ने अपनी स्कूली शिक्षा एनएसपीएस से ग्रहण की। इसने हाईस्कूल की परीक्षा-2022 तथा इंटरमीडिएट-2024 में उत्तीर्ण की थी। छात्र का जेईई एडवांस्ड में चयन होने पर विद्यालय परिवार गौरवान्वित है। प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने बताया कि छात्र अंश प्रताप सिंह हमारे विद्यालय का होनहार व प्रतिभावान छात्र रहा है। छात्र अंश ने अथक प्रयास और समर्पण से विद्यालय का नाम रोशन किया है। जिससे हम और हमारा विद्यालय परिवार बहुत ही खुश है। उन्होंने ये भी कहा कि छात्र अंश विद्यालय के लिए प्रेरणा श्रोत है उनकी इस सफलता से अन्य छात्र भी प्रेरित होंगे। इस मौके पर उप- प्रधानाचार्या रजनी श्रीवास्तव, शिक्षक मो .सुलेमान, आरएन सिंह ने छात्र के गांव भवनियापुर पहुंचकर बधाई दी।



छात्र अंश प्रताप सिंह के साथ प्रधानाचार्य राजीव सिंह व रजनी श्रीवास्तव।

### एडीए स्पोर्टिंग क्लब ने कप पर जमाया कब्जा

**डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के सराय लखनी में पिछले 15 दिनों से चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच सोमवार को खेला गया। बेहद ही रोमांचक मुकाबले में एडीए स्पोर्टिंग क्लब ने बेला खारा स्पोर्टिंग क्लब को दो विकेट से हराकर शील्ड पर कब्जा कर लिया। इससे पहले बेला खारा के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया। निर्धारित 15 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 112 रन बनाए, जिसमें दुर्गेश ने नाबाद 26 रनों का योगदान दिया। एडीए स्पोर्टिंग क्लब की तरफ से अमन, अदनान, मंगल एवं शुभम ने निर्धारित तीन-तीन ओवरों में दो-दो विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एडीए स्पोर्टिंग क्लब ने संभल कर बल्लेबाजी करते हुए मुकाबला 10 गेंद शेष रहते दो विकेट से जीत लिया। जिसमें फैयाज ने पारी की शुरुआत करते हुए 29 एवं अमित चंदी ने 29 रन का योगदान दिया। बेला खारा की ओर से सनी सिंह ने निर्धारित तीन ओवरों में चार विकेट हासिल किए, जिन्हें मैन ऑफ सीरीज का पुरस्कार दिया गया। एडीए स्पोर्टिंग क्लब के अमन को 12 रन दो विकेट एवं एक बेहतरीन कैच लेने के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान पखरौली रमेश पासी ने विजेता टीम के कप्तान विश्वेशर मौर्य को विजेता ट्रॉफी सौंपी दी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है।



फाइनल जीतने पर कप के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी।

### कथावाचक ने भक्तों को कराया कथा का रसा स्वादन

**रायबरेली, अमृत विचार।** गड़हा मजरे दाऊद नगर पो. सन्दी नागिन में छठवें दिन भी श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया। कथावक्ता सूरज तिवारी महराज व्यास ने भगवान की अनेक लीलाओं में श्रेष्ठतम लीला रास लीला का वर्णन करते हुए बताया कि रास तो जीव का शिव के मिलन की कथा है। यह काम को बढ़ाने की नहीं काम पर विजय प्राप्त करने की कथा है। भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग को सुनाते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुक्मणि के साथ संपन्न हुआ, लेकिन रुक्मणि को श्रीकृष्ण द्वारा हरण कर विवाह किया गया। इस कथा में समझाया गया कि रुक्मणि स्वयं साक्षात लक्ष्मी है और वह नारायण से दूर रह नही सकती। यदि जीव अपने धन अर्थात लक्ष्मी को भगवान के काम में लगाए तो ठीक, नही तो फिर वह धन चोरी द्वारा, बीमारी द्वारा या अन्य मार्ग से हरण हो ही जाता है। श्रीकृष्ण भगवान व रुक्मणि के अतिरिक्त अन्य विवाहों का भी वर्णन किया गया। इस मौके पर परमेश्वर मौर्य, जगजीवन मौर्य, रामअवध मौर्य, महेश मौर्य, ललित, सुरेश, ऋतुराज, निलेश, मनोज, अशोक, विनोद अभिषेक अशोक, सुनील, संतोष, आशु, पवन, मोहित, अनिल, अमित आदि भक्त उपस्थित रहे।

### एनसीसी कैडेटों को दिया गया प्रशिक्षण

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बावन बुजुर्ग बल्ला महाराजगंज में चौथे दिन भी 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यहां पर विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण जैसे सेक्शन फॉर्मेशन, फील्ड सिग्नल, समाज सेवा में एनसीसी कैडेटों का योगदान, फायर कंट्रोल ऑर्डर, यातायात जागरूकता संबंधी परीक्षण दिया गया। कैम्प कमांडेन्ट कर्नल विक्रमादित्य सिंह पाल द्वारा बताया गया कि एनसीसी कैडेटों को सभी प्रशिक्षकों द्वारा पूरी मेहनत और मनोयोग से प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस दौरान सूबेदार मेजर नरेश कुमार, लेफ्टिनेंट दिनेश कुमार, लेफ्टिनेंट राजनरायन, लेफ्टिनेंट रत्नेश कुमार, लेफ्टिनेंट प्रकाश चन्द्र, लेफ्टिनेंट सौरभ कुमार, सूबेदार दर्शन सिंह, ट्रेनिंग जेसीओ सूबेदार जगमोहन, सूबेदार डब्बल सिंह, नायब सूबेदार संजय सिंह, नायब सूबेदार देवेन्द्र सिंह, टीएचएम विजय पाल, सीएचएम मनोज, सीएचएम आनंद, हवलदार राकेश सिंह, हवलदार सतीश, हवलदार गजेन्द्र सहित समस्त आर्मी एवं सिविल स्टाफ मौजूद रहे।

# जून माह की ग्राम चौपाल के लिए अधिकारी नामित

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने माह जून के प्रत्येक शुक्रवार को समस्त विकास खंडों की ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली ''ग्राम चौपाल'' (गाँव की समस्याए गाँव में समाधान) के लिए विकास खण्डवार रोस्टर निर्धारित किया है। निर्धारित रोस्टर के अनुसार परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त, श्रम रोजगार एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार द्वारा ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली ग्राम चौपाल में से किसी एक विकासखंड की ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया जायेगा।

निर्धारित रोस्टर के अनुसार छह जून को परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, विकास खण्ड छतोह में, जिला विकास अधिकारी विकास खण्ड डलमऊ में, उपायुक्त, श्रम रोजगार विकास खण्ड रोहनियां में एवं विकास खण्ड राही में उपायुक्त, स्वतः रोजगार की अध्यक्षता में किसी एक विकास खण्ड के ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया जायेगा।

इसी प्रकार 13 जून को परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, सरेनी में, जिला विकास अधिकारी हरचन्दपुर में, उपायुक्त, श्रम रोजगार डीह में एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार सतांव में। 20 जून को परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, दीनशाहगौरा में, जिला विकास अधिकारी महराजगंज में, उपायुक्त, श्रम रोजगार खीरों में एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार अमावां में। 27 जून को परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जगतपुर में, जिला विकास अधिकारी सलोन में, उपायुक्त, श्रम रोजगार शिवगढ़ में एवं उपायुक्त, स्वतः रोजगार विकास खण्ड लालगंज के किसी एक ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण करायेंगे।

## अपहरण पीड़िता को दौड़ा रही ऊंचाहार व कुंडा पुलिस

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र से प्रतापगढ़ के कुंडा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव ननिहाल गई किशोरी का उस समय अपहरण हो गया जब वह अपनी मां के साथ बाजार गई हुई थी। पीड़िता कार्रवाई के लिए कुंडा और ऊंचाहार पुलिस के चक्कर काट रही है। पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। मामला कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के गांव की रहने वाली एक महिला अपनी बेटी के साथ प्रतापगढ़ जनपद के कुंडा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव अपने मायके गई हुई थी। महिला का कहना है कि उसके मायके के पास में एक बाजार लगती है, जहां पर वह अपनी बेटी के साथ खरीदारी करने गई थी। वह अपनी बेटी से थोड़ी दूर पर खरीदारी कर रही थी, तभी बाइक सवार कुछ युवक पहुंचे और उसकी बेटी को जबरन बाइक पर बैठा कर भाग गए। अपनी बेटी को अपहरण होते हुए देखा तो वह चीखी चिल्लाई। इसके बाद पीड़िता ने मामले की तहरीर प्रतापगढ़ जिले के कुंडा कोतवाली में दी। कुंडा कोतवाली पुलिस ने उसे ऊंचाहार कोतवाली भेज दिया। उसने ऊंचाहार पहुंचकर मामले की तहरीर कोतवाली में दी, किंतु ऊंचाहार पुलिस ने भी मामले को कुंडा कोतवाली बताकर टरका दिया। पीड़िता ने अब पुलिस अधीक्षक से प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई है। महिला का कहना है कि उसकी बेटी के साथ अनहोनी हो सकती है। इसलिए उसे तत्काल बरामद किया जाए। कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि घटना कुंडा कोतवाली क्षेत्र की है। इसलिए इस प्रकरण में कार्रवाई कुंडा पुलिस करेगी।

# डीपीआरओ ने योगाभ्यास कर साधकों का किया मार्गदर्शन

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** मातृभूमि सेवा मिशन धर्म क्षेत्र कुरुक्षेत्र इकाई रायबरेली के तत्वाधान में निश्शुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत राज अधिकारी रायबरेली सौम्य शील सिंह ने योग का विधिवत अभ्यास किया। साथ ही साधकों का उत्साहवर्धन किया।

इससे पहले इकाई के जिला संयोजक प्रदीप पांडेय, जिलाध्यक्ष योगाचार्य बृजमोहन, योग प्रशिक्षिका सोनम गुप्ता, मंडल अध्यक्ष भगवत प्रताप सिंह ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र एवं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की बाल छवि भेंट कर सम्मानित किया। बताया कि मातृभूमि सेवा मिशन इकाई द्वारा दैनिक योग शिविर के तत्वावधान में राना बेनी माधव पार्क बक्स सिंह शहीद स्मारक में सुबह पांच से सात बजे के मध्य आयोजित होता है। जिला संयोजक ने बताया कि बीते तीन वर्षों से लगातार शिविर आयोजित किया जा रहा है।

जिला पंचायत राज्य अधिकारी (डीपीआरओ) सौम्य शील सिंह ने कई प्रकार के योगासन किए और साधकों को उसके लाभ के बारे में भी बताया। कहा कि स्वस्थ रहने के लिए योग बहुत ही जरूरी है। वर्तमान में भागदौड़ की जिंदगी में लोग अपने सेहत का तनिक भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। ऐसे में योगासन ही एक मात्र रास्ता जिस पर चलकर हम निरोगी हो सकते हैं।



मातृभूमि सेवा मिशन इकाई की ओर से चल रहे शिविर में शामिल लोग।

### डीपीआरओ ने किया योगाभ्यास

**रायबरेली, अमृत विचार।** मातृभूमि सेवा मिशन धर्म क्षेत्र कुरुक्षेत्र इकाई के तत्वाधान में राना बेनी माधव पार्क बक्स सिंह शहीद स्मारक में निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर में मुख्य अतिथि जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील सिंह ने योग का विधिवत अभ्यास किया। इस अवसर पर इकाई के जिला संयोजक प्रदीप पांडेय, जिलाध्यक्ष योगाचार्य बृजमोहन, योग प्रशिक्षिका सोनम गुप्ता, मंडल अध्यक्ष भगवत प्रताप सिंह ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र एवं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की बाल छवि भेंट कर स्मृतिचिन्ह से सम्मानित किया। प्रतिदिन राना बेनी माधव पार्क बक्स सिंह शहीद स्मारक में प्रात: 5 से 7 बजे के मध्य योग शिविर का आयोजन किया जाता है।



डीपीआरओ सौम्य शील सिंह।

# गश्त पर निकली पुलिस के हत्थे चढ़े दो बदमाश, माल बरामद

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** रात्रि में गश्त पर निकली लालगंज पुलिस ने डलमऊ ओवरब्रिज के पास से दो बदमाशों को चोरी के सामान के साथ पकड़ लिया है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि लालगंज नगर में 28 अप्रैल को कैलाश गुप्ता की दुकान से पकड़े गए बदमाशों ने गल्ले से रुपए चोरी कर लिए थे।

वहीं 29 मई को बैंक के सामने से टिंकू गौतम से 30 हजार रुपए ठग लिए थे। लूट और टप्पेबाजी की दोनों घटनाओं को अंजाम देने वाले बदमाश मो. अजहरुद्दीन पुत्र जमालुद्दीन कटरा अब्दुल गनी सराय जीटी रोड थाना कोतवाली फतेहपुर का निवासी है। वहीं दूसरा बदमाश मोहम्मद अरमान पुत्र मोहम्मद शकील सैयद बाड़ा फतेहपुर का ही निवासी है। प्रभावी निरीक्षक ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों के पास से चोरी और टप्पेबाजी का 26 हजार दो सौ रुपए बरामद हुआ है। वही तीन अदद मोबाइल, छह अदद पर्स सहित एक बाइक भी बरामद हुई है। बदमाशों को पकड़ने वाली टीम में सब इंस्पेक्टर नितिन मलिक, सब इंस्पेक्टर अमरेश द्विवेदी सिपाही अमित, ऋषभ और मुकुल चौधरी शामिल रहे।

### बैग लेकर भाग रहे चोरों को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ा

**डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार।** गदागंज थाना क्षेत्र के सरदारगंज तिराहा पर हमीर मऊ निवासी अरुण कुमार सिंह की सीमेंट सरिया की दुकान है। सोमवार लगभग 11 बजे वह दुकान के बाहर बैग रखकर गोदाम की तरफ चले गए। तभी बाइक से आए दो युवक बैग चोरी कर भागने लगे। वहीं कुछ दूरी पर खड़े पूर्व प्रधान व रिटायर्ड फौजी कमलेश बहादुर सिंह ने उन्हें देख लिया और अपनी कार से अरुण कुमार सिंह के साथ पीछा किया। लगभग चार किलोमीटर तक पीछा करने के बाद युवक बैग फेंक कर भाग रहे थे। तभी पूर्व प्रधान फौजी ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल निकाल ली, जिससे डर कर दोनों युवक रुक गए। वहां पर बड़ी संख्या में ग्रामीण भी इकट्ठा हो गये। युवकों ने झाड़ी में फेंके गए बैग को लाकर सुपुर्द किया। पूर्व प्रधान कमलेश बहादुर सिंह ने बताया कि पकड़े गए दोनों युवक शोभित तिवारी एवं राहुल यादव थाना हुसैनगंज जनपद फतेहपुर के रहने वाले हैं। दोनों को बाइक के साथ गदागंज थाने में पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है। थाना प्रभारी बालेंदु गौतम ने बताया कि रिटायर्ड फौजी ने चोरों को पकड़ा है। थाने में सुपुर्द किया गया है विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# विद्युत चोरी में दो लोगों पर केस दर्ज

संवाददाता, सेमरी, रायबरेली

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेमरी उपकेंद्र की टीम ने सोमवार को उपखंड अधिकारी खीरों के नेतृत्व में बिजली चोरी रोकथाम के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दो वाणिज्यिक उपभोक्ता चोरी से बिजली का उपयोग करते हुए पकड़े गए।

अभियान के दौरान मोहम्मद बशीर पुत्र मोहम्मद रफीक, निवासी ग्राम भितरी, महारानीगंज, खीरों अपने आरओ प्लांट के संचालन में चोरी की बिजली का उपयोग करता पाया गया। वहीं, कुसुम एजेंसी के मालिक अनिल कुमार सिंह पुत्र गुरबख्श सिंह, निवासी महारानीगंज, सेमरी, दुकान व मकान में अवैध रूप से विद्युत उपभोग करते हुए पकड़े गए। दोनों उपभोक्ताओं के विरुद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135(आ) के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कराया गया है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि बिजली चोरी एक गंभीर अपराध है और ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। उपखंड अधिकारी ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के औचक निरीक्षण जारी रहेंगे, जिससे विद्युत क्षति को रोका जा सके और ईमानदार उपभोक्ताओं को लाभ मिल सके।

## 72 घंटे बाद भी शव की शिनाख्त नहीं

**डलमऊ, रायबरेली।** क्षेत्र के वीआईपी घाट पर बीते दिनों मिले अज्ञात शव की पहचान नहीं हो सकी। 72 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस शव की शिनाख्त नहीं कर पाई है। सोमवार को उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। डलमऊ के वीआईपी घाट के निकट गुरुवार को कुछ स्नानार्थियों ने गंगा नदी में शव उतरता हुआ देखा। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। उस समय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी डलमऊ श्याम कुमार पाल ने बताया कि शव की पहचान न होने की वजह से उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

लापरवाही

आधुनिक रेल कोच फैक्ट्री में सुरक्षित नहीं आवासीय कॉलोनी, चोरी की वारदातों से कर्मचारियों में डर का माहौल

# सुरक्षाकर्मियों व सीसीटीवी का नहीं है भय, टूट रहे ताले

सुशील शुक्ला, लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** वैसे तो रेल कोच कारखाना में सुरक्षा के सारे इंतजाम हैं। वजह, यहीं पर रेल कोच फैक्ट्री और रेल पहिया कारखाना है। ऐसे में कोई परिंदा भी परिसर में ना घुस सके इसके लिए हर इंतजाम हैं। लेकिन जिस तरह से एक के बाद एक करके चोरी की वारदाते हो रही हैं, इससे स्पष्ट हो गया है कि कहीं ना कहीं ढोल के अंदर पोल है। पिछले एक साल के आंकड़ों पर नजर डाले तो चोरों ने अब तक करीब 50 घरों को निशाना बना चुके हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार अभी तक सतर्क होते नहीं दिखाई दे रहे हैं। सबसे खास बात सुरक्षा के मद्देनजर यहां पर रेलवे पुलिस के साथ ही सीसी कैमरा तक है, लेकिन इन सबको दरकिनार कर चोर मंसूबे में कामयाब हो रहे हैं।




आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना। अमृत विचार

### बंद घरों को निशाना बना रहे चोर

चोर बंद घरों को ही निशाना बना रहे हैं। अगस्त 2024 में 25 घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इसके तहत 18 अगस्त को इसी आवासीय परिसर के टाइप-2 क्वार्टर में 15 घरों में चोरी की घटना हुई थी। उस समय ज्यादातर कर्मचारी छुट्टियों पर अपने पैतृक घर गए हुए थे। चोरों ने एक साथ कई कमरों के ताले तोड़कर नकदी और अन्य सामान चुरा लिया था। इसके बाद सप्ताह भर के अंदर ही 10 सरकारी क्वार्टरों में चोरी हुई है। इसके बाद अप्रैल 2025 में तीन घर और बीती शनिवार की रात को आठ घरों में चोरी की वारदात को अंजाम देकर चोर आसानी से फरार हो गए। इतने सुरक्षित माने जाने वाले परिसर में बार-बार हो रही चोरी ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### अब तक 50 से अधिक हो चुकी हैं चोरी की घटनाएं

आधुनिक रेल कोच कारखाने के मजदूर संघ के अध्यक्ष आदर्श सिंह बघेल ने चोरी की घटना के प्रति आक्रोश जताते हुए कहा कि अब तक पांच बार चोरियां हो चुकी हैं। कालोनी में 50 से ज्यादा घरों के ताले टूट चुके हैं। लाखों रुपये की चोरियां होने के बाद भी कोई सही खुलासा नहीं हो सका। हर बार सिर्फ खाना पूर्ति होती रही।

# कॉलोनी में चोरी की वारदात पर भड़के कर्मियों ने किया घेराव

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** रेल कोच में हुई चोरी की घटना के दूसरे दिन रेल कोच के सैकड़ो कर्मचारियों और यूनियन के नेताओं ने महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव किया। महाप्रबंधक पीके मिश्रा ने कर्मचारियों के प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुनकर सीसीटीवी लगाए जाने का आश्वासन दिया।

आवासीय परिसर में 35 के लगभग सुरक्षाकर्मी ड्यूटी करते हैं लेकिन फिर भी रेल कोच कारखाने की आवासीय परिसर में बार-बार चोरी की घटनाओं से रेल कोच प्रशासन पर सवालिया निशान खड़ा हो गया है। बताते चलें कि मॉडर्न कोच फैक्ट्री की कॉलोनी स्मार्ट कालोनी के रूप में जानी जाती है, लेकिन वही कॉलोनी चोरों व चोरियों के लिए सबसे सुरक्षित व आसान जगह बन गई है। आधुनिक रेल कोच कारखाने के मजदूर संघ के अध्यक्ष आदर्श सिंह बघेल, महामंत्री सुशील गुप्ता ने चोरी की घटना के प्रति आक्रोश जताते हुए कहा कि अब तक 5 बार चोरियां हुई। लगभग 50-60 से ज्यादा घरों के ताले टूटे, लाखो रुपए की चोरियां होने के बाद भी कोई खुलासा नहीं हुआ। सुरक्षा के नाम स्टील के कुंडी, लोहे के गेट लगाए गए हैं वह भी फेल सिद्ध हुए हैं। चोरी के नाम पर बाउंड्रीवाल छह इंच ऊंची की गई और कटीले तार बाउंड्री में लगाये। उनको भी काट कर चोर चोरी कर ले गए। सीसीटीवी कैमरे लगाए गए, उनका भी नतीजा लगभग शून्य ही रहा। एमसीएफ मजदूर संघ सहित अन्य यूनियन के नेताओं ने भी चोरी की घटनाओं के प्रति नाराजगी जताते हुए सैनिक कल्याण निगम में नौकरी कर रहे नवयुवकों को हटाने और पूर्व फौजियों को ही भर्ती करने की भी मांग की है।



रेल कोच महाप्रबंधक के कार्यालय का घेराव करते कर्मचारी। अमृत विचार

अप्रशस्तानि कार्याणि यो मोहादनुतिष्ठति।
स तेषां विपरिभ्रंशाद् भ्रंश्यते जीवितादपि ॥

जो मोह –माया में पड़कर अन्याय का साथ देता है, वह अपने जीवन को नरक–तुल्य बना लेता है।

## संपादकीय

# बड़ा विमानन बाजार

चार दशकों में भारत में बहुत कुछ बदल चुका है और आज का भारत पहले से कहीं ज्यादा आत्मविश्वास से भरा हुआ है। भारत का तेजी से बढ़ता विमानन क्षेत्र अग्रणी वैश्विक कंपनियों के लिए बेहतर निवेश अवसर प्रदान करता है। सोमवार को इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के वार्षिक सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ठीक ही कहा कि देश 2030 तक दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा विमानन बाजार बनने की राह पर है। देश में निवेश का यही है सही समय है और यहां भरपूर संभावनाएं हैं। देश को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। वास्तव में भारत एक ऐसे बदलाव के दौर से गुजर रहा है जो अभूतपूर्व आर्थिक चुनौती और अवसर प्रस्तुत करता है। देश को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए, भारत सरकार मेक इन इंडिया पहल के तहत कई प्रयास कर रही है। यह पहल निवेश, नवाचार, बौद्धिक संपदा की रक्षा और विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देती है। सरकार हवाई अड्डों और बंदरगाहों जैसे बुनियादी ढांचे में निवेश कर रही है, जिससे विनिर्माण को बढ़ावा मिल रहा है।

सरकार, निवेशक और उद्यमी, भारतीय विनिर्माण क्षेत्र के विकास के लिए आशावादी हैं। हालांकि चीन वैश्विक विनिर्माण और ऊर्जा संक्रमण पारिस्थितिकी तंत्र में एक प्रमुख शक्ति है क्योंकि इसने अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता और आर्थिक नीति का लाभ उठाकर रणनीतिक लाभ प्राप्त किया है। इसके बावजूद भारत एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है और इस प्रक्रिया में कई महत्वपूर्ण बदलाव आ रहे हैं। अनिश्चित वैश्विक माहौल के बीच भारत को विनिर्माण महाशक्ति बनने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार, निजी क्षेत्र, अनुसंधान एवं विकास संस्थानों और वित्तीय हितधारकों के समन्वित प्रयास महत्वपूर्ण हैं। सरकार भारत की उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है। अभियान के तहत, भारत को आत्मनिर्भर बनाने और विदेशी निर्भरता को कम करने के लिए विनिर्माण क्षेत्र को मजबूत किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के विजन से प्रेरित होकर विमान घटक विनिर्माण के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी वैश्विक विमानन केंद्र बनने के लिए प्रतिबद्ध है। अपेक्षाकृत प्रतिकूल वैश्विक परिवेश में, भारत को एक विनिर्माण महाशक्ति बनने की महत्वाकांक्षा को साकार करने में सक्षम बनाने के लिए सरकार को इस क्षेत्र में अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए प्रोत्साहन देने चाहिए।

# बढ़ता तापमान जीवन के लिए संकट का सबब बना



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

**कहना ग़लत नहीं होगा कि ग्लेशियर अब किताबों का ही हिस्सा बनकर रह जाएंगे। ग्लोबल वार्मिंग बढ़ने के कारण दुनिया के कई तटीय शहर डूब जाएंगे। यदि हम यहां आंकड़ों की बात करें तो भारत में मुंबई, चेन्नई, विशाखापट्टम जैसे कई तटीय शहरों का बड़ा इलाका क़रीब दो फुट तक पानी में डूब जाएगा।**

**हिंदू कुश हिमालय का ग्लेशियर दो अरब लोगों का भरण–पोषण करने वाली नदियों को पानी देता है, लेकिन सदी के अंत तक ये अपनी 75 प्रतिशत बर्फ खो सकता है, जिससे नदियों का पानी भी सूख सकता है। यहां कहना ग़लत नहीं होगा कि अगर दुनिया के देश तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक रोक पाते हैं (जैसा कि पेरिस समझौते में तय हुआ था), तो हिमालय और कॉकेशस पर्वत में ग्लेशियर की 40–45 प्रतिशत बर्फ बचाई जा सकती है। यानी अब भी कुछ किया जाए, तो हालात बहुत हद तक सुधर सकते हैं। वाकई यह बहुत ही चिंताजनक बात है कि साल 2020 के मुक़ाबले हिंदूकुश हिमालय के ग्लेशियरों में महज़ 25 प्रतिशत बर्फ़ ही रह जाएगी।**

वास्तव में धरती का तापमान का लगातार बढ़ना कहीं न कहीं गंभीर खतरों का संकेत दे रहा है। आज मानव की जीवनशैली लगातार बदलती चली जा रही है और मानवीय गतिविधियों के कारण, अंधाधुंध विकास, जंगलों की अंधाधुंध कटाई, शहरीकरण, औधोगिकीकरण के कारण ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को लगातार बढ़ावा मिल रहा है, जिससे नीले ग्रह पर खतरा मंडराने लगा है। एक जानकारी के अनुसार मानवीय जीवनशैली के कारण इस सदी के अंत तक धरती का औसत तापमान 2.7 सेंटीग्रेट बढ़ जाएगा। वास्तव में धरती के तापमान के इतना बढ़ने का सीधा सा मतलब यह है कि इस सदी के अंत तक धरती के ग्लेशियरों की बस एक चौथाई बर्फ़ ही बची रहेगी तथा बाकी तीन चौथाई बर्फ़ ख़त्म हो जाएगी। ग्लेशियर बर्फ पृथ्वी पर ताजे पानी का सबसे बड़ा भंडार है, जो बर्फ की चादरों के साथ दुनिया के ताजे पानी का लगभग 69 प्रतिशत रखता है। पृथ्वी के कुल जल का लगभग दो प्रतिशत भाग ग्लेशियरों में संग्रहीत है। इतना ही नहीं, ग्लेशियर अतीत की जलवायु के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान करते हैं। ये ग्लेशियर ही हैं, जिनसे कृषि, जल विद्युत एवं पेयजल हेतु जल मिलता है। समुद्र जल स्तर में ग्लेशियरों का महत्वपूर्ण योगदान होता है।

कहना ग़लत नहीं होगा कि ग्लेशियर अब किताबों का ही हिस्सा बनकर रह जाएंगे। ग्लोबल वार्मिंग बढ़ने के कारण दुनिया के कई तटीय शहर डूब जाएंगे। यदि हम यहां आंकड़ों की बात करें तो भारत में मुंबई, चेन्नई, विशाखापट्टम जैसे कई तटीय शहरों का बड़ा इलाका क़रीब दो फुट तक पानी में डूब जाएगा। दरअसल यह खुलासा किसी और ने नहीं बल्कि दुनिया की प्रतिष्ठित पत्रिका साइंस में छपी एक ताज़ा रिसर्च में किया गया है। इस संदर्भ में ताज़ा उदाहरण स्विट्जरलैंड का है, जहां ऊंचे पहाड़ों से टूटे एक ग्लेशियर ने निचले इलाके में तबाही मचा घाटी में बसे ब्लैटन गांव (नब्बे फीसदी गांव को) बर्च नाम के ग्लेशियर ने बर्बाद कर दिया। दरअसल,ग्लेशियरों के इस तरह टूटने के पीछे सबसे बड़ी वजह है धरती के औसत तापमान का बढ़ना। कहना ग़लत नहीं होगा कि तापमान में बढ़ोत्तरी भारी बारिश (अतिवृष्टि), तो कहीं सूखा (अनावृष्टि), कभी ग्लेशियरों की झीलों के फटने तो कभी बड़े तूफ़ानों जैसे अतिमौसमी बदलावों की शक्ल में हमारे सामने आ रहा है। प्रतिष्ठित पत्रिका साइंस में छपी रिसर्च के मुताबिक दुनिया के ग्लेशियर मौजूदा अनुमान से कहीं ज्यादा तेज़ी से पिघल रहे हैं और इस सदी के अंत तक अगर धरती का औसत तापमान अगर 2.7 सेंटीग्रेट और बढ़ा तो दुनिया में मौजूद ग्लेशियरों में सिर्फ़ 24 प्रतिशत बर्फ़ ही बची रह जाएगी, जो कि एक बड़ा और गंभीर खतरा है। जानकारी के अनुसार ग्लेशियरों की 76 प्रतिशत बर्फ़ पिघल चुकी होगी।

पेरिस समझौते में ये तय हुआ था, कि दुनिया के तापमान को पूर्व औद्योगिक तापमान से 1.5 सेंटीग्रेट से ज़्यादा नहीं बढ़ने देना है, लेकिन आज विकसित देश ही कार्बन उत्सर्जन के अधिक जिम्मेदार हैं और कोई भी ग्लोबल वार्मिंग को कम करने को लेकर जिम्मेदार नजर नहीं आते। साइंस पत्रिका में छपी रिसर्च के मुताबिक अगर दुनिया का औसत तापमान 1.5 सेंटीग्रेट तक ही बढ़ा तो भी ग्लेशियरों की 46 प्रतिशत बर्फ़ पिघल जाएगी, सिर्फ़ 54 प्रतिशत बर्फ़ ही बची रहेगी, यह बहुत ही चिंताजनक है, क्यों कि ग्लेशियर पानी के बड़े स्त्रोत होते हैं और जल ही जीवन है। शोध में सामने आया है कि अगर औसत तापमान बढ़ना बंद हो जाए और उतना ही रहे, जितना कि आज है, तो भी दुनिया के ग्लेशियरों की बर्फ़ 2020 के स्तर से 39 सेंटीग्रेट कम हो जाएगी। मतलब यह है कि आज भी तापमान कुछ कम नहीं है और यह नीले ग्रह को काफी नुकसान पहुंचा रहा है। शोध में पाया गया है कि यदि दुनिया का औसत तापमान 2 सेंटीग्रेट बढ़ा तो स्कैंडिनेवियन देशों यानी नॉर्वे, स्वीडन और डेनमार्क के ग्लेशियरों की सारी बर्फ़ पिघल जाएगी। इतना ही नहीं, उत्तर अमेरिका की रॉकी पहाड़ियों, यूरोप के आल्प्स और आइसलैंड के ग्लेशियरों की क़रीब 90 प्रतिशत बर्फ़ पिघल जाएगी।औसत तापमान में 2 सेंटीग्रेट की बढ़ोतरी का भारी असर दक्षिण एशिया में हिंदूकुश हिमालय पर भी पड़ने की संभावनाएं जताई गईं हैं।

हिंदू कुश हिमालय का ग्लेशियर दो अरब लोगों का भरण-पोषण करने वाली नदियों को पानी देता है, लेकिन सदी के अंत तक ये अपनी 75 प्रतिशत बर्फ खो सकता है, जिससे नदियों का पानी भी सूख सकता है। यहां कहना ग़लत नहीं होगा कि अगर दुनिया के देश तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक रोक पाते हैं (जैसा कि पेरिस समझौते में तय हुआ था), तो हिमालय और कॉकेशस पर्वत में ग्लेशियर की 40-45 प्रतिशत बर्फ बचाई जा सकती है। यानी अब भी कुछ किया जाए, तो हालात बहुत हद तक सुधर सकते हैं। वाकई यह बहुत ही चिंताजनक बात है कि साल 2020 के मुक़ाबले हिंदूकुश हिमालय के ग्लेशियरों में महज़ 25 प्रतिशत बर्फ़ ही रह जाएगी। वास्तव में हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हिंदूकुश हिमालय से निकलने वाली नदियां जो गंगा, सिंधु और ब्रह्मपुत्र की घाटियों में बहती हैं वो क़रीब दो अरब आबादी के लिए अनाज, मनुष्य की आजीविका और पानी की गारंटी हैं। वास्तव में आज धरती का लगातार बढ़ता हुआ तापमान न केवल मनुष्य के लिए अपितु धरती के सभी जीवों, वनस्पतियों, हमारे पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र के लिए संकट का सबब बनता चला जा रहा है।

अंत में यही कहूंगा कि ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के लिए हमें सामूहिक रूप से कदम उठाने होंगे और पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमें अपनी जिम्मेदारियों को बख़ूबी समझना होगा। कहना ग़लत नहीं होगा कि हमारे नीले ग्रह को गर्म करने वाले उत्सर्जन को कम करने के लिए स्वच्छ ऊर्जा को अपनाना ही ग्लेशियरों के पिघलने की गति को धीमा करने का सबसे प्रभावी तरीका है। हमें यह बात अपने जेहन में रखनी चाहिए कि धरती के तापमान में मामूली वृद्धि भी कहीं न कहीं मायने रखती है। मानव को समझने की जरूरत है कि विकास के नाम पर हमें प्रकृति से छेड़छाड़ और खिलवाड़ को बंद करना होगा। पर्यावरण के साथ संबंध स्थापित करते हुए भी विकास किया ही जा सकता है। एक जानकारी के अनुसार दुनिया में क़रीब पौने तीन लाख ग्लेशियर हैं।

पृथ्वी पर, 99 प्रतिशत ग्लेशियर बर्फ ध्रुवीय क्षेत्रों में विशाल बर्फ की चादरों (जिन्हें "महाद्वीपीय ग्लेशियर" भी कहा जाता है) के भीतर समाहित है। हमें ग्लेशियरों को संरक्षित करना होगा और जल प्रबंधन को बढ़ावा देना होगा, ताकि भविष्य में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

## प्रसंगवश

# आम आदमी की सवारी

**विश्व साइकिल दिवस पर**

साइकिल मानव ऊर्जा को गतिशीलता में बदलने के लिए अब तक का सबसे कुशल साधन है। साइकिल का व्यापक रूप से परिवहन, मनोरंजन और खेल के लिए उपयोग किया जाता है। साइकिलें उन क्षेत्रों में लोगों और सामान को ले जाने के लिए आवश्यक हैं जहां कम वाहन उपलब्ध हैं। साइकिल से वायु प्रदूषण को कम करने के साथ पूरे शरीर का व्यायाम हो जाता है। ऐसे में विश्व साइकिल दिवस का महत्व समाज के सभी लोगों के बीच साइकिल के इस्तेमाल को बढ़ावा देना और शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य कल्याण को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर साइकिल सवारी को प्रोत्साहित करना है।



रमेश सर्राफ
स्वतंत्र पत्रकार

3 जून 2018 को पहला विश्व साइकिल दिवस मनाया गया। तब से दुनिया में प्रतिवर्ष साइकिल दिवस मनाया जाने लगा है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने परिवहन के सामान्य, सस्ते, विश्वसनीय, स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल साधन के रूप में इसे बढ़ावा देने के लिए विश्व साइकिल दिवस को मनाने की घोषणा की थी। 12 जून 1817 को जर्मनी के मैनहेम में बैरन कार्ल वॉन ड्रैस ने दुनिया की पहली साइकिल पेश की थी। यह लकड़ी से बनी थी और इसमें पैडल, गियर या जंजीर नहीं थी। उसने खुद को पहले एक पैर से और फिर दूसरे पैर से धकेला। उन्होंने इसे लॉफमाशाइन (जर्मन में चलने वाली मशीन) कहा। अब तो जापान के फुकुकोआ शहर में छात्रों ने एक ऐसी साइकिल बनाई है जो हवा से चलती है। भारत की आर्थिक तरक्की में साइकिल ने बहुत अहम भूमिका निभाई है। आजादी के बाद से ही साइकिल देश में यातायात व्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा रही है। खासतौर पर 1960 से लेकर 1990 तक भारत में ज्यादातर परिवारों के पास साइकिल थी। यह व्यक्तिगत यातायात का सबसे ताकतवर और किफायती साधन था। गांवों में किसान साप्ताहिक मंडियों तक सब्जी और दूसरी फसलों को साइकिल से ही ले जाते थे। दूध की सप्लाई गांवों से पास से कस्बाई बाजारों तक साइकिल के जरिये ही होती थी। डाक विभाग का तो पूरा तंत्र ही साइकिल के बूते चलता था।

भारत में भी विकसित की जा रही ज्यादातर आधारभूत आधुनिक संरचनाएं मोटर-वाहनों को ही सुविधा प्रदान करने के लिए बन रही हैं। साइकिल जैसे पर्यावरण-हितैषी वाहन को नजर अंदाज किया जा रहा है। जबकि शहरी व ग्रामीण परिवहन में भी साइकिल का महत्वपूर्ण स्थान है। खासतौर से कम आय-वर्ग के लोगों के लिए साइकिल उनके जीविकोपार्जन का एक सस्ता, सुलभ और जरूरी साधन है। यह इसलिए भी कि भारत का कम आय-वर्ग के लोग अपनी कमाई से प्रतिदिन सौ-पचास रुपये परिवहन पर खर्च करने में सक्षम नहीं हैं। बच्चे सबसे पहले साइकिल चलाना ही सीखते है। इसलिए बचपन में हम सभी ने साइकिल चलाई है। पहले के जमाने में जिसके पास साइकिल होती थी वह बहुत प्रतिष्ठित व्यक्ति माना जाता था। देश की युवा पीढ़ी को अब साइकिल के बजाय मोटरसाइकिल ज्यादा अच्छी लगने लगी है। शहरों में मोटरसाइकिल का शौक बढ़ रहा था। गांवों में भी इस मामले में बदलाव की शुरुआत हो चुकी थी। इसके बावजूद भारत में साइकिल की अहमियत खत्म नहीं हुई है। 1990 के बाद से साइकिलों की बिक्री में बढ़ोतरी आई है। लेकिन ग्रामीण इलाकों में इसकी बिक्री में गिरावट आई है। दरअसल 1990 से पहले जो भूमिका साइकिल की थी। उसकी जगह गांवों में मोटरसाइकिल ने ले ली है। इसके उपरांत भी साइकिल आज भी हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं।

बढ़ते प्रदूषण की वजह से दुनिया के बहुत से देशों में साइकिल चलाने को बढ़ावा दिया जा रहा है। नीदरलैंड की राजधानी एम्सटर्डम में सिर्फ साइकिल चलाने की ही अनुमति है। भारत में भी दिल्ली, मुंबई, पुणे, अहमदाबाद और चंडीगढ़ में सुरक्षित साइकिल लेन का निर्माण किया गया है। उत्तर प्रदेश में भी 200 किलोमीटर लम्बा एशिया का सबसे लंबा साइकिल हाई वे बना है। अभी देश में साइकिल चालकों के अनुपात में साइकिल रोड़ विकसित किए जाने की प्रबल आवश्यकता है। पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से देखा जाए तो दुनिया के देशों में साइकिल की वापसी पर्यावरण की दृष्टि से एक शुभ संकेत माना जा सकता है। भारत सरकार अपनी साइकिल परिवहन व्यवस्था में कुछ जरूरी मूलभूत सुधार करके आम और खास लोगों को साइकिल चलाने के लिए प्रेरित कर सकती है।

# मौजूदा समय में बांग्लादेश नाजुक मोड़ पर



प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

**अब बड़ा सवाल जो उठ रहा है, वह है कि वहां के सुप्रीम कोर्ट ने देश की सबसे बड़ी इस्लामी पार्टी जमात–ए–इस्लामी का पंजीकरण बहाल कर दिया है।**

बांग्लादेश एक बड़े राजनीतिक संकट के दौर से गुजर रहा है। 8 अगस्त 2024 को 'छात्र आंदोलनों' की आड़ में प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से अपदस्थ किए जाने और नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार का मुख्य सलाहकार और प्रमुख के रूप में नियुक्त किए जाने के बाद से बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल का माहौल बना हुआ है। कट्टरपंथी तेजी से मजबूत होकर उभरे हैं। सैन्य जुंटा का दबदबा बना हुआ है। सुप्रीम कोर्ट के संरक्षण से आतंकियों के चुनावों में भाग लेने का रास्ता साफ हुआ है तो दूसरी ओर बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध तय करने में गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है। बात यहीं तक आकर खत्म नहीं होती। मोहम्मद यूनूस ने चीनी निवेशकों को यह कहते हुए आमंत्रित किया है कि वे बांग्लादेश को अपना घर और उत्पादन केंद्र बनाएं। उदारवादी और लोकतंत्र समर्थक हैरान हैं कि बांग्लादेश किस ओर जा रहा है और दुनिया को इस बदलाव को कैसे समझना चाहिए।

भारत के संदर्भ में बात की जाए तो भारत पश्चिम मोर्चे पर युद्ध जैसे हालात का सामना कर रहा है। इस राजनीतिक तनाव के कोलाहल से दूर, ड्रैगन चुपचाप लेकिन निश्चित रूप से भारत के पूर्वी क्षेत्र में अपनी पैठ बना रहा है। कुछ दिन पहले ही मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि चीनी अधिकारियों ने बांग्लादेश के रंगपुर में लालमोनिरहाट एयरबेस का निरीक्षण किया है जिसे सरकार फिर से बनाने की योजना बना रही है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर की अंतरराष्ट्रीय सीमा से बमुश्किल 20 किमी दक्षिण में स्थित ऐसा एयरबेस भारत में चिंता का विषय है, खासकर तब जब भू-राजनीतिक परिदृश्य गंभीरता का विषय बना हो। सिलीगुड़ी कॉरिडोर, जिसे चिकन नेक के रूप में भी जाना जाता है, नेपाल और बांग्लादेश दोनों की सीमाओं के पास स्थित है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि दो राष्ट्रीय राजमार्ग और दो ब्रॉड-गेज रेलवे लाइनें यहां से गुजरती हैं, कई सड़क और रेलवे पुल हैं, और लाखों टन माल पूर्वोत्तर में आता-जाता है और भूटान से भी इसकी कनेक्टिविटी है। यह तथ्य भी जगजाहिर है कि 1967 में सिक्किम के नाथू ला इलाके में चीन की कई आक्रामक कार्रवाइयों के कारण सशस्त्र झड़पें हुईं, जिसका भारतीय सेना ने बहुत ही जोरदार तरीके से जवाब दिया। नाथू ला में चीन की कार्रवाइयां क्षेत्र में क्षेत्रीय दावों और प्रभाव को स्थापित करने की उसकी रणनीति का हिस्सा रही हैं। ऐसे में मोहम्मद यूनूस का यह कहना कि अंतरिम सरकार सुधारों को लागू करने, निवेश के माहौल को बढ़ाने, नियामक ढांचे को सुव्यवस्थित करने और व्यापार संचालन के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने में दृढ़ रही है, कई बड़े निहितार्थ लिए है जिस पर भारत को सतर्कता से नजर रखनी होगी।

कूटनीतिक फेरबदल और विवादास्पद नीतिगत निर्णयों से सरकार और शीर्ष अधिकारियों तथा विदेश सेवा के बीच गहरी दरारें उजागर हुई हैं। व्यापक विरोध प्रदर्शनों से नौकरशाही के कामकाज में रुकावट का खतरा उत्पन्न हो रहा है। जनता का विश्वास भी डगमगा रहा है। अनेक नागरिक, जो कभी यूनुस के सुधारवादी रुख का समर्थन करते थे, अब उम्मीद और हताशा के बीच फंस गए हैं। बांग्लादेश के नागरिक प्रशासन पर सेना का मौन प्रभाव हमेशा से ही रहा है। सेना प्रमुख जनरल वाकर-उज-जमान ने यूनूस से दिसंबर 2025 तक चुनाव सुनिश्चित करने के लिए कहा है जबकि यूनूस जून 2026 तक चुनाव कराने की बात कहते रहे हैं। अब बड़ा सवाल जो उठ रहा है, वह है कि वहां के सुप्रीम कोर्ट ने देश की सबसे बड़ी इस्लामी पार्टी जमात-ए-इस्लामी का पंजीकरण बहाल कर दिया है। इसके साथ ही पार्टी को चुनाव में भाग लेने की अनुमति भी मिल गई है। जमात-ए-इस्लामी पर 1971 के मुक्ति संग्राम में पाकिस्तान की सेना के साथ मिलकर हत्याएं करने जैसे आरोप भी हैं। इसके पहले जमात के इस्लामी नेता अजहरुल इस्लाम को कोर्ट ने बरी कर दिया है। उस पर कई लोगों की हत्या, अपहरण जैसे संगीन आरोप थे। अंदाज लगाया जा सकता है कि जब ऐसे लोग चुनाव लड़कर वहां की संसद में पहुंचेंगे तो पड़ोसी देशों के साथ सरकार के रिश्ते कैसे होंगे? राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार बांग्लादेश मौजूदा समय में एक नाजुक मोड़ पर है। बांग्लादेश की राजनीति गहरे मतभेदों से अटी पड़ी है। अंतरिम सरकार नई चुनौतियों का सामना करने के लिए उभरते हुए सत्ता केंद्रों के साथ जुड़ सकती है। आगे का रास्ता आदर्शवाद पर कम और व्यावहारिक राजनीतिक बातचीत पर अधिक निर्भर करेगा। भारत को बांग्लादेश के साथ अपने विकल्पों पर पुनर्विचार करना होगा।

## सोशल फोरम

# पहली बार पता चला

हमें अपनी विशेषज्ञता के क्षेत्र से बाहर और विशेषज्ञों के दायरे में जाकर कोई विश्लेषण नहीं करना चाहिए, न उन्हें यह बताना चाहिए कि उनका कोई काम कितना सही है या गलत है। यदि जल सेनाध्यक्ष ने किसी से प्रकाश्य ढंग से कोई बात की है तो जो कुछ कहा है उसका मतलब वही नहीं होता। जो संदेश देना है और जिस दबाव में रखना है, वही ध्यान देने योग्य है, जिसको हम जान नहीं सकते । परंतु घटित होने के बाद जान भी जाएंगे।



भगवान सिंह
वरिष्ठ लेखक

राजनीतिक किसी भी घटना या कार्य का लाभ उठाने से बाज आए, ऐसा हो नहीं सकता। धर्म पूछ कर किए गए नरसंहार के बाद जो करना था, वह पहले तय था। विपक्षी दलों का समर्थन लेना भी उसी का हिस्सा था। दूसरे दल कठोर कार्रवाई करने की मांग के लिए नैतिक और राजनीतिक दोनों कारणों से बाध्य थे। आपरेशन सिंदूर दूसरे देशों के आकलन में और हमारे लिए भी अविश्वसनीय रूप से सफल रहा। पहली बार हमें अपने निजी आयुध विकसित करने की सफलता का पता चला, सामरिक शक्ति का पता चला। सैन्य विज्ञान के विशेषज्ञों ने यह स्वीकार किया कि यह सैन्यविज्ञान में यह एक नया और बहुत आगे बढ़ा हुआ प्रयोग है। हमारे लिए यह दूसरी सफलता गर्व की बात है।

जहां तक राजनीतिक लाभ उठाने की बात है यदि मोदी बिल्कुल चुप रहते तो इसका बहुत अधिक लाभ मिलता। ललकार भरे स्वर में और बार-बार उसको दोहराते नहीं तो उन्हें इसका अधिक लाभ मिलता। कोई इतना मूढ नहीं हो सकता कि यह न समझ सके कि उनका लक्ष्य राजनीतिक लाभ उठाना भी है। परंतु इस गलती को खरगे ने अपनी गलती से दूर कर दिया और कांग्रेस को जितनी अधिक क्षति पहुंचाई है, वह मोदी उन पर प्रहार करके भी नहीं कर सकते थे। उत्साह में कोई कुछ भी बोल जाए परंतु न तो देश की अर्थव्यवस्था बिना किसी नए उकसावे के युद्ध को जारी रखना चाहती है, न मोदी इसे चाहतें हैं। दूसरे कुछ देश हमारी आर्थिक प्रगति को रोकने के लिए देश को युद्ध में अवश्य उलझाए रखना चाहते हैं।

**–फेसबुक वॉल से**

# फल का नहीं कोई फ़ल



रवि अरोड़ा
वरिष्ठ पत्रकार

**साल 2016 से अब तक उत्तराखंड में फलों के लिए आरक्षित भूमि में 54 फीसदी की कमी आई है और इसी के चलते फलों का उत्पादन भी 60 फीसदी घट गया है।**

काफी दिनों बाद एक बार फिर देवभूमि उत्तराखंड जाना हुआ। हालांकि इन दिनों मेरे मनपसंद फलों का मौसम है और अपने शहर के बाजार उनसे भरे भी पड़े हैं मगर न जाने क्या सोच कर तय किया कि इस बार जितने दिन भी पहाड़ पर रहूंगा, स्थानीय फलों का ही सेवन करूंगा। मेरी जानकारी में था ही कि इन दिनों पहाड़ के पेड़ भी फलों से लद जाते हैं और काफल, किरमोड़, घिंगारू, पांगर तथा बेडू जैसे न जाने कितने किस्म के ऐसे फलों की बहार होती है जिन्हें हम समतल जगह वाले लोगों ने आमतौर पर देखा भी नहीं होता। ये फल न केवल स्वाद में लाजवाब होते हैं बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी बेहद फायदेमंद होते हैं। काफल तो उत्तराखंड का राजकीय फल ही है, जो मीठा, खट्टा और रसीला होता है और उसमें एंटी-ऑक्सीडेंट और अनेक विटामिन भी होते हैं।

देवभूमि के पहाड़ों पर तिमला, मेलू, अमेज, दाडिम़, करौंदा, तूंग, जंगली आंवला, खुबानी, हिसर, किनगोड़ जैसे अनेक अन्य जंगली फल भी पाए जाते हैं, जो इंसानी सेहत के लिए बेहद मुफीद होते हैं। मगर यह क्या? चंबा, टिहरी और काना ताल के बाजारों में कहीं भी कोई स्थानीय फल ढूंढे से भी नहीं मिला। वहां के बाजार भी उन्हीं आमों, लीची, आड़ू और सेब से भरे पड़े थे जो पश्चिमी उत्तर प्रदेश अथवा दिल्ली की आजाद पुर सब्जी मंडी से वहां पहुंचे थे। बेशक सवाल छोटा सा था मगर मैं उसमें अटक गया कि पहाड़ का फल जब पहाड़ पर ही नहीं मिलता तो बाकी देश के बाशिंदे उनका सेवन कैसे करेंगे? ऐसे में इन नायाब फलों के निर्यात की बात तो सोची भी कैसे जा सकती है?

स्थानीय लोगों से जब इस विषय में बात की तो पता चला कि सेब, माल्टा, आड़ू और खुबानी जैसे पारंपरिक फलों को छोड़ कर अन्य स्थानीय फलों की वहां खेती ही नहीं की जाती और प्राकृतिक रूप से जो फल जितना भी उपलब्ध होता है, उसे ही स्थानीय लोग इस्तेमाल कर लेते हैं। इन बेहतरीन फलों को बाज़ार तक पहुंचाने के लिए आज तक कोई प्रयास न तो सरकार ने किया है और न ही काश्तकारों ने। ले देकर बुरांश के फूल का रस जरूर बोतलों में बंद कर पर्यटकों को बेचा जाने लगा है। मगर बुरांश का फल तो अभी भी बाजार तक नहीं पहुंचा। जबकि यह फल भी स्वादिष्ट होने के साथ साथ अनेक बीमारियों के इलाज में भी उपयोगी होता है। दुनिया जानती है कि उत्तराखंड के अधिकांश फल जैविक रूप से उगाए जाते हैं और इन फलों के पेड़ मिट्टी के कटाव को रोकने और जैव-विविधता को बनाए रखने में भी मदद करते हैं। काफल, हिसालू, और बेड़ू जैसे फल तो स्थानीन संस्कृति, लोकगीतों और लोककथाओं का भी महत्वपूर्ण हिस्सा हैं ।

पहाड़ से लौट कर पड़ताल की तो पता चला कि साल 2016 से अब तक उत्तराखंड में फलों के लिए आरक्षित भूमि में 54 फीसदी की कमी आई है और इसी के चलते फलों का उत्पादन भी 60 फीसदी घट गया है। वर्ष 2016 में 4551 मीट्रिक टन फलों का यहां से निर्यात होता था जो अब घटते घटते मात्र 1192 मीट्रिक टन ही रह गया है। हैरानी की बात नहीं है कि उत्तम क्वालिटी के फलों का उत्पादन करने के बावजूद राज्य से अब मात्र 4 करोड़ 68 लाख का ही निर्यात होता है? इन फलों में भी केवल वही फल हैं जो हमें आमतौर पर अपने गली मोहल्ले में भी मिल जाते हैं। केवल पहाड़ पर ही मिलने वाले फल सिरे से गायब हैं। जाहिर है कि राज्य सरकार का इस ओर कतई ध्यान नहीं है और यही कारण है कि किसान फलों की बागवानी को लेकर उदासीन हो रहे हैं। कई बार घोषणा के बावजूद राज्य में काश्तकारों को ओला वृष्टि जैसी आपदाओं से निपटने को सब्सिडी नहीं दी जा रही और किसानों को मंडियों से जोड़ने को कोई महत्वपूर्ण पहल भी अब तक नहीं की गई। ऐसे में यह सवाल उठना लाजमी है कि इतने महत्वपूर्ण विषय पर भी राज्य सरकार का ध्यान नहीं है तो फिर उसका ध्यान कहां है? इसका सीधा सा जवाब है- धार्मिक पर्यटन और केवल धार्मिक पर्यटन। आंकड़े बताते हैं कि 66 हजार करोड़ के सालाना बजट वाली राज्य सरकार ने 12 हजार करोड़ रुपए तो केवल चार धाम यात्रा पर ही खर्च कर दिए हैं। बेशक चार धाम यात्रा से राज्य को अच्छे खासे राजस्व की प्राप्ति होती है और स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलता है मगर राजस्व और रोजगार तो फलों का उत्पादन भी दे सकता है, उस बारे में क्यों नहीं कोई सोचता?

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### पोषण समिति की बैठक आज

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि राज्य पोषण मिशन के कार्यों नियोजन, क्रियान्वयन, निगरानी व अनुश्रवण के लिए जिला स्तरीय पोषण समिति/डिस्ट्रिक्ट कन्वर्जेन्स प्लान कमेटी/जिला निगरानी समिति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 3 जून को मध्यान्ह 12 बजे स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्टेट में आयोजित की गई है।

### महिलाओं पर अश्लील कमेंट करने वाला गिरफ्तार

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बबुराही तिराहे के निकट से पुलिस ने आती जाती महिलाओं पर अश्लील फब्तियां कसने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। कोतवाली शाहाबाद की महिला उपनिरीक्षक शिवानी सिंह को मुखबिर ने बताया कि एक युवक यहां महिलाओं पर अश्लील इशारे और फब्तियां कस रहा है। महिला एसआई ने पुलिस बल के साथ युवक को अश्लील हरकत करते हुए हिरासत ले लिया। युवक ने अपना नाम सत्यवान निवासी ग्राम भदासी बताया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की है।

### युवक ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हरदोई, पिहानी, अमृत विचार।** युवक ने कमरे के अंदर साड़ी से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पिहानी कोतवाली के कायमपुर निवासी विनोद कुमार (35) पुत्र चेतराम ने रविवार की देर रात कमरे के अंदर पत्नी की साड़ी से फंदा बनाकर फांसी लगा ली। उसका शव लटका हुआ देखकर वहां कोहराम मच गया। विनोद ने आत्महत्या क्यों की, इस बारे में परिजन कोई पुख्ता जानकारी नहीं दे सके। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए पोस्टमार्टम कराया है। चार भाइयों में एक बड़ा और दो उससे छोटे हैं। उसके परिवार में पत्नी शिल्पी है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बेटियां आज सब कुछ कर सकती हैं : आनंदी बेन पटेल

## राज्यपाल ने स्टेट क्लब में आयोजित कार्यक्रम में लिया हिस्सा, आंगनबाड़ी कार्यक्रमों की ली जानकारी

संवाददाता, हरदोई


स्टेट क्लब में आयोजित कार्यक्रम में बोलतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल।


लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड देतीं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल सोमवार को अपने एक दिवसीय दौरे पर हरदोई पहुंचीं। जहां उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। स्टेट क्लब पहुंचीं राज्यपाल ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में समझा। विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए मॉडलों को देखा।

राज्यपाल ने कहा कि लिंगानुपात को बेहतर बनाने का प्रयास होना चाहिए। बेटी को बचाने के लिए कार्य होना चाहिए। बेटी का अच्छी तरह से पालन पोषण होना चाहिए। उन्हें आगे बढ़ाया जाना चाहिए। बेटियां आज सब कुछ कर सकती हैं। सभी को अपने जीवन में अनुशासन लाना चाहिए। कौशल का विकास होना चाहिए। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की उनके योगदान के लिए सराहना की। उन्होंने दहेज की चर्चा करते हुए कहा कि दहेज अपराध का एक बहुत बड़ा कारण है। इसको बन्द करने की जरुरत है। सास को बहू को बेटी की तरह रखना चाहिए। लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। भारत भर में नारी सशक्तिकरण के लिए काम हो रहा। अब हमारी बेटियां बाहर निकल सकती हैं।

राज्यमंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी ने कहा कि राज्यपाल आंगनबाड़ी केंद्रों के विकास का बीड़ा उठाया। उन्होंने सभी को प्रेरणा देने का कार्य किया है। उत्तर प्रदेश राज्य राज्यपाल के रूप में उनको पाकर बहुत गौरवान्वित है। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री मां से लेकर बच्चे तक के पोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। जिलाधिकारी अनुनय झा ने जनपद के आंगनबाड़ी केंद्रों की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने शिशुओं, धात्री महिलाओं व कुपोषित बच्चों के लिए किये जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी ने सभी का आभार जताया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन व अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### योजनाओं के लाभार्थियों वितरित किए स्वीकृति पत्र

**हरदोई, अमृत विचार।** राज्यपाल ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को संसाधन किट व पोषण किट वितरित की। उन्होंने कुछ महिला लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किये। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना में टेबलेट वितरित किये। कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना के अंतर्गत स्वीकृत पत्र दिए। एक स्वयं सहायता समूह को सीसीएल का डमी चेक सौंपा। महिला किसानों को सम्मान निधि व घरौनी वितरित की। युवा उद्यमी योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र सौंपा। उन्होंने संचालित कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं समाज कल्याण से संबंधित कार्यक्रमों का निरीक्षण किया।


दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल प्रदान करतीं राज्यपाल साथ में मंत्री रजनी तिवारी, जिपं अध्यक्ष प्रेमावती व भाजपा जिला अध्यक्ष

### बदले का भाव न रखें, जेल से छूटने के बाद अच्छा जीवन जियें

**हरदोई, अमृत विचार।** राज्यपाल जिला जेल पहुंचीं, जहां उन्होंने बंदियों से मिलकर उनका हाल जाना। उन्हें मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। जेल में निरुद्ध महिलाओं से जेल से कहा कि जेल से बाहर आने के बाद अच्छा जीवन बिताएं और देश को विकसित बनाने में अपना योगदान दें। किसी के प्रति मन में बदले की भावना न रखें। राज्यपाल ने जेल में नव स्थापित वाटर कूलर का फीता काटकर उद्घाटन किया। महिला बैरक में महिला कैदियों से खाने की गुणवत्ता व अन्यथा व्यवस्थाओं की जानकारी ली। परिसर में महिला बंदियों व माध्यमिक विद्यालयों की बच्चियों से संवाद किया। कहा कि बच्चों को अनुशासन सीखना चाहिए। जेल से छूटने के बाद बंदियों को एक अच्छा जीवन बिताना चाहिए। महिला कैदियों व उनके बच्चों को उपहार दिए। कहा कि वाटर कूलर से ठंडा पानी पियें। पानी को बिल्कुल बर्बाद न करें। प्रशिक्षण केन्द्र में सिलाई प्रशिक्षण व बैरक का अस्पताल देखा। इसके पश्चात महिला कैदियों के बच्चों की शिक्षा के लिए स्मार्ट क्लास की व्यवस्था देखी। जेल में आधुनिक व जैविक खेती की सराहना की। बच्चियों से जेल भ्रमण के अनुभवों पर निबंध लिखकर राजभवन प्रेषित करने को कहा। राज्यपाल की ओर से जेल अधीक्षक को कुछ पुस्तकें भेंट की गईं।

### राज्यपाल ने रेडक्रॉस सोसाइटी के कार्यों की सराहना की

**हरदोई, अमृत विचार।** राज्यपाल की मौजूदगी में रेडक्रास प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक हुई। जिसमें राज्यपाल ने सचिव सुनील सिंह सोमवंशी द्वारा प्रस्तुत सोसाइटी के कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। राज्यपाल ने विशेष रूप से टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरण के निरंतर प्रयास की प्रशंसा की और जिलाधिकारी/अध्यक्ष अनुनय झा को निर्देशित किया कि यह सेवा कार्य बिना किसी विघ्न के जारी रहे। बैठक में सभापति डॉ. रमेश अग्रवाल, उपसभापति अखिलेश सिंह सिकरवार, कोषाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, सदस्य गोपाल द्विवेदी, अभिषेक गुप्ता, महेश चंद्रा एवं रमेश सिंह सोमवंशी की भी सक्रिय मौजूद रही।


जिला जेल परिसर में स्कूली बच्चों द्वारा बनाए मॉडलों का अवलोकन करतीं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल।


राज्यपाल के काफिले को पास देने के लिए सड़क पर बैरीकेडिंट लगाकर रोका गया रास्ता। अमृत विचार

### आमजन को उठानी पड़ी दिक्कत

**हरदोई, अमृत विचार।** राज्यपाल के आगमन के चलते उन रास्तों पर लोगों का आना जाना उस समय तक बंद रहा जब तक वीआईपी काफिला गुजरा। ऐसे में तमाम लोगों को अपने गंतव्य तक बिना वाहन के कड़ी धूप में अपना सामान सिर पर ढो कर जाना पड़ा।

### चाक-चौबंद दिखी व्यवस्था

राज्यपाल के आगमन की तैयारी रविवार देर रात तक चलती रहीं। जिन रास्तों पर राज्यपाल को गुजरना था देर रात तक पीडब्ल्यूडी कर्मचारी उन सड़कों पर गड्ढों को भरते दिखाई दिए। सुबह होते ही सड़कों के दोनों ओर चूने का छिड़काव किया गया। साफ सफाई के अलावा यातायात व्यवसस्था चाक चौबंद दिखी। सब कुछ व्यवस्थित देख लोगों के मुंह से बरबस यह निकल गया कि काश! रोज वीआईपी मूवमेंट जिससे आम लोगों को भी बेहतर रास्ते व साफ सफाई का लाभ मिल सके।


छात्र सक्षम।


रामकरन।


सूर्यांश पांडेय।

### जेईई एडवांस में तीन छात्रों ने मारी बाजी

**हरदोई, अमृत विचार।** जेईई एडवांस का परिणाम जिले वासियों के लिए खुशियां लाया है। सेंट जेवियर के दो छात्रों सहित जिले के तीन छात्रों ने इस परीक्षा में सफलता हासिल की है। बताते चले कि सेंट जेवियर में हाईस्कूल में पढ़ने वाले सक्षम व रामकरन पांडेय ने सफलता हासिल की है। इसी प्रकार आवास विकास निवासी सूर्यांश पांडेय ने भी परीक्षा पास कर जिले का मान बढ़ाया। सूर्यांश के पिता आशीष व्यवसायी हैं।

# बहन की ननद की शादी के बीच युवक ने की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** 12वीं पास छात्र ने गांव के बाहर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घर के लोग रविवार को उसकी बहन की ननद की शादी में गए हुए थे। वह घर में अकेला था। उसी रात उसने आत्महत्या कर ली।

सुरसा थाने के खद्दीपुर निवासी राजेश के 18 वर्षीय पुत्र आकाश ने इसी साल शहर के रफी अहमद किदवई इण्टर कालेज से 12वीं पास की थी। रविवार को आकाश की चचेरी बहन माला की ननद की शादी थी। घर वाले उसकी ससुराल मढ़िया गए हुए थे। लेकिन आकाश नहीं गया था, वह घर में अकेले था। सोमवार की सुबह गांव के दक्षिण राजाराम के बाग में पेड़ पर फंदे से उसका शव लटका मिला। ग्रामीणों ने शव पहचान लिया और उसके घर वालों को खबर की। आकाश के घर में उसकी मां सुंदरी देवी, दो बहन व एक भाई दुर्गेश है। बाबा भन्नू ने बताया कि आकाश पढ़ाई में अच्छा था, लेकिन इधर कुछ दिनों से गुमसुम रहता था।

# ट्रैक्टर से नीचे गिरे मजदूर की कुचलकर मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** कटान के बाद यूकेलिप्टस की तौल कराकर धर्मकांटे से लौट रहा ट्रैक्टर पर बैठा मज़दूर नीचे गिर गया। ट्राली की पटिया में फंसा फंसे मजदूर को ट्रैक्टर चालक काफी दूर तक घसीटते हुए लेकर चला गया। लोग चिल्लाते रहे, लेकिन ट्रैक्टर चला रहे उसके मालिक ने नहीं सुना। मज़दूर की मेडिकल कालेज में मौत हो गई। परिजनों ने ट्रैक्टर मालिक पर हत्या का आरोप लगाया है।


बब्लू कुमार की फाइल फोटो।

**ट्रैक्टर चालक पर साजिशन कुचलकर हत्या का आरोप**

बघौली थाने के रोहापार निवासी 28 वर्षीय बब्लू कुमार पुत्र नन्हक्के पेशे से मज़दूर था। रविवार को उसी के गांव का गुलशन कटे पड़े यूकेलिप्टस के पेड़ की तौल कराने के लिए उसे बुलाकर ले गया था। यूकेलिप्टस को ट्रैक्टर-ट्राली से सीतापुर रोड पर एक धर्मकांटे पर ले जाकर तौल हुई। उसके बाद बब्लू उसी ट्रैक्टर से वापस लौट रहा था। रास्ते में बेनीगंज कोतवाली के डिघिया के पास बब्लू ट्रैक्टर से गिरा और ट्राली की पटिया में फंस गया। उसके चिल्लाने पर भी गुलशन ने ट्रैक्टर नहीं रोका। नतीजतन वह काफी दूर तक घसीटता रहा, उसके बाद ट्राली के पहिए के नीचे आकर बुरी तरह से घायल हो गया। गुलशन पर आरोप है कि राहगीरों के शोर करने पर भी उसने नहीं सुना और ट्रैक्टर लेकर भाग गया। उन्ही राहगीरों की मदद से बब्लू के घर वालों को हादसे का पता हुआ, मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान देर शाम उसकी मौत हो गई। गुलशन पर बब्लू की साजिशन हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। बब्लू अपने तीन भाइयों में बड़ा था, परिवार में पत्नी बब्ली के अलावा दो बेटियां है।

### बवाल की अफवाह पर पहुंची कई थानों की पुलिस

बेनीगंज के डिघिया गांव में हादसे में युवक की मौत को लेकर वहां बवाल बढ़ने की अफवाह फैल गई। बेनीगंज के अलावा बघौली, अतरौली और कछौना पुलिस पहुंच गई, हालांकि ऐसा कुछ हुआ नहीं। बघौली पुलिस ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर बब्लू के परिजनों को भरोसा दिलाया कि उन्हे हर हाल में न्याय मिलेगा।

# ब्लड कल्चर टेस्टिंग के लिए नहीं होगी लखनऊ की दौड़

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** मेडिकल कालेज (स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय) के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में ब्लड कल्चर की जांच की मशीन का सफल परीक्षण किया गया, जिससे खून में किसी भी तरह के संक्रमण का पता लगाया जा सकेगा, और मरीज को समय रहते बेहतर इलाज मिल सकेगा।

ब्लड कल्चर टेस्टिंग के लिए लखनऊ की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। बैक्टीरिया लॉजी लैब की इंचार्ज डा.अदिति गर्ग ने बताया कि पहले ब्लड कल्चर टेस्टिंग के लिए लखनऊ जाना पड़ता था और रिपोर्ट 8 से 9 दिनों का इंतजार करना पड़ता था। वहीं रिपोर्ट अब जांच के बाद 2 से 3 दिनों के अंदर मरीज के पास होगी। उन्होनें बताया कि पस, पेशाब, स्लिट स्किन और अन्य तमाम जांच की सुविधाएं पहलेसे ही मेडिकल कालेज में उपलब्ध है, वहीं अब ब्लड कल्चर जांच की सुविधा भी मरीज को उपलब्ध कराई जाएगी। मेडिकल कालेज के प्रिंसीपल डा.जेवी गोगोई ने बताया कि भविष्य में जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ऐसे ही प्रयास किए जाएंगे जिससे लोगों को भटकना न पड़े।


मेडिकल कॉलेज में ब्लड कल्चर की जांच मशीन का परीक्षण करते विशेषज्ञ।


# शिवलालपुरवा में न सड़क दुरुस्त न नालियां

संवाददाता, टड़ियावां, हरदोई

**अमृत विचार।** ग्रामीण क्षेत्रों की जर्जर सड़कों को लेकर कोई सुधि नहीं ली जा रही है। सरकार के लाख दावे खोखले साबित हो रहे हैं। मुख्य मार्ग से सटे हुए गांव तक कई दशकों से चल रही पक्की सड़क बनवाने की मांग पर सुनवाई नहीं हो रही है।

ब्लॉक क्षेत्र के सीतापुर हाईवे मार्ग पर बसे शिवलालपुरवा गांव को मुख्य मार्ग से नहीं जोड़ा नहीं गया है। करीब 500 मीटर की सड़क बनवाने की मांग कई दशकों से चल रही है, परंतु इस ओर कोई ध्यान नहीं जा रहा है। वर्तमान में मुख्य गांव के बीच सड़क जर्जर अवस्था में पड़ी है, ग्रामीणों ने बताया कि इस जर्जर मार्ग की सुनवाई न होने पर प्रधान ने वैकल्पिक व्यवस्था के तौर रोड़े डलवा दिए थे। लेकिन वाहनों की ज्यादा आवाजाही के चलते नालियां टूट गई है। जलभराव होने से चलने में आवाजाही में आफत हो रही है। हर रोज बाइक चालक गिरकर चोटिल हो रहे है। शिकायत करने पर महज आश्वासन की घुट्टी पिलाई जा रही। जनप्रतिनिधि भी उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं।


जर्जर मार्ग पर भरा जलभराव। अमृत विचार


कमलेश अवस्थी।


रोहित अवस्थी।

### जनप्रतिनिधियों ने कहा

पूर्व प्रधान, ग्राम पंचायत सरदापुर कमलेश अवस्थी ने बताया कि सड़क की मांग बराबर की जा रही है। कई दशकों से गड्ढों में तब्दील होने जलभराव हो गया। लोगों को दिक्कत आवाजाही में आफत हो रही है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सरदापुर रोहित अवस्थी छोटू ने बताया कि खराब रास्ते के बारे में संबंधित पीडब्ल्यूडी विभाग को बराबर अवगत कराया जा रहा है, परंतु कोई इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से जनहित कार्यों में ढिलाई बरती जा रही है। सड़क बनने से राहगीरों को बेहद सहूलियत मिलेगी।

> हाल में कार्ययोजना में खराब मार्गो को भेजा गया है, किंतु यह मार्ग के बारे में जानकारी नहीं होने शामिल किया जा सका है, इसे ध्यान में रखते हुए अगली बार कार्ययोजना में शामिल करते हुए मार्ग निर्माण करवाया जायेगा।
>
> **-इं. प्रदीप भारती,** अवर अभियंता, पीडब्ल्यूडी

## सार-संक्षेप



मेधावी छात्राओं को टैबलेट देतीं प्राचार्य डा. सुमन वर्मा। अमृत विचार

### टैबलेट पाकर छात्राओं के खिले चेहरे

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** आर्य कन्या महाविद्यालय में मेधावी छात्राओं को सोमवार को टैबलेट वितरित किए गए। प्राचार्य डा. सुमन वर्मा न कहा कि इससे युवाओं को तकनीकी ज्ञान मिलने में आसानी होगी। डा. श्वेता यादव ने कहा कि टैब्लेट आज के समय में बहुत ही उपयोगी है। सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। मेधावियों को इससे पठन पाठन में और भी सहुलियत प्राप्त होगी।

### राम-सुग्रीम की मित्रता व सीता खोज की सुनाई कथा

**हरदोई, अमृत विचार।** बावन ब्लाक के हसनापुर गांव चल रही में श्रीमद भागवत कथा के छठे दीन परम पूज्य संजय मिश्र द्वारा भगवान राम और हनुमान जी की सुन्दर कथा सुनाई गई। जब राम जी और लक्ष्मण सीता जी की खोज करते हुए ऋष्यमूक पर्वत के निकट पहुंचे तो उनकी मुलाकात हनुमान जी से हुई। हनुमान जी ने प्रभु श्री राम को सुग्रीव से मिलाया। सुग्रीव से श्री राम की मित्रता के बाद सुग्रीव ने हनुमान जी से कहा कि वे सीता जी की खोज करें। हनुमान जी ने अपनी अद्भुत शक्तियों का उपयोग करके सीता जी की खोज शुरू की। हनुमान जी ने अपने मन में सीता जी की खोज का संकल्प किया और अपनी यात्रा शुरू की और सीताजी का पता लगाया। इस मौके पर विशंभर शुक्ला, जय प्रकाश शिवनारायण शुक्ल लवकुश शुक्ला, दिलीप पाल, रामरहीश पाल, रामजी शुक्ला टीटू सहित काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

### श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं सुन लोग हुए भाव-विभोर

**भरखनी, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र के घसे गांव में आयोजित की जा रही सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास पंडित श्री आचार्य उपाध्याय महाराज श्री वृंदावन धाम ने भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं और रासलीला का भावपूर्ण वर्णन किया। श्री कृष्ण की मनोरम झांकी का अवलोकन कराया है। कथा व्यास ने कृष्ण के जीवन की तमाम लीलाओं का वर्णन कर श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस मौके पर आयोजक सुमन देवी जगत प्रकाश अग्निहोत्री, आनंद प्रकाश अग्निहोत्री, रवि प्रकाश अग्निहोत्री, आशीष, दीपक, डॉ. पंकज अग्निहोत्री सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।


कथा सुनाते आचार्य उपाध्याय महाराज।

### 900 मीटर विद्युत तार चोरी, पुलिस को दी गई तहरीर

**संवाददाता, अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में रविवार को एचटी लाइन का विद्युत तार चोरी हो जाने की वारदात सामने आयी है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। अवर अभियंता ओम प्रकाश ने बताया कि सरवा विद्युत उपकेंद्र के पुवायां फीडर का भूड़खेड़ा तालाब के पास से रविवार को एचटी लाइन का 600 मीटर और कुछ दिन पूर्व कल्याणपुर के पास से 300 मीटर विद्युत तार चोरी हो गया। दो साइकिल, बंधा तार एक बंडल, ब्लेड लगा बांस रात में मिला है, लाइन ट्रिप होने पर लाइन मैंन गए थे, तार चोरी हो जाने की तहरीर पुलिस को दी है। इंस्पेक्टर मार्कण्डेय सिंह ने बताया कि मामले में जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

**सम्मेलन** — गांधी मैदान में संविधान बचाओ सम्मेलन को संबोधित करते कांग्रेस सांसद ने कहा

# संविधान विरोधी है भाजपा : तनुज पुनिया

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** गांधी मैदान में संविधान बचाओ सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि भाजपा संविधान विरोधी पार्टी है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संसद सदस्य व चेयरमैन कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग श्री पुनिया ने कहा कि देश की सत्ता पर काबिज भाजपा की सरकार संविधान व बाबा साहब विरोधी है, कांग्रेस पार्टी ने राहुल गांधी के नेतृत्व में जातिगत जनगणना की मांग की ताकि संविधान के अनुसार लोगों को उनका हक मिल सके। वर्तमान की मोदी और योगी की सरकार दलित विरोधी है और इनका उद्देश्य सिर्फ सत्ता प्राप्ति है जब की उद्देश्य जनहित होना चाहिए। प्रदेश महासचिव विवेकानंद पाठक ने कहा कि जब तक कांग्रेस पार्टी है तब तक देश की आत्मा के खिलाफ कार्य करने वाले लोगों सत्ता से उखाड़ फेंकना प्रथम उद्देश्य रहेगा। जिलाध्यक्ष विक्रम पांडे ने कहा कि देश में कांग्रेस ने संविधान बचाओ सम्मेलन करके देश के गरीबों, मजलूम दलितों की आवाज उठाई है। कार्यक्रम को शहर अध्यक्ष अनुपम दीक्षित, जिला महामंत्री व प्रवक्ता अमलेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश महासचिव सुभाष पाल, पूर्व जिला डॉ राजीव सिंह ने संबोधित किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष कुंवर अजीत सिंह चंदेल, भुट्टो मियां, ओमेंद्र वर्मा सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।


सम्मेलन को संबोधित करते तनुज पुनिया। अमृत विचार


सड़क की गुणवत्ता देखते सहायक अभियंता। अमृत विचार

### सहायक अभियंता ने की रोड निर्माण की जांच

**सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे में नगर पालिका द्वारा कराया जा रहा आरसीसी रोड निर्माण में शिकायत मिलने पर सहायक अभियंता ने गुणवत्ता की जांच की साथ ही ठेकेदार को गड़बड़ियां दूर करने के निर्देश दिए। बताते चले कि कस्बे के चौकी चौराहा से इमामबाड़ा चौराहा तक आरसीसी रोड नाली निर्माण का कार्य कराया गया। मार्ग निर्माण मानक के विपरीत करने की शिकायत की गई थी इस शिकायत पर पहुंचे सहायक अभियंता तमाम खामियां पाईं। उन्होंने तत्काल कमियों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

# अलग-अलग घटनाओं में तीन की मौत

## बिना निमंत्रण के दोस्त के साथ बारात में गये युवक की वाहन की टक्कर से हुई मौत, साथी घायल

संवाददाता, अचलगंज

**अमृत विचार:** दोस्त के साथ उसके रिश्तेदार की बारात में शामिल होने गए युवक की वाहन की टक्कर से मौत हो गई। हादसे में बाइक चला रहा युवक भी गंभीर घायल हो गया। इकलौती संतान की मौत की खबर सुनकर विधवा मां बदहवास हो गई। वहीं घटना को लेकर परिजनों ने मौखिक संदेह भी जताया।

अचलगंज थानाक्षेत्र के शंकर खेड़ा गांव निवासी सुजीत लोधी उर्फ साहिल (18) पुत्र स्व. ओम प्रकाश रविवार देर शाम उसी गांव निवासी दोस्त रमाकांत (18) पुत्र भगवान दीन के साथ थाना क्षेत्र गंगाखेड़ा गांव उसकी चचेरी बहन सरोज के देवर की शादी में शामिल होने के लिए गया था। तभी कानपुर-लखनऊ हाइवे पर सदर कोतवाली क्षेत्र के शेखपुर नरी गांव के सामने अज्ञात वाहन बाइक में टक्कर मार कर भाग निकला। हादसे में दोनों युवक गंभीर घायल हो गए।


मृतक सुजीत का फाइल फोटो।

**कानपुर-लखनऊ हाईवे पर सदर कोतवाली क्षेत्र में हुआ हादसा**

राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें एंबुलेंस से जिला पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद सुजीत को मृत घोषित कर दिया। वहीं रमाकांत की हालत गंभीर होने से उसे कानपुर हैलट रेफर किया गया लेकिन परिजनों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सुजीत अपने मां की अकेली संतान था। चाचा अनिल ने बताया कि सुजीत के पिता की करीब चार साल पहले बीमारी से मौत हुई थी। इकलौते बेटे की मौत होने की खबर मिलते मां रेनू बेहोश हो गई। पानी के छींटे मारकर लोग उसे होश में लाए। वहीं, पूरे मामले को लेकर परिजनों ने मौखिक रूप से हादसे पर संदेह जताया। मां ने बिलखते हुए बताया कि उनका शादी में निमंत्रण भी नहीं था। इसलिए वह बेटे को जाने से मना कर रही थी। लेकिन वह खेत चली गई तभी रामकांत उसे घर से बाइक में बैठा कर ले गया। एसएचओ अवनीश सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है। परिजनों अभी कोई आरोप नहीं है।

### महिला ने फंदे से लटक कर दी जान

**अमृत विचार, उन्नाव :** माखी थानाक्षेत्र के खत्रिनखेड़ा गांव निवासी रेनू (35) का पति गुप्तार मजदूरी करता है। रुपयों को लेकर पति-पत्नी में आए दिन विवाद होता रहता था। रविवार को भी विवाद हुआ था। जिसके बाद रेनू कमरे में चली गई। कुछ देर बाद वह फंदे से लटकी मिली। इसकी जानकारी पर सदर कोतवाली के नयकानीखेड़ा निवासी रेनू का भाई शशी कुमार सहित अन्य परिजन पहुंचे। भाई ने आरोप लगाया कि ससुरालियों द्वारा बहन से मारपीट की जाती थी। जिसका कई बार सुलह समझौता भी हुआ। भाई का आरोप था कि ससुरालियों ने उसे बहन की मौत की खबर तक नहीं दी। गांव के एक व्यक्ति की सूचना पर जब वह लोग पहुंचे तो शव मोर्चरी भेजा जा चुका था।

### ससुराल से लौटकर आए युवक ने फंदे से लटककर दे दी जान, 6 माह पहले हुई थी शादी

**संवाददाता नबावगंज उन्नाव, अमृत विचार :** पत्नी के मायके से नहीं लौटने पर ससुराल से लौटे युवक ने अपने कमरे में फंदे से लटक कर जान दे दी। सुबह उसके बाहर नहीं निकलने पर दरवाजा तोड़ कर कमरे में पहुंचे परिजन शव लटका देख बेहाल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव का पोस्टमार्टम कराया है। सोहरामऊ थानाक्षेत्र के गोसाई खेड़ा गांव निवासी विनीत गोस्वामी (26) पुत्र स्व. मुन्ना की शादी दही थानाक्षेत्र के शिवनगर मोहल्ला निवासी ईशा से 19 जनवरी 2025 को हुई थी। करीब ढाई माह पूर्व ईशा मायके गई थी। तभी से वह वहीं थी। रविवार को विनीत उसे विदा कराने गया लेकिन वहां घरेलू बातों को लेकर ससुरालियों से कहासुनी हो गई। बात बढ़ने पर पत्नी ने भी ससुराल जाने से इंकार कर दिया। इसपर विनीत रात 10 बजे अपने घर लौट आया। इसके बाद उसकी फोन से भी पत्नी से कहासुनी हुई। देर रात वह अपने कमरे में चला गया। इसके बाद उसने कमरे का दरवाजा बंद कर पंखे के कुंडे में साड़ी का फंदा बना कर लटक गया और उसकी मौत हो गई। सुबह बड़े भाई अमित ने उसे आवाज लगाई लेकिन कोई उत्तर नहीं मिला। शक होने पर बहन रीना, मीना व भाई दरवाजा तोड़ कर कमरे में पहुंचे तो विनीत का शव लटका देख उनके होश उड़ गए। भाई की सूचना पर पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसओ शरद कुमार ने बताया कि पति-पत्नी का विवाद हुआ था। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

# रेलवे ट्रैक के किनारे पड़ा कबाड़ बन सकता है बड़े खतरे की वजह

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** देशभर में ट्रेन पलटाने की साजिशों की बढ़ती घटनाओं के बीच कानपुर पुल बाया किनारा रेलवे स्टेशन पर रेलवे की लापरवाही किसी बड़े हादसे को आमंत्रण देती नजर आ रही है। गंगा पुल पर दो माह पूर्व शुरू हुए ट्रफ बदलने के कार्य के दौरान जो पुराना कबाड़ निकाला गया था, उसे अब तक हटाया नहीं गया है। यह कबाड़ रेलवे ट्रैक के किनारे जगह-जगह डंप पड़ा हुआ है, जो संभावित दुर्घटना की आशंका को और गंभीर बना रहा है।

गंगाघाट रेलवे स्टेशन से लेकर गंगाघाट रेलवे क्रासिंग के पास तक अप लाइन की लूप लाइन के किनारे लोहे की लंबी चादरें, पुराने ट्रफ और अन्य सामान अब भी जस का तस पड़ा हुआ है। चौंकाने वाली बात यह है कि अप की मुख्य लाइन पर अक्सर मालगाड़ी खड़ी रहती है, जिससे यह कबाड़ दिखाई नहीं देता। ऐसे में रात के अंधेरे में कोई भी शातिर व्यक्ति इन सामानों का दुरुपयोग कर ट्रेन पलटाने जैसी घटना को अंजाम दे सकता है। लोगों का कहना है कि रेलवे की यह लापरवाही समझ से परे है। पूर्व में भी इस स्टेशन पर ट्रेन पलटाने की घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें आम्रपाली के अलावा अन्य महत्वपूर्ण ट्रेनें शामिल हैं। अब जबकि देश में सुरक्षा को लेकर अलर्ट जारी है, ऐसे में रेलवे की ओर से इस तरह की चूक गंभीर चिंता का विषय है। यात्रियों ने रेलवे अधिकारियों से मांग की है कि इस कबाड़ की तत्काल नीलामी करवा कर इसे हटवाया जाए, जिससे कोई भी असामाजिकतत्व इसका दुरुपयोग न कर सके। लोगों ने यह भी सुझाव दिया कि पुल पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जाए और रेलवे की ओर से नियमित निरीक्षण किया जाए, ताकि किसी भी संभावित साजिश को समय रहते रोका जा सके।


रेलवे ट्रैक के किनारे जमा कबाड़। अमृत विचार

**अनदेखी**

**ट्रेन पलटाने की साजिश को दे सकता है दावत**

# बिजली लाइन शिफ्टिंग को मांगे 28.34 लाख

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** कानपुर-शुक्लागंज के बीच यातायात जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए शासन ने पुराने बंद पड़े यातायात पुल के पास एक नए फोरलेन पुल के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इसके तहत पहले चरण में 80 करोड़ रुपये राज्य सेतु निगम को आवंटित किए गए हैं। पुल निर्माण के लिए तैयार की जा रही कार्ययोजना के तहत अब जद में आ रही बिजली लाइनों को हटाने की तैयारी की जा रही है। राज्य सेतु निगम ने बिजली विभाग को पत्र भेजकर प्रस्तावित पुल क्षेत्र में आने वाले बिजली पोल और लाइनों को शिफ्ट करने का अनुमानित खर्च मांगा था। इस पर अवर अभियंता अक्षय तिवारी की टीम ने क्षेत्र का स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की है। उपखंड अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि लगभग 200 मीटर लंबाई और 60 मीटर चौड़ाई क्षेत्र में 10 सीमेंटेड पोल, 8 लोहे के पोल, 415 मीटर अंडरग्राउंड एचटी लाइन और 350 मीटर एलटी लाइन शिफ्ट की जानी है। इसके लिए 28 लाख 34 हजार रुपये का स्टीमेट तैयार कर राज्य सेतु निगम को भेजा जा रहा है। विधानसभा में उठे इस मुद्दे पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की संस्तुति के बाद शासन ने फोरलेन पुल को मंजूरी दी थी। इस पुल के निर्माण से कानपुर-शुक्लागंज रूट पर ट्रैफिक की स्थिति में बड़ा सुधार आने की उम्मीद जताई जा रही है। जैसे ही फंड जारी होगा, बिजली लाइन शिफ्टिंग का कार्य शुरू करा दिया जाएगा।


एसडीओ राजेंद्र प्रसाद।


# पालिका ने पकड़े 12 अन्ना जानवर, गौशाला भेजे गए

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार प्रभाव**

**अमृत विचार:** नगर क्षेत्र में अन्ना मवेशियों की बढ़ती समस्या पर 'अमृत विचार' अखबार में सोमवार को प्रमुखता से प्रकाशित खबर का असर देखने को मिला। खबर को संज्ञान में लेते हुए नगर पालिका गंगाघाट ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सोमवार को विशेष अभियान चलाया और 12 अन्ना जानवरों को पकड़कर गगनीखेड़ा स्थित कान्हा गौशाला में संरक्षित कराया।

नगर के फोरलेन, नवीन पुल, मिश्रा कॉलोनी, मरहला चौराहा, कंचन नगर, बैराज मार्ग, पोनी रोड, रविदास नगर, ब्रह्म नगर सहित तमाम इलाकों में अन्ना जानवरों के झुंड अक्सर सड़कों पर देखे जाते हैं। ये मवेशी दोपहिया चालकों और राहगीरों के लिए खतरा बने हुए हैं। कई बार इनकी चपेट में आकर लोग घायल भी हुए हैं, लेकिन समस्या पर लंबे समय से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही थी। सोमवार को आपके अपने अमृत विचार अखबार में प्रकाशित खबर के बाद नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा ने मामले को गंभीरता से लिया और अन्ना पशुओं की धरपकड़ के लिए कैटल कैचिंग टीम को निर्देशित किया। पालिका की इस टीम ने एक अभियान चलाते हुए नगर के विभिन्न इलाकों से 12 अन्ना जानवरों को पकड़ा और सुरक्षित रूप से कान्हा गौशाला पहुंचाया। ईओ ने बताया कि अभियान जारी रहेगा और नगर को अन्ना पशु मुक्त बनाने के लिए समय-समय पर धरपकड़ अभियान चलाया जाएगा।


अन्ना मवेशियों को पकड़ता पालिका का कैटल कैचिंग दस्ता। अमृत विचार

# विद्युत समस्या को लेकर किसानों ने जेई को दिया ज्ञापन

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** पावर हाउस आंझी स्टेशन पर सोमवार को सुबह करीब 11 बजे भारतीय किसान यूनियन क्रांति के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में किसानों ने पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में जेई विद्युत मनोज कुमार यादव को विद्युत समस्या से संबंधित ज्ञापन दिया। भारतीय किसान यूनियन क्रांति के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सभी 6 फीडरों पर सही ढंग से लाइट देने की मांग की। ग्राम कठमा में एक हफ्ते से फूंका पड़ा ट्रांसफार्मर बदलवाने, ग्राम पंचायत गढ़ेपुर, नसीरपुर, बेहटाकोला, हीरौली कुतुबनगर गांव में 11 हजार वोल्टेज की लाइनें किसानों के छत के ऊपर से निकल रही है जिनसे हर समय किसानों के जन जीवन पर खतरा बना हुआ है उन्हे तत्काल हटाने, ग्राम पंचायत कठमा में कई विद्युत पोल टूटे लगे हैं जिनसे कभी कोई हादसा हो सकता उन्हें हटवाकर नए पोल लगवाने आदि समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया गया। आंझी चौकी प्रभारी अमित सिंह पुलिस बल के साथ पावर हाउस पर उपस्थित रहे। इस मौके पर जिला सचिव रियासत अली, तहसील उपाध्यक्ष मोहम्मद यासीन, समीन, समीम, नौसाद खान, साबिर, रफी सहित किसान कार्यकर्ता मौजूद रहे।


जेई को ज्ञापन देते किसान यूनियन के कार्यकर्ता। अमृत विचार

### खबर का असर : बदला गया खराब ट्रांसफार्मर

**संवाददाता, अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** विकास खंड भरावन के पत्थरताली गांव में लगभग 150 घर 5 दिन से अंधेरे में थे, ट्रांसफार्मर खराब होने से पुरे गांव में अंधेरा छाया था। 1 जून को अमृत विचार में खबर प्रकाशित होने के बाद ट्रांसफार्मर बदल दिया गया है, जिससे लोगों को राहत की सांस ली है। जखवा पॉवर हाउस के भरावन फीडर से एल टी लाइन से गांव के बाहर रखा ट्रांसफार्मर शार्ट सर्किट से खराब हो गया था। गांव में लगभग 150 घर है बिजली न आने से पानी की दिक्कत, भीषण गर्मी से हाल बेहाल हो गया। 1 जून को खबर अमृत विचार में प्रकाशित होने से एस डी ओ संडीला ने प्रमुखता से संज्ञान लेते हुए अतरौली जेई को ट्रांसफार्मर बदलवाने के निर्देश दिये। सोमवार को दोपहर में पत्थरताली गांव में ट्रांसफार्मर रख दिया गया।

# ट्रेन की टक्कर से पूर्व जिपं सदस्य की मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** घर से सैर करने के लिए निकले पूर्व ज़िला पंचायत सदस्य की अचानक ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सोमवार की भोर पहर करना रेलवे स्टेशन की कनेहटा रेलवे क्रासिंग के पास हुए हादसे का पता चलते ही वहां लोगो की भीड़ लग गई। उधर ब्लाक प्रमुख और कई ज़िला पंचायत सदस्य पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे।

बताया गया है कि बघौली थाने के कोट निवासी 68 वर्षीय सूर्यपाल सिंह उर्फ मुन्ना सिंह पुत्र पुत्तू सिंह अपने चार भाइयों में सबसे बड़े थे। सूर्यपाल सिंह उर्फ मुन्ना सिंह कई सालों से कोतवाली शहर के लालपालपुर में रह रहे थे। साल 2007 में अहिरोरी (तृतीय) से ज़िला पंचायत सदस्य चुने गए थे। जैसा कि बताया गया है कि सोमवार की भोर पहर घर से सैर करने निकले, उसी बीच करना रेलवे स्टेशन की कनेहटा रेलवे क्रासिंग के पास अचानक ट्रेन की चपेट में आने से वहीं पर दर्दनाक मौत हो गई। इसका पता होते ही वहां काफी लोगों की भीड़ लग गई। पूर्व ज़िला पंचायत सदस्य अपने चार भाइयों मे सबसे बड़े थे, उनके परिवार में पत्नी अनीता सिंह और छोटा बेटा दिनेश सिंह के अलावा एक बेटी है। बड़े बेटे अजीत सिंह की काफी समय पहले बीमारी के चलतें मौत हो चुकी थी। हादसे का पता होते ही वहां पहुंची जीआरपी टीम ने शव को कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। इधर अहिरोरी ब्लाक प्रमुख धर्मवीर सिंह पन्ने व ज़िला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि धीरेंद्र सिंह धीरू के अलावा और भी तमाम लोग पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और हादसे के बारे में जानकारी जुटाई।


विनोद कुमार की फाइल फोटो।

# जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** ज़मीन पर कब्ज़ा को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। गांव में लाठियां चटकने से भगदड़ मच गई। दोनों पक्षों के लोग लहुलुहान हो गए। एक पक्ष ने गले की चेन व मोबाइल गुम करने का आरोप लगाया है तो तो दूसरे ने कार और बाइक तोड़ने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों की तहरीर पर एक-दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

कासिमपुर थाने के गोड़वा भूप के छत्रपाल ने साहबलाल, रामसागर, बेंचेलाल, हिमांशू, अशोक उर्फ बउआ व अशोक कुमार पर आरोप लगाया कि रविवार की शाम जमीन पर कब्ज़ा करने के विरोध पर लाठियों से हमला कर किशनपाल, इन्द्रपाल, कमलेश व मुन्नी देवी को लहूलुहान कर दिया। साथ ही गले की चेन व मोबाइल गुम कर दिया। उसी थाने के सुब्बाखेड़ा मजरा हिया निवासी सत्यपाल ने गोलू उर्फ जितेंद्र, सुनील, विपिन, अवधेश, आशीष व तीन अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। बताया कि लाठियों से हमला कर लहूलुहान करने और कार व बाइक को तोड़ने का आरोप लगाया है।

## बुखार से पीड़ित बच्ची की मौत, गांव में दहशत

**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र के हेमन खेड़ा गांव में ढाई वर्षीय बच्ची की बुखार से मौत हो गई। मृतक बच्ची गया प्रसाद की पुत्री पलक थी। शुक्रवार को बुखार आने पर परिजन उसे नगर के एक निजी अस्पताल में ले गए। डॉक्टरों ने प्लेटलेट्स की कमी बताते हुए इलाज किया। रविवार रात को बच्ची की हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया। अस्पताल की एम्बुलेंस से ले जाते समय रास्ते में ही बच्ची ने दम तोड़ दिया। गया प्रसाद ने बताया कि पलक उनके तीन बेटों के बाद एकलौती बेटी थी। बच्ची की मौत से पूरा गांव दुखी है। इस घटना के बाद गांव में बुखार को लेकर दहशत का माहौल है।



**दीपक इलेवन की टीम ने जीता फाइनल मैच**

**बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार।** दीपक इलेवन व एसआरवी इलेवन के बीच खेले गए मुकाबले में दीपक इलेवन की टीम ने 48 रनों से मैच जीतकर सीरीज अपने नाम की। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद डॉक्टर अंजूबाला ने विजयी टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया। बताते चलें कि मां स्वर्गीय विमला देवी व स्व. सुखचैन की स्मृति में खेले जा रहे क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 सीजन-4 का फाइनल मैच सोमवार को ग्राम पंचायत कोरोकला के सहदिन मैदान पर दीपक इलेवन व एसआरवी इलेवन के बीच खेला गया। दीपक इलेवन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 211 रन बनाए। मनीष ने 31 गेंदों मे 70 रन बनाकर मैन आफ द मैच विजेता रहे, वही लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसआरवी इलेवन की टीम मात्र 163 रन बना सकी और मैच हार गई।

**सार-संक्षेप**

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम मालपुर के युवक की बेनीगंज थाना क्षेत्र में भैनगांव के पास बाइक और अज्ञात वाहन की टक्कर में मौत हो गयी। अतरौली पुलिस ने भाई की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना अतरौली क्षेत्र के ग्राम निवासी मालपुर मजरा जनिगांव निवासी इमरान ने बताया कि उनका 35 वर्षीय भाई इकरार रविवार की रात्रि 8 बजे कोथांवा से घर वापस अकेले बाइक से आ रहा था। रास्ते में बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भैनगांव के पास अतरौली कोथांवा रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से इकरार घायल हो गया। उसे सीएचसी कोथांवा ले जाया गया, जहां से जिला अस्पताल हरदोई रेफर कर दिया गया। हरदोई ले जाने समय रास्ते में इकरार ने दम तोड़ दिया। जिसके बाद परिजन शव लेकर घर लौट आये।

### ट्रेन में बेहोश मिले अधेड़ को मृत घोषित किया गया

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** सोमवार की शाम को सीएचसी शाहाबाद में आरपीएफ सिपाही द्वारा अधेड़ को बेहोशी की हालत में भर्ती कराया गया, जिसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। आरपीएफ के सिपाही राजेश मीणा को कंट्रोल रूम से सूचना मिली थी कि आने वाली ट्रेन में एक व्यक्ति बेहोशी की हालत में पड़ा है। सिपाही राजेश मीणा ने रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर ट्रेन से अज्ञात अधेड़ को नीचे उतारा और 108 एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी शाहाबाद लेकर गया जहां डॉक्टरों ने अधेड़ को मृत घोषित कर दिया। अनुमान लगाया जा रहा है कि अधेड़ ट्रेन में भीख मांगने वाला कोई व्यक्ति है जो बीमारी के चलते मृत हो गया। सीएचसी शाहाबाद से पी सूचना कोतवाली भेजी गई। कोतवाली पुलिस ने सूचना लेने से मना कर दिया। कोतवाली पुलिस और जीआरपी पुलिस के बीच में मामला उलझा रहा।

### 25 घंटे बाद पुलिस ने दर्ज की लूट की रिपोर्ट

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस ने लूट की वारदात के 25 घंटे बाद रिपोर्ट दर्ज की है। अब रिपोर्ट दर्ज करने के 50 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस इस घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों का सुराग तक नहीं लगा सकी, जिससे पुलिस की काफी किरकिरी हो रही है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव शरमा का रहने वाला खुशीराम 30 मई की रात्रि 8 बजे आंझी रेलवे स्टेशन आ रहा था। नगला भगवान गांव के पास निर्माणाधीन पानी टंकी के सामने पीछे से एक बाइक पर आये तीन नकाबपोश बदमाशों ने तमंचा दिखाकर 35 हजार की नकदी और मोबाइल छीन लिया। खुशीराम ने लूट की वारदात के बारे में कोतवाली पुलिस को बताया। सूचना पाकर क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार मिश्रा और प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार राय मौके पर पहुंचे और खुशीराम से पूछताछ करने के बाद मौका मुआयना भी किया। पुलिस ने 31 मई को पूरे दिन पीड़ित खुशीराम की रिपोर्ट दर्ज नहीं की। 25 घंटे बाद रात्रि 9 :44 पर शाहाबाद कोतवाली पुलिस द्वारा लूट का मामला दर्ज किया गया। घटना के पचास घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं।

### बाइकों की भिड़ंत में अधेड़ की मौत, दो लोग घायल

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** मटियामऊ में दो बाइकों की हुई टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कोतवाली क्षेत्र के गांव मटियामऊ निवासी रामप्रकाश (48) गांव निवासी राकेश (50) के साथ बाइक पर सवार होकर गांव के निकट स्थित पेट्रोल पंप पर गए थे। मटियामऊ तेरवाकुल्ली रोड पर मटियामऊ निवासी सुफियान 25 पुत्र सत्तार की बाइक से टक्कर हो गई, जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने सुफियान, राकेश व रामप्रकाश को नगर के निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। यहां पर इलाज के दौरान राकेश की मौत हो गई। थाना प्रभारी बालेन्द्र मिश्रा ने बताया कि कार्रवाई की जा रही है।

# नगर पालिका की बेशकीमती जमीन पर कर लिया कब्जा

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** अधिकारियों की उदासीनता के चलते जमीनों पर अवैध कब्जा करने वालों के हौसले बुलंद हैं। यही वजह है कि अब वह नगर पालिका परिषद की जमीन पर भी कब्जा करने से गुरेज नहीं करते। पिहानी में रामलीला मैदान के पास गाटा संख्या-663 में नगर पालिका परिषद की करोड़ों की जमीन पर अवैध कब्जा है। अवैध कब्ज़ा रास्ते की ज़मीन है। कब्जाधारक ने दबंगई व कमीशन के बूते अधिकारियों का मुंह बंद कर रखा है। कब्जा करने वाला सईक सर्कसपुरा का निवासी है, जहां उसका पक्का मकान है और हाउस टैक्स भी जमा होता है। राजस्व टीम के चिन्हांकित करने के बावजूद नगर पालिका परिषद के दर्जनों नोटिस देने के बाद भी सरकारी जमीन पर बने अवैध कब्जे पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। हाल में ही रामलीला के पास रास्ते की भूमि गाटा संख्या-655 को नगर पालिका परिषद ने कब्ज़ा हटाकर बोर्ड लगा दिया है। एक करोड़ से अधिक कीमत की सरकारी जमीन पर आरोपी ने कब्ज़ा कर रखा है। जो सरकारी रास्ते की जमीन है। यह हाल तब है जब शासन प्रशासन की ओर से लगातार कहा जा रहा है कि सरकारी जमीनों व अवैध कब्जा करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। इस मामले में नगर पालिका परिषद पिहानी के ईओ अमित कुमार सिंह ने कहा कि कब्जा करने वाले को कई बार नोटिस दी जा चुकी है। लेकिन अब अवैध कब्जाधारक सईक के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। जहां भी नगर पालिका की ज़मीन पर अवैध कब्ज़ा है, उसे हटाने का काम किया जा रहा है। जो लोग गलत तरीके से जमीनों पर काबिज मिलेंगे उनके खिलाफ केस भी दर्ज कराया जाएगा।



जमीन पर लगा नगर पालिका प्रशासन का बोर्ड।


सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले सईक का अवैध रूप से बना पक्का मकान।

## विवाहिता ने की फांसी लगाकर आत्महत्या

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती में विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने उसके पति पर हत्या का आरोप लगाया है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती निवासी वीरू की 20 वर्षीय पत्नी सहजल ने रविवार की शाम घर में कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। 10 माह पूर्व सहजल का विवाह शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के नई बस्ती निवासी वीरू के साथ हुआ था। परसों वीरू अपनी पत्नी को विदा करा कर लाया। रविवार को सहजल ने पति से विवाद होने पर फांसी लगा ली। तुरंत वीरू द्वारा उसे नीचे उतारा गया। गंभीर हालत में सहजल को सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## एक नजर

### प्रायोगिक परीक्षा आज

**अमृत विचार, उन्नाव :** डीएसएन महाविद्यालय के विभाग अध्यक्ष डॉ. मनीष त्रिपाठी ने बताया कि पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विषय की स्नातक प्रायोगिक परीक्षा 3 जून 2025 को होनी है। इसके लिए समस्त छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि बीलिब की प्रायोगिक के लिए नीयत समय अपराह्न 12 बजे से पूर्व अपना एडमिट कार्ड एवं रिकॉर्ड फाइल लेकर महाविद्यालय में उपस्थित हो।

### बाल अपचारी गिरफ्तार

**फतेहपुर चौरासी (उन्नाव), अमृत विचार :** अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना फतेहपुर चौरासी पुलिस ने पॉक्सो एक्ट समेत कई धाराओं में वांछित एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया है। सोमवार को वरिष्ठ उप निरीक्षक अरविंद कुमार पांडेय ने हमराही विनोद कुमार यादव के साथ अवस्थिनखेड़ा मोड़ के पास से पाक्सो एक्ट और दुष्कर्म के आरोपी बाल अपचारी को हिरासत में लिया। थाना प्रभारी के अनुसार, उक्त किशोर के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट सहित कई संगीन धाराओं में मामला दर्ज है और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस ने उसे बाल संप्रेषण गृह भेजा है।

### खुले बिजली के तार की चपेट में आई महिला, हालत गंभीर

**बांगरमऊ, उन्नाव, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिरधरपुर निवासी विष्णु सैनी की पत्नी बिटान (45) सोमवार दोपहर अपने घर में स्नान करने के बाद जैसे ही बाहर निकल रही थीं, तभी उनका हाथ अचानक खुले विद्युत तार से छू गया। करंट लगते ही महिला गंभीर रूप से झुलस गईं और मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ीं। परिजनों ने तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस से झुलसी महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांगरमऊ लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### जहरीला कीड़ा कटाने से दो की बिगड़ी हालत

**बांगरमऊ, उन्नाव, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में जहरीला कीड़ा काटने से दो युवकों की हालत गंभीर हो गई। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा दोनों युवकों को नाज़ुक हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के ग्राम गोंदरी निवासी चंद्रिका का बेटा जितेंद्र कुमार रविवार को देर शाम घरेलू काम कर रहा था। तभी अचानक अंधेरे में छिपे बैठे किसी जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन उसे यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाज़ुक देखकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इसके अलावा बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम ब्योली इस्लामाबाद निवासी राजेश कुमार के बेटे विमल कुमार के रविवार को देर शाम किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया।

# जमीनी विवाद को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में किया हंगामा

## रोकने पर पुलिस से भिड़े लोग, प्रधान सहित ग्रामीणों पर हुई कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार :** प्रधान के नेतृत्व में गांव में बन रहे खेल मैदान के विवाद में पहुंचे ग्रामीणों ने जमकर हंगामा काटना शुरू कर दिया। जिसे रोकने के लिए पुलिस को मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान ग्रामीणों ने पुलिस से अभद्रता का भी प्रयास किया। बाद में निषेद्य आज्ञा का उल्लंघन करने पर पुलिस ने प्रधान उसके पति सहित सात लोगों पर शांति भंग करने की कार्रवाई करते हुए दो ट्रैक्टर ट्राली सीज किए।

सिकंदरपुर कर्ण ब्लाक की ग्राम पंचायत सिंगहा की महिला प्रधान पवन रेखा व उनके पति आशीष के नेतृत्व में आधा सैकड़ा से अधिक ग्रामीणों सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर डीएम कार्यालय के बाहर हंगामा कर गांव में खेल मैदान के लिए भूमि और सरकारी भूमि पर कब्जे को हटवाने की मांग करने लगे। शोर सुनकर पहुंचे नगर मजिस्ट्रेट राजीव राज ने ग्रामीणों की समस्या सुनी। तभी ग्रामीणों ने नारेबाजी तेज कर दी। मामला भूमि विवाद से जुड़ा मामला होने पर एडीएम वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड आए और उन्होंने बताया कि जिस गाटा संख्या 241 पर खेल मैदान के लिए भूमि की मांग की जा रही है उसका वाद राजस्व परिषद न्यायालय में विचाराधीन है और कोर्ट ने उस पर स्टे दिया है। लेखपाल ने दूसरी भूमि का प्रस्ताव भेजा है। उस पर मैदान बनेगा। यह सुन ग्रामीण भड़क उठे। हंगामा बढ़ता देख कोतवाल अवनीश सिंह पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे। ग्रामीणों के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं भी थी इस पर महिला थाना प्रभारी रेखा सिंह को भी फोर्स के साथ बुलाया गया। पुलिस ने भीड़ को शांत कराने का प्रयास किया तो ग्रामीण पुलिस से धक्का मुक्की व हाथापाई



हंगामा काट रही महिलाओं को समझाती महिला थाना प्रभारी। अमृत विचार



ट्रैक्टर को कब्जे में लेती पुलिस। अमृत विचार

उतर आए। पुलिस ने किसी तरह हंगामा कर रहे ग्रामीणों को परिसर से बाहर किया। लेकिन उनके शांत नहीं होने पर पुलिस ने महिला प्रधान पवन रेखा, उनके पति आशीष को हिरासत में लेकर पुलिस की गाड़ी में बैठने लगी यह देख महिलाएं पुलिस से भिड़ गई। जिस पर महिला थाना प्रभारी और महिला सिपाहियों ने उन्हें हटाया। जिसमें महिला थाना प्रभारी के हाथ में हल्की चोट भी आ गई। भीड़ में शामिल महिलाएं पुलिस गाड़ी आगे खड़ी हो गाड़ी रोकने लगी जिस पर महिला पुलिस कर्मियों ने उन्हें हटाया। उसके बाद पुलिस उन्हें लेकर कोतवाली चली गई।

पुलिस ने दो ट्रैक्टरों को भी कब्जे में लेकर सीज किया और सात लोगों पर शांति भंग करने की कार्रवाई की है।। एडीएम सुशील गोंड ने बताया कि ग्रामीण जिस भूमि की मांग कर रहे हैं उस पर स्टे है। दूसरी भूमि आवंटित करने का आश्वासन दिया लेकिन उसके बाद भी हंगामा करने लगे जिस पर पुलिस ने उन्हें कलेक्ट्रेट परिसर से बाहर कराया गया।

# जलकल विभाग कक्ष में बीयर की बोतलें मिलने पर कार्रवाई, प्रभारी का वेतन रोका

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**गिरी गाज**

- जिलाधिकारी के निर्देश पर मामले में सख्त कार्रवाई की गई
- ईओ ने जलकल प्रभारी पंकज से किया जवाब-तलब

**अमृत विचार:** नगर पालिका गंगाघाट के जलकल विभाग में शराबखोरी का मामला सामने आने के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। विभागीय कक्ष में बीयर की बोतलें खोलकर की गई नशेबाजी की घटना सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद ईओ ने जलकल प्रभारी का वेतन रोकते हुए जांच कमेटी गठित कर दी है।

जिलाधिकारी के निर्देश पर मामले में सख्त कदम उठाए गए हैं। जानकारी के अनुसार, 29 मई को पालिका द्वारा रानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर एक गेस्ट हाउस में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसी दौरान जलकल विभाग के कक्ष में कुछ अराजकतत्वों ने नगर पालिका की गरिमा को तार-तार करते हुए बीयर की बोतलें खोलकर नशेबाजी की। अगले दिन इस कक्ष के भीतर की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगे। मामला सुर्खियों में आते ही नगर पालिका में हड़कंप मच गया। ईओ मुकेश कुमार मिश्रा ने इस मामले को गंभीरता से लिया और जलकल प्रभारी पंकज से जवाब-तलब किया। साथ ही जिलाधिकारी के निर्देश पर जलकल प्रभारी का वेतन तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया। जांच के लिए एक समिति भी गठित कर दी गई है, जिसे एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

ईओ मुकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि वायरल वीडियो की पुष्टि के बाद यह प्रतीत होता है कि विभागीय परिसर में जानबूझकर शराब का सेवन किया गया। साथ ही यह भी आशंका है कि यह घटना किसी साजिश के तहत अंजाम दी गई हो। इस कोण से भी जांच की जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## ऑटो पलटने से एएमओ घायल, जिला अस्पताल रेफर

संवाददाता, नवाबगंज, उन्नाव

**अमृत विचार :** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के चमरौली आश्रम मोड़ पर सोमवार शाम एक ऑटो रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ऑटो में आगे बैठे आनंद कुमार गुप्ता (51) गंभीर रूप से घायल हो गए। वह कानपुर के कल्याणपुर के निवासी हैं। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने उन्हें नवाबगंज सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

घायल आनंद कुमार गुप्ता ने बताया कि वह दही चौकी स्थित गेहूं क्रय केंद्र पर एएमओ पद पर तैनात हैं, साथ ही नवाबगंज क्रय केंद्र का भी अतिरिक्त चार्ज उनके पास है। सोमवार दोपहर वह ऑटो से नवाबगंज से दही चौकी केंद्र जा रहे थे, इसी बीच मोड़ पर ऑटो पलट गया। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया।

# महिला की अचानक मौत पर मायके पक्ष ने जताया संदेह

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र निवासी विवाहिता की अचानक मौत हो गई। इसकी खबर पर पहुंचे मामा ने मौत पर संदेह जताया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एसडीएम को इसकी जानकारी दी। जिनके आदेश पर नायब तहसीलदार ने पंचनामा की कार्रवाई कर शव मोर्चरी भेजा। जहां दो डॉक्टर ने शव का पोस्टमार्टम किया। इसमें विवाहिता की बीमारी (सेप्टी सीमिया) से मौत की पुष्टि हुई।

हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव आटनपुर गांव निवासी गीता (22) पत्नी अरविंद रावत के 31 मई को पेट में दर्द होने पर पति पहले उसे एक निजी डॉक्टर के क्लीनिक लेकर गया। आराम न मिलने पर एक निजी अस्पताल ले गया। वहां रविवार रात इलाज के दौरान गीता की मौत हो गई। भांजी की मौत की सूचना पर अजगैन कोतवाली के पकरगवां निवासी मामा रामखेलावन उसके घर पहुंचे और बताया कि उसने 18 जनवरी-2024 को भांजी की शादी अरविंद से की थी। शादी के कुछ माह बाद ही पति दहेज में एक लाख रुपए और सोने की चेन की मांग करने लगा, मांग पूरी न होने पर आए दिन भांजी को पीटता था। उसी ने भांजी को गला दबाकर मार डाला।

महिला की मौत की सूचना पर हसनगंज एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार दीपक कुमार ने जांच कर पंचनामा भर।। सोमवार को पैनल में शामिल डॉ. फैसल जुबेर और डॉ. विशाल मोहन सक्सेना ने शव का पोस्टमार्टम किया। जिसमें सेप्टीसीमिया से मौत की पुष्टि हुई है। मृतका के पिता की बीमारी से काफी समय पहले मौत हो गई थी, मामा ने ही उसका पालन पोषण कर उसकी शादी की थी। कोतवाली प्रभारी संदीप शुक्ल ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पीएम रिपोर्ट मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मां को गाली देने पर शिवनारायन की गला दबाकर की थी हत्या

## हत्या आरोपी को गंगाघाट पुलिस और सर्विलांस टीम ने किया गिरफ्तार

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गजिया खेड़ा गांव में रहने वाले शिवनारायन निषाद का शव खेत में चारपाई में पाया गया था। थाना गंगाघाट पुलिस, स्वाट टीम एवं सर्विलांस सेल की संयुक्त कार्रवाई में हत्या के एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी ग्राम गजियाखेड़ा के आजाद मार्ग कट से की गई। जहां उसने बताया कि नशे में धुत होकर शिवनारायन उसे मां की गालियां दे रहा था। जिस पर उसने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुये जेल भेज दिया है।

गजिया खेड़ा निवासी कमला पत्नी शिवनरायन ने थाना गंगाघाट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनका पति शिवनरायन, जो गांव गजियाखेड़ा निवासी हैं, रोज की



पुलिस की गिरफ्त में हत्या का आरोपी।

तरह गांव के किनारे स्थित रज्जन यादव के खेत में रखवाली के लिए गए थे। अगली सुबह जब वह खेत पहुंचीं तो देखा कि उनके पति चारपाई पर मृत अवस्था में पड़े हैं। मामले की सूचना पर पुलिस ने फौरन कार्रवाई करते हुए शव का पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक के गले में एंटीमार्टम इंजरी मिलने पर हत्या की आशंका गहराई और थाना गंगाघाट में अज्ञात के खिलाफ धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन में तुषार उर्फ लम्बू पुत्र स्व. ललित कुमार निवासी गजियाखेड़ा का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने उसे सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में तुषार ने स्वीकार किया कि मृतक शिवनरायन शराब के नशे में उसकी मां को अपशब्द कह रहा था, जिससे नाराज होकर उसने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना गंगाघाट से प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार मिश्र और उनकी टीम शामिल रहे। वहीं स्वाट टीम का नेतृत्व निरीक्षक जयप्रकाश यादव ने किया, और सर्विलांस टीम का संचालन उपनिरीक्षक निखलेश कुमार द्वारा किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## सार-संक्षेप

### डीएसएन के कार्यवाहक प्राचार्य का शिक्षकों ने किया घेराव

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** डीएसएन महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य व शिक्षकों में चल रही तनातनी बढ़ती जा रही। सोमवार को शिक्षकों ने प्राचार्य कक्ष के बाहर प्रदर्शन के घेराव किया और प्राचार्य पर नियम विरुद्ध कार्य करने के आरोप लगाए। शहर के डीएसएन महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य प्रदीप गुप्ता व महाविद्यालय के शिक्षकों के बीच विवाद गहराता जा रहा है। इसी के चलते शिक्षकों ने कार्यवाहक प्राचार्य के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए उनका घेराव किया। शिक्षकों का आरोप है कि कार्यवाहक प्राचार्य ने नियम-विरुद्ध और बदले की भावना से उनके समर्थ डाटा को बिना कारण 31 मई-2025 को डिनाइड कर दिया।। इससे वह मानसिक परेशान है साथ ही प्राचार्य का यह कदम उनके करियर के साथ खिलवाड़ है। शिक्षकों का कहना था कि कार्यवाहक प्राचार्य ने समर्थ पोर्टल पर उनके डाटा को अस्वीकार करते समय कोई ठोस कारण नहीं बताया। कूटा (क्षेत्रीय शिक्षक संघ) के प्रो. विनय यादव और डॉ. विपिन सिंह ने बताया कि शिक्षकों ने इस मामले को गंभीरता से लिया। कहा कि प्राचार्य का यह कार्य शिक्षक विरोधी है। शिक्षक नेताओं ने बताया कि मंगलवार को पूरे मामले की शिकायत पत्र भेजकर प्रमुख सचिव, कुलाधिपति व निदेशक (उच्च शिक्षा) से की जाएगी। शिक्षक नेताओं के कहना कि वह उच्च अधिकारियों से एक जांच कमेटी गठित कर जांच कराने की मांग करेंगे। वहीं पूरे मामले पर फिलहाल कार्यवाहक प्राचार्य व महाविद्यालय प्रशासन ने अपनी प्रतिक्रिया नहीं दी है।

### गूगल पे का पासवर्ड पूछ बाइक सवारों ने उड़ाये 80 हजार

**संवाददाता नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार :** सोहरामऊ क्षेत्र के एक युवक से बाइक सवारों ने लिफ्ट देकर उसके गूगल पे से जबरन पासवर्ड पूँछकर अस्सी हजार रुपये लूट लिए। पुलिस ने पीड़ित की ऑनलाइन एप्लिकेशन पर 24 दिन बाद मुकदमा दर्ज किया है। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के बजेहरा गांव निवासी शिवकुमार पुत्र सरजू 7 मई को मुड़न कार्यक्रम से लौट रहा था, तभी दो बाइक सवार उसे लिफ्ट देने के बहाने गाड़ी में बिठा लिया और उसे सोहरामऊ सरौती मार्ग पर एक गैस एजेंसी के पास ले जाकर उससे मोबाइल छीन लिया और जान से मारने की धमकी देकर उससे गूगल पे का जबरन पासवर्ड पूंछ लिया। जिसके बाद अस्सी हजार रुपये ट्रांसफर कराकर फरार हो गए। इस संबंध में एसओ शरद कुमार ने बताया कि नशे की हालत में शिवकुमार से बाइक सवार दोस्तों ने पांच हजार रुपये उधार मांगे थे लेकिन उन्होंने अस्सी हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए थे। दूसरे ही दिन दोनों पक्षो को बुलाकर पैसे वापस करा दिए गए थे। लेकिन तहरीर ऑनलाइन होने के कारण कम्प्यूटर पर सिंक करने के दौरान अपडेट हो गई थी। जिसकी वजह से रिपोर्ट दर्ज करनी पड़ी जांच में फाइनल रिपोर्ट लगा दी जाएगी।

### कुत्ते के विवाद में मारपीट, गर्भवती महिला को पीटने का आरोप

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सीताराम कॉलोनी में रविवार को कुत्ते को लेकर विवाद हो गया। आरोपियों ने एक ही परिवार के कई सदस्यों को मारा पीटा। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। सीताराम कॉलोनी निवासी अजय, विजय, प्रिंस और विकास ने बताया कि उनके पड़ोसी मुकेश का कुत्ता अक्सर खुले में घूमता है। रविवार को कुत्ता उनके घर में घुसकर खाने का सामान झूठा कर गया। जब उन्होंने कुत्ते को भगाया तो मुकेश ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मुकेश ने अपने साथियों रुपेश, दीपांशु, उत्सव, राकेश और सरोज के साथ मिलकर पीड़ित परिवार पर हमला कर दिया। अजय का आरोप है कि मारपीट के दौरान मुकेश की बहन सोनाली ने उनकी गर्भवती पत्नी करीना के पेट में लात मार दी, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है।



मारपीट में घायल युवक।

### तेज रफ्तार बाइक ने होमगार्ड को मारी टक्कर, पैर टूटा

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली में तैनात होमगार्ड हीरालाल सोमवार को सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब वह फोरलेन सड़क पार कर रहे थे। जानकारी के अनुसार, हीरालाल की ड्यूटी सोमवार को सब्जी मंडी स्थित पंजाब नेशनल बैंक में लगी थी। दोपहर करीब पौने दो बजे उन्हें कोतवाली से एक मुल्जिम को न्यायालय ले जाने के लिए बुलाया गया। बैंक से निकलते समय वह डिवाइडर कट के रास्ते सड़क पार कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार से उन्नाव की ओर से आ रही एक बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में होमगार्ड का एक पैर कई जगह से टूट गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल उन्हें सड़क से हटाकर किनारे किया, लेकिन बाइक सवार मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से हीरालाल को एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और बाइक सवार की तलाश की जा रही है।



दुर्घटना के बाद घायल बैठा होमगार्ड हीरालाल।

### वर और कन्या कन्या पक्ष में हुआ विवाद, टूटी शादी

**उन्नाव, अमृत विचार :** उन्नाव जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित मगरवारा के एक गेस्ट हाउस में रविवार रात शादी समारोह में उस समय हंगामा हो गया जब कैश और जेवर को लेकर वर और कन्या पक्ष आमने-सामने आ गए। जानकारी के अनुसार माखी थाना क्षेत्र के एक युवक की बारात पहुंची थी। तिलक की रस्म में कन्या पक्ष को 1.50 लाख रुपये नगद देने थे। बताया जा रहा है कि नगदी कम मिलने और वर पक्ष द्वारा लाए गए जेवर हल्के होने को लेकर विवाद गहरा गया। जेवर कम वजन के होने पर वर पक्ष नाराज़ हो गया। चर्चा है कि बारात में शामिल सराफ को ही वहीं, नगदी देनी थी, जिससे जेवर खरीदे गए थे। बात इतनी बढ़ी कि मारपीट तक हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया, लेकिन शादी की रस्म नहीं हो सकी। चौकी इंचार्ज रवि मिश्र के अनुसार दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे थे, मगर कोई तहरीर नहीं दी। फिलहाल रिश्तेदारों की मध्यस्थता में सुलह की कोशिश जारी है।

# प्लॉट दोबारा बेचकर की ठगी, पीड़िता ने डीएम से लगाई गुहार

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के चकलवंशी गांव निवासी प्रेमा देवी ने प्लाट बिक्री में धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी गौरांग राठी को शिकायत की। डीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के निर्देश एएसपी को दिए। प्रेमा देवी का आरोप है कि सदर उन्नाव क्षेत्र के राजेपुर उर्फ वाजिदपुर गांव निवासी पुत्तीलाल ने चकलवंशी स्थित गाटा संख्या 66 के प्लाट को दिखाकर 13.32 लाख रुपये में बेचने का सौदा तय किया। 20 मार्च 2020 को 9.34 लाख रुपये लेकर इकरारनामा कर दिया गया। लेकिन बाद में पता चला कि वही प्लाट पहले ही एक अन्य महिला सुशीला के नाम बैनामा किया जा चुका है। धोखाधड़ी का उलाहना देने पर पुत्तीलाल ने खुद को डीएम का वाहन चालक बताते हुए एक माह में रकम लौटाने का वादा किया। जब तय समय पर पैसे नहीं मिले, तो प्रेमा देवी ने 18 नवंबर 2024 को अधिवक्ता के माध्यम से पुत्तीलाल और उसके पुत्र संजय भारती को नोटिस भेजी। इसके जवाब में दोनों ने 14 जनवरी 2025 तक धन वापसी का आश्वासन दिया, लेकिन वह भी पूरा नहीं हुआ। प्रेमा देवी ने आशंका जताई है कि आरोपी जानबूझकर 8 जून 2025, जो इकरारनामे की अंतिम तिथि है, पार कर मामले को कमजोर करना चाहते हैं। उन्होंने केस दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# शिव तांडव की झांकी में रातभर झूमे श्रद्धालु

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार :** श्री अमरनाथ सेवा मंडल द्वारा अमरनाथ यात्रा हेतु इस वर्ष भी भव्य भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार रात मन्नी बिहारी पुरम, राजधानी मार्ग स्थित कलेक्शन सेंटर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें शिव तांडव और राधा-कृष्ण की झांकी ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

कार्यक्रम में कलाकारों ने जीवंत शिव तांडव, भस्म आरती और जीवित सर्पों के साथ नृत्य प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। राधा-कृष्ण की सुंदर झांकी ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। देर रात तक चले इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और खूब आनंद उठाया। सेवा मंडल द्वारा नगर में कलेक्शन सेंटर की स्थापना की गई है, जहां आगामी अमरनाथ यात्रा के लिए राशन सामग्री और अन्य जरूरी वस्तुएं एकत्र की जा रही हैं। मंडल के कार्यकर्ताओं ने बताया कि इस वर्ष 28वां विशाल भंडारा अमरनाथ की पवित्र गुफा, बालटाल, बुराड़ी टॉप, पंचतरिणी, शेषनाग और जम्मू के यात्री निवास में लगाया जाएगा। भंडारे की सामग्री 7 जून को शुक्लागंज से बाबा अमरनाथ धाम के लिए रवाना की जाएगी। आयोजन में नितिन शर्मा, राजकुमार गुप्ता, संतोष शर्मा, अरुण त्रिवेदी, सचिन ओमर, शिशिर श्रीवास्तव, अजय गुप्ता, ज्ञानी, रामबाबू और सौरभ कश्यप सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और भक्त उपस्थित रहे।




अमरनाथ सेवा मंडल के कार्यक्रम के दौरान मनमोहक झांकी की प्रस्तुत देते कलाकार। अमृत विचार

# अच्छे स्वास्थ्य और शुद्ध पर्यावरण के लिए चलाएं साइकिल

संवाददाता, सफीपुर (उन्नाव)

**अमृत विचार:** हर साल 3 जून को 'विश्व साइकिल दिवस' मनाया जाता है। यह दिन न केवल साइकिल की उपयोगिता को रेखांकित करता है, बल्कि लोगों को फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए भी प्रेरित करता है। आज जब मोटर गाड़ियों का युग चल रहा है, तब भी साइकिल की सादगी और उसके फायदे लोगों को फिर से अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं।

साइकिल को सेहत की सवारी कहा जाता है। यह न केवल शरीर को फिट रखती है, बल्कि पर्यावरण को भी प्रदूषण से बचाती है। केंद्र से लेकर राज्य स्तर तक कई अधिकारी साइकिल का उपयोग कर इसका उदाहरण प्रस्तुत कर चुके हैं। इस वर्ष मोटापे के खिलाफ भारत की लड़ाई में साइकिल को एक अहम हथियार के रूप में चुना गया है। साइकिलिंग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवनशैली है। आज कई लोग अपने तनावपूर्ण जीवन में राहत पाने और स्वस्थ रहने के लिए सुबह की शुरुआत साइकिलिंग से करते हैं। यह न सिर्फ दिल और फेफड़ों को मजबूत बनाता है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य में भी सुधार लाता है। सप्ताह में तीन से पांच बार केवल 15-20 मिनट की साइकिलिंग शरीर में जमा फैट को ऊर्जा में बदल सकती है। साइकिल केवल एक सवारी नहीं, बल्कि सेहत, सजगता और समाज के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक है। आज के दिन हम सबको यह संकल्प लेना चाहिए कि हम स्वयं भी साइकिलिंग को अपनाएं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें दृ ताकि हम खुद भी स्वस्थ रहें और हमारा पर्यावरण भी सुरक्षित बना रहे।




विश्व साइकिल दिवस।

वर्ष 2025 में, जब दुनिया गंभीर जलवायु संकट, शहरी प्रदूषण, जनस्वास्थ्य की समस्याओं और ऊर्जा संकट से जूझ रही है, तब साइकिल का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, हर वर्ष दुनिया में 50 लाख से अधिक लोगों की मृत्यु वायु प्रदूषण से संबंधित बीमारियों के कारण होती है। इनमें से अधिकांश मौतें शहरी क्षेत्रों में होती हैं, जहां मोटर वाहनों से उत्पन्न प्रदूषण प्रमुख कारण है। वहीं, विश्व स्वास्थ्य संगठन की 2024 की रिपोर्ट में उल्लेख है कि वैश्विक स्तर पर 81 प्रतिशत शहरी आबादी अब भी ऐसे वातावरण में रह रही है, जहां वायु गुणवत्ता डब्ल्यूएचओ के मानकों से नीचे है।

### साइकिल होती है हरित वाहन

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में जब हर कोई तेज रफ्तार से जी रहा है, तब साइकिल एक शांत, स्वस्थ और टिकाऊ विकल्प बनकर उभरी है। यह वाहन न शोर करता है, न प्रदूषण, और न ही ईंधन की खपत करता है। यही कारण है कि इसे हरित वाहन कहा जाता है। साइकिलिंग का पहला पैडल चलाते ही आप उस समूह में शामिल हो जाते हैं जो शहरी संस्कृति को बेहतर और पर्यावरण के अनुकूल दिशा में ले जाता है। युवाओं के लिए यह एक स्टाइल और क्रेज बनता जा रहा है, तो बुजुर्गों के लिए यह शरीर का संतुलन बनाए रखने का साधन है।

### उम्र के साथ बढ़ते लाभ

विशेषज्ञों के अनुसार, साइकिलिंग न केवल शरीर की ताकत और सहनशक्ति बढ़ाती है, बल्कि यह शरीर के संतुलन को सुधारने में भी मदद करती है, जो बुढ़ापे में बेहद जरूरी होता है। साथ ही इससे फेफड़ों की क्षमता में वृद्धि होती है और दिल की सेहत बेहतर रहती है।

### साइकिलिंग के ये फायदे

यदि आप नित्य साइकिलिंग करते हैं तो दिल व फेफड़ों की सेहत में सुधार, वजन घटाने में मददगार, तनाव में राहत, शारीरिक संतुलन बेहतर, पर्यावरण के लिए अनुकूल, शुगर व बीपी नियंत्रित रखने में सहायक से दूर रहेंगे।

## एक नजर

### वायदा बाजार में सोने का भाव 1300 रुपये चढ़ा

नई दिल्ली। मजबूत हाजिर मांग के बीच सटोरियों के ताजा सौदों से वायदा कारोबार में सोमवार को सोना 1300 रुपये तेजी के साथ 97,175 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जून में आपूर्ति वाले सोने की कीमत 1300 रुपये यानी 1.36 प्रतिशत तेजी के साथ 97,175 प्रति 10 ग्राम हो गई। इसमें 14,336 लॉट के लिए कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने बताया कि प्रतिभागियों के ताजा सौदे करने से सोने के कीमतों में तेजी आई है।

### इन्फोसिस के सीईओ का वेतन 80.62 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। इन्फोसिस के सीईओ सलिल पारेख का वेतन 2024-25 में 21.6 प्रतिशत बढ़कर 80.62 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वित्त वर्ष में पारेख को 66.25 करोड़ रुपये का वेतन मिला था। पारेख ने 2024-25 में मूल वेतन के रूप में 7.45 करोड़, सेवानिवृत्ति लाभ के रूप में 49 लाख, बोनस और प्रोत्साहन के रूप में 23.18 करोड़, शेयर विकल्पों के इस्तेमाल से 49.5 करोड़ रुपये अर्जित किए।

# छोटी कारों के बाजार को बचाए सरकार

## मारुति ने सरकार से की मांग, कहा- दाम ऊंचा होने से आ रही है गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी



● पिछले 10 साल में 30 प्रतिशत से भी कम रह गई बाजार में छोटी कारों की हिस्सेदारी

देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने सोमवार को देश में छोटी कारों की बिक्री को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहनों की मांग की। कंपनी का कहना है कि छोटी कारों का दाम ऊंचा होने की वजह से इस खंड में धीरे-धीरे गिरावट देखी जा रही है।

कभी भारतीय यात्री वाहन बाजार में छोटी कारों का दबदबा था। आज कुल यात्री वाहन बाजार में इस खंड की हिस्सेदारी घटकर 30 प्रतिशत से भी कम रह गई है। पांच लाख रुपये से कम कीमत वाली प्रवेश स्तर की कारें जो वित्त वर्ष 2015-16 में लगभग 10 लाख इकाई (9,34,538 यूनिट) हुआ करती थीं, 2024-25 में यह घटकर सिर्फ 25,402 इकाई रह गई हैं।

मारुति सुजुकी के ऑल्टो और एस-प्रेसो जैसे मॉडल की बिक्री मई में घटकर 6,776 इकाई रह गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 9,902 इकाई रही थी। यहां तक कि बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट और वैगनआर सहित कॉम्पैक्ट कारों की बिक्री भी मई, 2025 में घटकर 61,502 इकाई रह गई जो पिछले साल इसी महीने 68,206 इकाई की हुई थी।

मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन और बिक्री) पार्थो बनर्जी ने एक ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बढ़े हुए विनियमन के साथ, छोटी कार मॉडलों की कीमतों में काफी वृद्धि हुई है, जिसका असर उन खरीदारों पर पड़ा है जो दोपहिया वाहनों से प्रवेश स्तर की कारों तक जाना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, इसलिए कहीं न कहीं सरकार को यह समझना होगा कि अगर वे वाहन उद्योग को गति देना चाहते हैं, तो उन्हें यह समझने की जरूरत है कि समस्या कहां है और छोटी कारों की बिक्री का आकार कैसे बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा, कुछ प्रोत्साहनों की आवश्यकता है ताकि जो ग्राहक कार खरीदने में सक्षम नहीं है, वे आ सकें और दोपहिया वाहन से चार पहिया वाहन की ओर जा सकें।

### मारुति सुजुकी और हुंदै की मई में बिक्री घटी

नई दिल्ली। मारुति सुजुकी इंडिया और हुंदै मोटर इंडिया की घरेलू बाजार में थोक बिक्री मई में घट गई है। मारुति सुजुकी इंडिया ने कहा कि उसने भारत-पाकिस्तान संघर्ष और छोटी कारों की बिक्री में गिरावट के बीच उद्योग के खुदरा बिक्री अनुमानों के अनुरूप डीलरों को आपूर्ति को संतुलित किया है। हुंदै ने कहा कि पिछले महीने कंपनी ने चेन्नई स्थित विनिर्माण संयंत्र को एक सप्ताह तक नियमित अर्धवार्षिक रखरखाव के लिए बंद रखा, जिससे बिक्री में गिरावट आई। मारुति की कुल बिक्री मई में सालाना आधार पर तीन प्रतिशत बढ़कर 1,80,077 इकाई पर पहुंच गई। मई, 2024 में कंपनी ने कुल 1,74,551 वाहन बेचे थे। पिछले महीने घरेलू यात्री वाहन की थोक बिक्री सालाना आधार पर छह प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,35,962 इकाई रह गई।

# सेंसेक्स 77 अंक टूटा निफ्टी में भी गिरावट

मुंबई। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच स्थानीय शेयर बाजार में भी सोमवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 77 अंक टूट गया। वैश्विक व्यापार को लेकर ताजा चिंता से दुनिया के अन्य बाजारों में गिरावट का रुख रहा जिसका असर घरेलू बाजार पर भी दिखा।

इसके अलावा, रूस-यूक्रेन युद्ध, ब्रेंट क्रूड के दाम में तेज वृद्धि और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स एक समय 796.75 अंक तक लुढ़क गया था। हालांकि, बाद में इसमें कुछ सुधार आया और अंत में यह 77.26 अंक के नुकसान के साथ बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 34.10 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,716.60 अंक पर बंद हुआ।

# रेपो दर में 0.5 प्रतिशत की बड़ी कटौती कर सकता है रिजर्व बैंक

नई दिल्ली, एजेंसी



● एसबीआई की शोध रिपोर्ट में दावा- ऋण चक्र को बहाल करने के लिए किया जा सकता है ऐसा

भारतीय स्टेट बैंक की एक शोध रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय रिजर्व बैंक शुक्रवार को अपनी मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर में आधा प्रतिशत की भारी कटौती कर सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, ऋण चक्र को फिर से बहाल करने और अनिश्चितताओं का मुकाबला करने के लिए ऐसा किया जा सकता है।

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) चार जून को अगली द्विमासिक नीति पर विचार-विमर्श शुरू करेगी और छह जून (शुक्रवार) को बैठक में लिए गए निर्णय की घोषणा करेगी। केंद्रीय बैंक ने फरवरी और अप्रैल में प्रमुख ब्याज दर (रेपो) में 0.25 प्रतिशत की कटौती की थी, जिससे यह घटकर छह प्रतिशत पर आ गई है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय एमपीसी ने अपनी अप्रैल की नीति में रुख को तटस्थ से बदलकर उदार करने का भी फैसला किया था। भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग की शोध रिपोर्ट में कहा गया है, 'हमें जून की मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर में आधा प्रतिशत कटौती की उम्मीद है, क्योंकि बड़ी दर कटौती अनिश्चितता का मुकाबला करने के काम आ सकती है।' रिपोर्ट के मुताबिक, बड़ी दर कटौती ऋण चक्र को फिर से सक्रिय कर सकती है।

# एआई, मशीन लर्निंग में भर्तियां 25% बढ़ीं

नई दिल्ली, एजेंसी



● एक रिपोर्ट ने पेश किया मई का आंकड़ा, आईटी में नौकरियां घटीं

मई माह में कृत्रिम मेधा (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) क्षेत्र में भर्तियों की संख्या में सालाना आधार पर 25 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की गई जबकि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में नौकरी के अवसरों में गिरावट देखी गई। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

'नौकरी जॉबस्पीक मई 2025' रिपोर्ट कहती है कि आईटी क्षेत्र से जुड़ी नई नौकरियां मई, 2025 के दौरान पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले पांच प्रतिशत घट गईं। नौकरी डॉट कॉम के मुख्य कारोबार अधिकारी पवन गोयल ने कहा, 'मई के दौरान महानगरों में एआई एवं मशीन लर्निंग से जुड़ी भूमिकाओं पर भर्तियों में लगातार तेजी देखी गई। इसी के साथ वरिष्ठ पेशेवरों की मांग भी स्थिर बनी रही। यह प्रवृत्ति पिछले एक साल से मजबूत बनी हुई है।'

रिपोर्ट के मुताबिक, मई, 2025 में कुल भर्ती परिदृश्य स्थिर रहने के बीच रियल एस्टेट पांच प्रतिशत और बीमा छह प्रतिशत बढ़कर अपेक्षाकृत चमकदार क्षेत्र के रूप में उभरे। इसके उलट खुदरा, दूरसंचार और बैंकिंग, वित्त एवं ब्रोकिंग क्षेत्रों में भर्तियां आठ-नौ प्रतिशत तक घट गईं।

हालांकि, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं में यूनिकॉर्न कंपनियों की भर्तियों में 29 प्रतिशत तक तेजी देखी गई। शहरों के लिहाज से हैदराबाद और कोच्चि में क्रमशः सात प्रतिशत और आठ प्रतिशत की भर्ती वृद्धि देखी गई, जिसमें से अधिकांश वृद्धि 16 साल से अधिक का अनुभव रखने वाले पेशेवरों की थी।

# यूपीआई लेनदेन मई में 25.14 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर

नई दिल्ली। एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) के जरिये लेनदेन मई में 25.14 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। यह आंकड़ा इससे पिछले महीने की तुलना में पांच प्रतिशत अधिक है। राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने सोमवार को यह कहा। अप्रैल में यूपीआई लेनदेन का मूल्य 23.94 लाख करोड़ रुपये था। मात्रा के लिहाज से बात करें तो मई में 1,867.7 करोड़ लेनदेन किए गए, जबकि इससे पिछले महीने 1,789.3 करोड़ लेनदेन हुए थे। एनपीसीआई ने कहा कि लेनदेन का मूल्य मई में 25.14 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 20.44 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह सालाना आधार पर 23 प्रतिशत की वृद्धि हुई। समीक्षाधीन महीने में दैनिक लेनदेन औसतन 81,106 करोड़ रुपये रहा, जो अप्रैल के 79,831 करोड़ रुपये के स्तर से 1.5 प्रतिशत अधिक है।

# कॉरपोरेट दिवाला संबंधी संशोधन अधिसूचित

नई दिल्ली, एजेंसी

Insolvency & Bankruptcy Board of India

● आईबीबीआई ने कहा- संशोधनों का उद्देश्य प्रक्रियाओं को कारगर बनाना और लेनदारों के हितों की रक्षा करना

आईबीबीआई ने कॉरपोरेट दिवाला प्रक्रिया को नियंत्रित करने वाले नियमों में संशोधनों को अधिसूचित कर दिया है, जिसका उद्देश्य प्रक्रियाओं को कारगर बनाना, लेनदारों के हितों की रक्षा करना और समाधान प्रक्रियाओं में अधिक निवेशक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, भारतीय दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) ने 26 मई को कॉरपोरेट इकाइयों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया से संबंधित चौथे संशोधन विनियम, 2025 को अधिसूचित किया। इस संशोधन के महत्वपूर्ण बदलावों में कर्जदाताओं की समिति (सीओसी) की मंजूरी के साथ समाधान पेशेवरों को न केवल पूरे कॉरपोरेट देनदार के लिए बल्कि व्यक्तिगत परिसंपत्तियों या दोनों के संयोजन के लिए भी अभिरुचि पत्र आमंत्रित करने की अनुमति देना शामिल है।

आईबीबीआई ने कहा कि दोनों समूहों के लिए आवेदनों को सक्षम बनाने से समाधान प्रक्रिया समयसीमा में कमी ला सकती है, व्यवहार्य खंडों में मूल्यह्रास को रोक सकती है और व्यापक निवेशक भागीदारी को प्रोत्साहित कर सकती है। विनियमों ने चरणों में निष्पादित समाधान योजनाओं के तहत भुगतान के लिए रूपरेखा को भी संशोधित किया है।

ऐसे मामलों में, वित्तीय लेनदार जो समाधान योजना का समर्थन नहीं करते थे, उन्हें अब कम से कम आनुपातिक आधार पर और पक्ष में मतदान करने वालों से पहले भुगतान प्राप्त होगा। बोर्ड ने कहा कि यह दृष्टिकोण चरणबद्ध कार्यान्वयन की व्यावहारिक बाधाओं के साथ असहमत लेनदारों के वैध अधिकारों को संतुलित करता है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### केरल तट के पास से दो यमनी छात्र लापता

कोच्चि। दो यमनी नागरिकों के एक समूह के दो व्यक्ति सोमवार को यहां के निकट समुद्र में लापता हो गए। यह जानकारी एर्णाकुलम जिला अधिकारियों ने दी। यह घटना कोच्चि तालुक के एलमकुन्नपुझा गांव के वलपु समुद्र तट की है। लापता व्यक्ति तमिलनाडु के कोयम्बटूर स्थित कला एवं विज्ञान महाविद्यालय के छात्र हैं। अधिकारियों ने बताया कि तटीय पुलिस दल नजारकल पुलिस और वाइपिन फायर फोर्स की मदद से घटनास्थल पर खोज अभियान चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि मत्स्य विभाग की नौकाएं और भारतीय नौसेना का एक हेलीकॉप्टर भी इस अभियान में शामिल हो गया है।

### दुष्कर्म पीड़िता की मौत पर बिहार सरकार को नोटिस

नई दिल्ली। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने दुष्कर्म और क्रूर शारीरिक हमले की शिकार नौ वर्षीय लड़की की घटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मृत्यु पर बिहार सरकार को नोटिस भेजा है। आयोग ने मेडिकल कॉलेज में उपचार में देरी के कारण हुई मौत का स्वतः संज्ञान लिया है और बिहार के मुख्य सचिव और डीजीपी से दो सप्ताह के भीतर मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। अस्पताल पर आरोप है कि पीड़ित बच्ची का इलाज शुरू करने के लिए बिस्तर मिलने से पहले उसे कई घंटों तक एम्बुलेंस में ही इंतजार करना पड़ा था।

### पंजाब मंत्रिमंडल ने लैंड पूलिंग नीति को मंजूरी दी

चंडीगढ़। पंजाब मंत्रिमंडल ने सोमवार को लैंड पूलिंग नीति (जमीन इकट्ठा करने की नीति) को मंजूरी दे दी। कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने कहा कि भूमि मालिकों से एक गज भी जमीन, जबरन अधिग्रहीत नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद अक्षय ऊर्जा मंत्री अरोड़ा ने विपक्षी दलों पर राज्य सरकार की 'लैंड पूलिंग नीति' के बारे में पिछले कई दिन से लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। अरोड़ा ने दावा किया कि इससे बेहतर लैंड पूलिंग नीति न केवल राज्य में बल्कि देश में भी नहीं है।


### दिल्ली में दो बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की एनडीआर टीम ने पूर्वी दिल्ली के मंडावली इलाके में अवैध रूप से रह रहे दो बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान मामून खान (30) और उसकी पत्नी माऊ खान (24) के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि कुछ बांग्लादेशी नागरिक अवैध रूप से मंडावली में रह रहे हैं। इस पर टीम ने जाल बिछाकर दोनों को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

# कोरोना के केस बढ़कर हुए 4 हजार

## पिछले 24 घंटे में चार की मौत, स्वास्थ्य मंत्रालय ने की भीड़ में मास्क पहनने की अपील

नई दिल्ली, एजेंसी



● केरल में सर्वाधिक 1435 कोरोना के सक्रिय मामले, 506 केसों के साथ महाराष्ट्र दूसरे नंबर पर

देशभर में कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ते जा रहे हैं, सोमवार सुबह तक कुल सक्रिय मामलों की संख्या 3961 तक पहुंच गई। पिछले 24 घंटों में इसके संक्रमण से चार मरीजों की मौत हो गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर आज सुबह साढ़े आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार देश में कुल 3961 सक्रिय मामले हैं। अभी तक 2188 मरीजों को स्वस्थ्य होने पर अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है और एक जनवरी से अब तक 32 लोगों की मौत हुई है। पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 203 सक्रिय मामले सामने आये हैं और 370 मरीजों के स्वस्थ्य होने पर उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है लेकिन इस अवधि के दौरान चार लोगों की जान चली गई।

राष्ट्रीय राजधानी के अलावा महाराष्ट्र, तमिलनाडु और केरल में एक-एक मरीज की कोरोना से मौत हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि कोविड संक्रमण की स्थिति पर निरंतर नजर रखी जा रही है। मंत्रालय ने लोगों से अपील की है कि घबराने की आवश्यकता नहीं है और लोगों से भीड़भाड़ वाले इलाकों में मास्क का इस्तेमाल करने और कोरोना से सावधानी बरतने की जरूरत है।

कुल सक्रिय मामलों के सबसे अधिक 1435 केरल में और उसके बाद 506 महाराष्ट्र में हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 483 मामले दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा गुजरात में 338, पश्चिम बंगाल में 331, कर्नाटक में 253, तमिलनाडु में 189, उत्तर प्रदेश में 157, राजस्थान में 69, पुडुचेरी में 38, आंध्र प्रदेश में 30, हरियाणा में 28, मध्य प्रदेश में 23, गोवा में 10, झारखंड में 11, ओडिशा में 12, जम्मू-कश्मीर में 4, छत्तीसगढ़ में सात, बिहार और असम में पांच-पांच, पंजाब में छह, सिक्किम में चार, अरुणाचल प्रदेश, उत्तराखंड और तेलंगाना में तीन-तीन, मिजोरम में दो और चंडीगढ़ में कोरोना का एक सक्रिय मामला है।

### दिल्ली में कोरोना संक्रमित लोगों की संख्या 483 हुई

नई दिल्ली। दिल्ली में रविवार से कोविड-19 के 47 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 483 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। संक्रमण के चलते चार लोगों की मौत हो चुकी है। मंत्रालय ने कहा कि एक पुरानी बीमारी से पीड़ित 22 वर्षीय युवती की कोरोना वायरस से संक्रमण के कारण मौत हो गई। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पिछले सप्ताह कहा था कि दिल्ली में कोविड के 19 मरीज अस्पताल में भर्ती हैं, लेकिन चिंता की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा था कि दिल्ली सरकार सतर्क है और अस्पताल किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं।

# ओडिशाः पति को पेट्रोल डालकर जला दिया

भुवनेश्वर। ओडिशा के नयागढ़ जिले में पति की हत्या के आरोप में एक महिला और उसके बेटे को गिरफ्तार किया गया है। मृतक की पहचान नयागढ़ जिले के शिशिर साहू के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि शिशिर की पत्नी नमिता और पुत्र अभिषेक को गिरफ्तार किया गया है। किसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद नमिता ने अभिषेक की मदद से शिशिर पर पेट्रोल डालकर उसे आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने बताया कि दमकल कर्मियों की एक टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। घर के अंदर से शिशिर का अधजला शव बरामद किया गया, इसके बाद पत्नी और पुत्र को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, पूछताछ के दौरान मृतक की पत्नी और पुत्र ने अपराध कबूल कर लिया।

# ठग लाइफ की रिलीज से पहले कोर्ट पहुंचे कमल हासन

बेंगलुरु, एजेंसी

● कर्नाटक में फिल्म के लिए सुरक्षा और संरक्षण की मांग की

अभिनेता कमल हासन ने सोमवार को कर्नाटक हाईकोर्ट में याचिका दायर कर राज्य में फिल्म 'ठग लाइफ' की सुचारू रिलीज सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा देने का अनुरोध किया है।

यह कदम कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स (केएफसीसी) की हाल की घोषणा के जवाब में उठाया गया है, जिसमें उसने कहा था कि वह कर्नाटक में फिल्म के प्रदर्शन की अनुमति तब तक नहीं देगा, जब तक हासन अपने उस बयान के लिए सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांग लेते, जिसमें उन्होंने कहा था कि कन्नड़ तमिल से विकसित हुई है।

कर्नाटक में फिल्म निर्माताओं, वितरकों-प्रदर्शकों का प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था केएफसीसी ने पांच जून को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने वाली इस फिल्म के बहिष्कार की घोषणा की है। चैंबर ने हासन की टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई और कहा कि जब तक अभिनेता माफी नहीं मांगते, तब तक राज्य में फिल्म को प्रदर्शित नहीं होने दिया जाएगा। उसने दावा किया कि उसका रुख कर्नाटक के सांस्कृतिक गौरव और भाषाई विरासत की रक्षा के लिए है।

## राहत अभियान



भारी बारिश से अरुणाचल प्रदेश के कई इलाकों में लोग फंस गए हैं। आईटीबीपी के जवानों को उन्हें खाद्य वस्तुएं, दवाएं और जरूरी सामान पहुंचाने के लिए दुर्गम इलाकों से गुजरना पड़ रहा है। एजेंसी

# दोनों राकांपा में विलय पर कोई चर्चा नहींः अनिल देशमुख

नागपुर। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) नेता अनिल देशमुख ने शरद पवार और उनसे अलग हुए भतीजे अजित पवार के बीच हाल में हुई बैठकों के बाद दोनों की अगुवाई वाले दलों के विलय की अटकलों को तवज्जो नहीं देते हुए सोमवार को कहा कि दोनों गुटों के साथ आने पर कोई चर्चा नहीं हुई। राकांपा (एसपी) अध्यक्ष शरद पवार और उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने हाल के दिनों में कई मौकों पर मुलाकात की है जिससे राजनीतिक हलकों में उनके फिर से एक होने की अटकलें तेज हो गई। इस बारे में पूछे जाने पर देशमुख ने यहां संवाददाताओं से कहा, दोनों राकांपा के फिर से एक होने पर कोई चर्चा नहीं हुई है।

# तमिलनाडुः अन्ना विश्वविद्यालय यौन उत्पीड़न मामले में अभियुक्त को उम्रकैद

चेन्नई। चेन्नई की एक महिला अदालत ने पिछले साल दिसंबर में अन्ना विश्वविद्यालय परिसर में एक छात्रा का यौन उत्पीड़न करने के जुर्म में अभियुक्त ज्ञानशेखरन को सोमवार को बिना किसी छूट के कम से कम 30 साल के आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

महिला अदालत की न्यायाधीश एम. राजलक्ष्मी ने 28 मई को ज्ञानशेखरन को मामले में दोषी ठहराया था। अदालत ने उस पर कुल 90,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने कहा कि बहुत कड़ी सजा सुनिश्चित की गई है। उन्होंने अदालत को धन्यवाद दिया और फैसले का स्वागत किया। याद दिलाया कि हाल में सरकार ने यौन अपराधियों के लिए छूट को खारिज करते हुए संशोधन किए थे। मुख्यमंत्री का कहना था कि इस मामले में अदालत ने छूट की गुंजाइश के बिना सजा सुनाई और पुलिस विभाग की सराहना की।

# शीर्ष कोर्ट का असम में निर्वासन के विरुद्ध दायर याचिका पर विचार करने से इन्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

● सर्वोच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट जाने को कहा

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया जिसमें आरोप लगाया गया है कि असम सरकार ने राष्ट्रीयता सत्यापन किए बिना या सभी कानूनी उपायों के समाप्त हुए बिना संदिग्ध विदेशी लोगों को हिरासत में लेने और निर्वासित करने के लिए व्यापक अभियान शुरू किया है।

न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने याचिकाकर्ता को इस मामले में गुवाहाटी हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने को कहा। पीठ ने याचिकाकर्ता 'ऑल बीटीसी माइनॉरिटी स्टूडेंट्स यूनियन' की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े से पूछा, आप गुवाहाटी हाईकोर्ट क्यों नहीं जा रहे हैं। हेगड़े ने कहा कि यह याचिका सुप्रीम कोर्ट के पूर्व के एक आदेश पर आधारित है। पीठ ने कहा, कृपया गुवाहाटी हाईकोर्ट जाएं।

हेगड़े ने कहा कि याचिकाकर्ता हाईकोर्ट के समक्ष उचित कदम उठाने के लिए याचिका वापस लेंगे। पीठ ने उन्हें याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। अधिवक्ता अदील अहमद के माध्यम से दायर याचिका में शीर्ष अदालत के चार फरवरी के आदेश का हवाला दिया गया है, जिसमें एक अलग याचिका पर विचार करते हुए असम को 63 घोषित विदेशी नागरिकों, जिनकी राष्ट्रीयता ज्ञात है, उनके निर्वासन की प्रक्रिया दो सप्ताह के भीतर शुरू करने का निर्देश दिया गया था।

# दिल्ली बार काउंसिल ने शर्मिष्ठा की तत्काल रिहाई की मांग

नई दिल्ली। दिल्ली बार काउंसिल ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के संबंध में कथित टिप्पणियों के लिए कोलकाता पुलिस द्वारा गिरफ्तार 'इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर' शर्मिष्ठा पनोली की तत्काल रिहाई की सोमवार को मांग की। कोलकाता निवासी एवं पुणे के विधि विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली शर्मिष्ठा को 30 मई देर रात हरियाणा के गुरुग्राम से गिरफ्तार किया गया था। बाद में उन्हें कोलकाता की एक अदालत में पेश किया गया, जिसने इन्फ्लुएंसर को 13 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। काउंसिल के चेयरमैन सूर्य प्रकाश खत्री ने कहा, 'दिल्ली बार काउंसिल सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करने को लेकर 22 वर्षीय विधि छात्रा शर्मिष्ठा पनोली की गिरफ्तारी की घटना की कड़ी निंदा करती है। कुछ लोगों के आहत होने के बाद शर्मिष्ठा ने तुरंत वीडियो को डिलीट कर दिया था और माफी भी मांगी थी, इसके बावजूद उन्हें गिरफ्तार किया गया।

# पेशेवर संस्थानों में घुसपैठ कर उन्हें बर्बाद कर रहा है संघ

नई दिल्ली, एजेंसी

● कांग्रेस ने भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद में गड़बड़ियों का लगाया आरोप

कांग्रेस ने भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद (आईसीएचआर) से जुड़ी कथित अनियमतताओं का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि पेशेवर संस्थानों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की व्यवस्थित 'घुसपैठ' हो रही है और इन्हें बर्बाद किया जा रहा है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक खबर का उल्लेख किया और आरोप लगाया कि घोटाले के केंद्र में अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना (एबीआईएसवाई) नामक आरएसएस संगठन है। कांग्रेस के आरोपों पर फिलहाल आईसीएचआर और एबीआईएसवाई की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'मई, 2014 के बाद से पेशेवर संस्थानों में आरएसएस की व्यवस्थित घुसपैठ हुई है और ऐसा एक उदाहरण भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद है।' उन्होंने आरोप लगाया, अब इन कार्यकर्ताओं पर केंद्रीय सतर्कता आयोग जैसी किसी संस्था द्वारा वित्तीय कदाचार का आरोप लगाया गया है। यह 14 करोड़ रुपये का घोटाला है, जो आईसीएचआर के लिए एक बड़ी रकम है। घोटाले के केंद्र में अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना नामक आरएसएस संगठन है।




**औरेंज कैप**
साई सुदर्शन
(गुजरात)



**759** रन

**पर्पल कैप**
प्रसिद्ध कृष्णा
(गुजरात)



**25** विकेट

### उच्चतम स्कोर

| | |
|---|---|
| 2. सूर्य कुमार यादव (मुंबई) | 717 रन |
| 3. शुभमन गिल (गुजरात) | 650 रन |
| 4. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 627 रन |
| 5. विराट कोहली (बेंगलुरु) | 614 रन |

### सर्वाधिक विकेट

| | |
|---|---|
| 2. नूर अहमद (चेन्नई) | 24 विकेट |
| 3. ट्रेंट बोल्ट (मुंबई) | 22 विकेट |
| 4. जोश हैजलवुड (बेंगलुरु) | 21 विकेट |
| 5. साई किशोर (गुजरात) | 19 विकेट |

### एक पारी में उच्चतम स्कोर

| | |
|---|---|
| 1. अभिषेक शर्मा (हैदराबाद) | 141 रन |
| 2. रिषभ पंत (लखनऊ) | 118* रन |
| 3. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 117 रन |
| 4. केएल राहुल (दिल्ली) | 112* रन |
| 5. साई सुदर्शन (गुजरात) | 108* रन |

### सर्वाधिक छक्के

| | |
|---|---|
| 1. निकोलस पूरन (लखनऊ) | 40 छक्के |
| 2. श्रेयस अय्यर (पंजाब) | 39 छक्के |
| 3. सूर्यकुमार यादव (मुंबई) | 38 छक्के |
| 4. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 37 छक्के |
| 5. अभिषेक शर्मा (हैदराबाद) | 28 छक्के |

## खेल डायरी

### शुक्ला का बीसीसीआई का कार्यवाहक अध्यक्ष बनना तय

**नई दिल्ली।** अनुभवी क्रिकेट प्रशासक राजीव शुक्ला अगले महीने रोजर बिन्नी के 70 वर्ष की आयु सीमा पूरी करने के बाद अंतरिम रूप से भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष का पद संभालेंगे। बीसीसीआई सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। बिन्नी ने 2022 में बोर्ड अध्यक्ष के रूप में सौरव गांगुली की जगह ली थी। वह 19 जुलाई को 70 वर्ष के हो जाएंगे और इस तरह से बीसीसीआई के किसी भी पदाधिकारी के लिए निर्धारित अधिकतम आयु सीमा को पार कर जाएंगे। 65 वर्षीय शुक्ला वर्तमान में बीसीसीआई के उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। वह 2020 से इस पद पर हैं।

### श्रीलंका के अनुरोध पर महिला एमर्जिंग एशिया कप स्थगित

**लाहौर।** एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने मेजबान देश श्रीलंका में मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों और सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंताओं के कारण 6 जून से शुरू होने वाले महिला एमर्जिंग एशिया कप टूर्नामेंट को सोमवार को स्थगित करने की घोषणा की। टूर्नामेंट को स्थगित करने का फैसला श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा से प्राप्त पत्र पर विचार के बाद लिया गया, जिन्होंने एसीसी प्रमुख मोहसिन रजा नकवी को इस टूर्नामेंट को स्थगित करने की मांग करते हुए पत्र लिखा था। एसीसी ने कहा कि सिल्वा ने श्रीलंका में मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों और इस क्षेत्र में चिकनगुनिया फैलने के कारण स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का हवाला दिया। नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि महाद्वीपीय संस्था महिला क्रिकेट और क्षेत्र में उभरती प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के महत्व को समझती है।

### डोपिंग उल्लघंन की वैश्विक सूची में भारत दूसरे स्थान पर कायम

**नई दिल्ली।** एथले टिक्स नैतिकता इकाई (एआईयू) ने खुलासा किया है कि डोपिंग उल्लघंन से प्रतिस्पर्धा करने में अयोग्य रहे ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ियों की ताजा वैश्विक सूची में भारत दूसरे स्थान पर बरकरार है। एआईयू ने 31 मई को सूची जारी की है, जिसमें भारत के 128 एथलीट शामिल हैं और कीनिया (134) इसमें शीर्ष पर काबिज है। इस सूची में वो खिलाड़ी भी शामिल हैं जो राष्ट्रीय स्तर के मामलों और फैसलों से अयोग्य रहे। कई वर्षों से भारत सबसे अधिक डोपिंग मामलों वाले देशों में शामिल रहा है और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के शीर्ष अधिकारियों ने चिंता व्यक्त की है कि अगर यही चलन जारी रहा तो देश पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

### नटराज ने 200 मीटर फ्रीस्टाइल में सर्वश्रेष्ठ समय निकाला

**नई दिल्ली।** ओलंपियन श्रीहरि नटराज ने 20वीं सिंगापुर राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप में पुरुषों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल में सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता। तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले इस खिलाड़ी ने सिंगापुर स्पोर्ट्स स्कूल में 1:48:66 सेकेंड का समय निकालकर सजन प्रकाश के 2021 में निकाले गए 1:49.73 सेकंड के समय को पीछे छोड़ा। नटराज ने इससे पहले 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में रजत पदक जीता था।

# 18 साल का इंतजार खत्म करने उतरेंगे बेंगलुरु- पंजाब

## सभी की निगाहें टेस्ट से संन्यास लेने वाले कोहली पर रहेंगी, पहले क्वालीफायर में पंजाब को हराकर आरसीबी ने किया है फाइनल में प्रवेश

**अहमदाबाद, एजेंसी**



रजत पाटीदार
श्रेयस अय्यर

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और पंजाब किंग्स की टीम मंगलवार को जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल में आमने-सामने होंगी तो उनका लक्ष्य यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतने का 18 साल का इंतजार खत्म करना होगा। सभी की निगाहें टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले विराट कोहली पर टिकी रहेंगी जो शुरू से आरसीबी से जुड़े होने के बावजूद अभी तक अपनी टीम को आईपीएल का चैंपियन नहीं बना पाए हैं।

आरसीबी और कोहली का यह चौथा फाइनल होगा। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले फाइनल मुकाबले में कोहली का समर्थन करने के लिए 18 नंबर की जर्सी पहने हजारों प्रशंसक नजर आ सकते हैं। आरसीबी ने अपनी पिछली समस्याओं को पीछे छोड़कर इस बार शुरू से अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने पहले क्वालीफायर में पंजाब को आठ विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया और उनकी टीम अपने इसी प्रदर्शन को दोहराने के लिए प्रतिबद्ध होगी। कोहली (614 रन) ने हर साल की तरह इस बार भी अच्छा प्रदर्शन किया है। वह इस साल भी आरसीबी की बल्लेबाजी के मुख्य स्तंभ रहे। इस बार उन्हें अन्य खिलाड़ियों का भी अच्छा सहयोग मिला जिसने मुख्य अंतर पैदा किया। इस वर्ष कोहली अकेले ऐसे खिलाड़ी नहीं रहे हैं जिन पर सबका ध्यान केंद्रित रहा है, बल्कि उन्होंने चुपचाप आरसीबी को मजबूत करने का काम किया है।

फिल साल्ट ने भारतीय सुपरस्टार का अच्छा साथ देकर आरसीबी को अच्छी शुरुआत दिलाई, जबकि मयंक अग्रवाल, कप्तान रजत पाटीदार और जितेश शर्मा बल्लेबाजी क्रम के भरोसेमंद खिलाड़ी हैं। टिम डेविड चोटिल होने से आरसीबी के दो मैचों में नहीं खेल पाए इसलिए यह देखना बाकी है कि वह इस मुकाबले के लिए फिट हैं या नहीं। उन्होंने रोमारियो शेफर्ड के साथ मिलकर डेथ ओवरों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गेंदबाजी में शांत और धैर्यवान जोश हेजलवुड (21 विकेट) ने आरसीबी के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वह आईपीएल के वर्तमान सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में अभी चौथे स्थान पर है।

मुल्लांपुर में अपने घरेलू मैदान पर पहले क्वालीफायर में आरसीबी से मिली करारी हार के बावजूद श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स की टीम ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ दूसरे क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन किया। उसने पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस को हराकर 11 वर्षों के बाद पहली बार फाइनल में प्रवेश किया। दस टीमों की अंक तालिका के दूसरे हाफ में लगातार शीर्ष पर रहने वाली पंजाब किंग्स ने कप्तान अय्यर और कोच रिकी पोंटिंग की देखरेख में महत्वपूर्ण प्रगति की है। अय्यर (603 रन) के नेतृत्व में पिछले साल कोलकाता नाइट राइडर्स चैंपियन बना था। इस तरह से लगातार दूसरी बार आईपीएल फाइनल में पहुंचना एक ऐसे नेतृत्वकर्ता के रूप में उनकी क्षमताओं के बारे में बहुत कुछ कहता है जो इस प्रारूप में किसी भी अन्य की तरह ही अपने खिलाड़ियों को अच्छी तरह से संगठित करता है। इसलिए यह आश्चर्य की बात नहीं है कि अय्यर टूर्नामेंट के 18 साल के इतिहास में एकमात्र क्रिकेटर हैं, जिन्होंने आईपीएल फाइनल में तीन अलग-अलग टीमों का नेतृत्व किया है, जिसमें दिल्ली कैपिटल्स तीसरी टीम है।

प्रभसिमरन सिंह, जोश इंगलिस, प्रियांश आर्य और शशांक सिंह के रूप में अय्यर का साथ देने के लिए पंजाब किंग्स के पास अच्छे बल्लेबाज हैं, जिससे वह अपनी स्थिति को मजबूती से बनाए रख सकते हैं और विपक्षी खेमे पर आक्रामक हमले भी कर सकते हैं। मार्को यानसन के बिना पंजाब की गेंदबाजी थोड़ी कमजोर दिखी, लेकिन बल्लेबाजी के अनुकूल विकेट पर मुंबई इंडियंस को पूरी पारी में रोके रखने से पता चलता है कि उसका आक्रमण बहुत कमजोर नहीं है। युजवेंद्र चहल अब भी हाथ की चोट से जूझ रहे हैं और दूसरे क्वालीफायर में वह अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं थे, लेकिन पंजाब को उनसे अपनी पूर्व फ्रेंचाइजी के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद होगी।

पंजाब और मुंबई के बीच दूसरा क्वालीफायर बारिश से प्रभावित रहा था लेकिन फाइनल के दिन बारिश की कोई भविष्यवाणी नहीं है, लेकिन खेल समय में एक अतिरिक्त घंटा जोड़कर अवधि को 120 मिनट तक बढ़ाया गया है तथा फाइनल में एक रिजर्व दिन रखा गया है।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, फिल साल्ट (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, स्वास्तिक छिकारा, लियाम लिविंगस्टोन, क्रुणाल पंड्या, स्वप्निल सिंह, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, मनोज भंडागे, जोश हेजलवुड, रसिख सलाम डार, सुयश शर्मा, भुवनेश्वर कुमार, नुवान तुषारा, लुंगी एनगिडी, अभिनंदन सिंह, मोहित राठी, यश दयाल.

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), नेहल वढेरा, विष्णु विनोद (विकेटकीपर), जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), हरनूर पन्नू, पाइला अविनाश, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, हरप्रीत बराड़, अजमतुल्लाह उमरजई, प्रियांश आर्य, आरोन हार्डी, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, मिच ओवेन, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, विशाल विजयकुमार, यश ठाकुर, कुलदीप सेन, जेवियर बार्टलेट, प्रवीण दुबे, काइल जैमीसन।

**मैच शाम 7:30 बजे।**

### पंजाब किंग्स ने खुद को पहले स्थान पर रहने के लिए किया है तैयार : होप्स

**अहमदाबाद।** पंजाब किंग्स के गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल से पहले कहा कि उनकी टीम ने खुद को दूसरे या तीसरे स्थान पर रहने के लिए नहीं बल्कि पहले स्थान पर रहने के लिए तैयार किया है। श्रेयस अय्यर के नेतृत्व वाली पंजाब किंग्स की टीम को पहले क्वालीफायर में आरसीबी से करारी हार का सामना करना पड़ा, लेकिन उसने दूसरे क्वालीफायर में मुंबई इंडियंस को हराकर फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। होप्स ने कहा, हम पिछले कुछ महीनों से इस तरह से खेल रहे थे कि हम तीसरे स्थान पर न आएं। हम पहले स्थान पर आने का मौका चाहते थे और अब हमने खुद को वह मौका दे दिया है। साथ ही उन्होंने स्वीकार किया कि दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में विराट कोहली के समर्थकों से निपटने के लिए भी उनकी टीम को तैयार रहना होगा।

## 30 सितंबर से शुरू आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप

**दुबई, एजेंसी**

महिला वनडे विश्व कप 2025 भारत-श्रीलंका में 30 सितंबर से दो नवंबर के बीच खेला जाएगा जिसमे कोलंबो को तटस्थ अतिरिक्त स्थान के रूप में जोड़ा गया है। भारत पहले इसका इकलौता मेजबान था, लेकिन टूर्नामेंट के मैच अब बेंगलुरू, गुवाहाटी, इंदौर, विशाखापत्तनम और कोलंबो में खेले जाएंगे। कोलंबो को इसलिए जोड़ा गया है क्योंकि पाकिस्तान भारत नहीं आएगा और चैंपियंस ट्रॉफी में हाइब्रिड मॉडल को मंजूरी दी गई थी। भारत ने अपने मैच दुबई में खेले थे जबकि बाकी मैच पाकिस्तान में हुए थे। आईसीसी ने कहा, यह टूर्नामेंट बेंगलुरू में 30 सितंबर से शुरू होगा। भारत में 12 साल बाद महिला क्रिकेट विश्व कप कराया जा रहा है। पहला सेमीफाइनल 29 अक्टूबर को गुवाहाटी या कोलंबो में होगा जबकि दूसरा 30 अक्टूबर को बेंगलुरू में खेला जाएगा। फाइनल दो नवंबर को बेंगलुरू या कोलंबो में होगा। मेजबान भारत के अलावा आस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, पाकिस्तान, इंग्लैंड, श्रीलंका, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका इसमें भाग लेंगे।



## मैक्सवेल ने लिया वनडे क्रिकेट से संन्यास

**मेलबर्न, एजेंसी**

- भारत-श्रीलंका में होने वाले टी-20 विश्व कप पर अब करेंगे ध्यान केंद्रित

आस्ट्रेलियाई आलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी-20 विश्व कप पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सोमवार को वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया। इस विस्फोटक बल्लेबाज और ऑफ स्पिन गेंदबाज ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 149 वनडे खेले।

मैक्सवेल ने वनडे में कुछ यादगार पारियां खेली, जिसमें वनडे विश्व कप 2023 में अफगानिस्तान के खिलाफ 128 गेंद पर खेली गई 201 रन की पारी भी है। उन्होंने फाइनल वर्ड पॉडकास्ट से कहा, मुझे लगा कि मेरा शरीर जिस तरह से परिस्थितियों के अनुकूल प्रतिक्रिया नहीं कर रहा था, उससे मैं टीम को थोड़ा निराश कर रहा था। मैंने (चयनसमिति के अध्यक्ष) जॉर्ज बेली के साथ अच्छी बातचीत की और उनसे पूछा कि आगे के बारे में उनके क्या विचार हैं। मैक्सवेल ने कहा, हमने 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप पर चर्चा की। मैंने उनसे कहा कि मुझे नहीं लगता कि मैं इसमें सफल हो पाऊंगा। अब समय आ गया है कि आप अन्य खिलाड़ियों के लिए योजना बनानी शुरू करें। मैक्सवेल को हाल में उंगली की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग को बीच में ही छोड़ना पड़ा था।

### क्लासेन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

**केपटाउन।** द. अफ्रीकी बल्लेबाज हेनरिच क्लासेन ने काम और जिंदगी में संतुलन लाने और दुनिया भर में फ्रेंचाइजी लीग में भी अपनी प्राथमिकताएं तय करने की कवायद में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया। 33 वर्ष के क्लासेन ने पिछले साल जनवरी में टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा था। अब उन्होंने सफेद गेंद के प्रारूप से भी विदा ले ली है। उन्होंने अफ्रीका के लिए चार टेस्ट, 60 वनडे और 58 टी-20 मैच खेलकर 2764 रन बनाए हैं। क्लासेन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, मेरे लिए यह दुखद दिन है क्योंकि मैने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला लिया है।

## कार्लसन को हराकर गुकेश ने चुकता किया बदला

**नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट**

**स्टावेंजर, एजेंसी**

मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराकर उनसे पहली बाजी में मिली हार का बदला चुकता कर दिया। भारतीय खिलाड़ी की यह नार्वे के दिग्गज खिलाड़ी के खिलाफ क्लासिकल शतरंज में पहली जीत है। रविवार की इस जीत से 19 वर्षीय गुकेश 8.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। वह अब संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज कार्लसन और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना से केवल एक अंक पीछे हैं।

NORWAY CHESS



डी गुकेश

प्रतियोगिता में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी चीन के वेई यी के खिलाफ आर्मागेडन टाई-ब्रेक में जीत के बाद 7.5 अंकों के साथ हिकारू नाकामुरा के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। इस टूर्नामेंट में लगभग सभी छह खिलाड़ियों के पास प्रतिष्ठित खिताब जीतने का मौका है। महिला वर्ग में आर वैशाली ने आर्मागेडन टाई-ब्रेक में कोनेरू हम्पी को हराया।

## अय्यर और पंड्या पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

**अहमदाबाद।** पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर और मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या पर आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर के दौरान धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगा है। अय्यर पर 24 लाख का जुर्माना लगाया गया क्योंकि आईपीएल की आचार संहिता के तहत उनकी टीम का सत्र का दूसरा अपराध था, जबकि पंड्या पर तीसरी बार अपराध करने के लिए 30 लाख का जुर्माना लगाया गया।

बयान अनुसार, पंजाब किंग्स का यह आचार संहिता के तहत न्यूनतम ओवर गति से संबंधित अपराधों के तहत इस सत्र का दूसरा अपराध था, इसलिए अय्यर पर 24 लाख का जुर्माना लगाया गया। इसमें कहा गया है, मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर भी जुर्माना लगाया गया है क्योंकि उनकी टीम ने धीमी ओवर गति बनाए रखी। चूंकि यह आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित आचार संहिता के तहत उनकी टीम का सत्र का तीसरा अपराध था, इसलिए पंड्या पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। पंजाब किंग्स की अंतिम एकादश में शामिल खिलाड़ियों पर छह लाख रुपये या उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत (जो भी कम हो) का जुर्माना जबकि मुंबई इंडियंस के बाकी खिलाड़ियों 12 लाख रुपये या उनकी मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया।

**सात्विक-चिराग करेंगे इंडोनेशिया बैडमिंटन टूर्नामेंट में खिलाड़ियों का नेतृत्व**

## खिताब जीतने को बेकरार भारतीय

**जकार्ता, एजेंसी**

पूर्व चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे 1,450,000 डॉलर राशि के इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत का नेतृत्व करते हुए वापसी की लय जारी रखना चाहेगी। अभी सात्विक और चिराग की जोड़ी रैंकिंग में 27वें स्थान पर है लेकिन सिंगापुर के सेमीफाइनल तक पहुंचने के बाद उनके शीर्ष 20 के करीब पहुंचने की उम्मीद है।

यह भारतीय जोड़ी इंडोनेशिया ओपेन में अपने अभियान की शुरूआत लियो रोली कार्नांडो और बागस मौलाना की इंडोनेशियाई जोड़ी के खिलाफ करेगी। सात्विक स्वास्थ्य समस्याओं और चिराग पीठ की चोट के कारण पिछले कुछ सप्ताह से खेल से दूर थे।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू इस साल खराब प्रदर्शन के बाद अब इस टूर्नामेंट में आगे तक पहुंचने का लक्ष्य बनाएंगी। इंडोनेशिया के नए कोच इरवांस्याह आदि प्रतामा के साथ सिंधू फिर से वही लय हासिल करने की कोशिश करेंगी। महिला एकल में अन्य खिलाड़ियों में अनुपमा उपाध्याय



का सामना कोरिया की किम गा यून से, रक्षिता श्री रामराज का सामना थाईलैंड की सुपानिदा काटेथोंग से जबकि मालविका बंसोड़ का सामना इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी से होगा। पुरुष एकल में एचएस प्रणय इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से, लक्ष्य सेन चीन के शि यू की से भिड़ेंगे। किरण जॉर्ज लोह कीन यू से मुकाबला करेंगी। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद जापान की युकी फुकुशिमा और मायू मात्सुमोतो से भिड़ेंगी। मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो, रोहन कपूर और रुथविका गाडे शिवानी, सतीश करुणाकरण और आद्या वरियाथ तथा असिथ सूर्या और अमृता प्रमुथेश की जोड़ियां होंगी।

## अल्काराज चौथे दौर में, एलिना भी आगे

**पेरिस, एजेंसी**

गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज फ्रेंच ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम के पुरुष एकल के तीसरे दौर में बेन शेल्टन को शिकस्त देकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया जबकि महिला वर्ग में एलिना स्वितोलिना ने पिछले साल की उपविजेता जैस्मिन पाओलिनी को पराजित किया। दूसरे वरीय और चार बार ग्रैंडस्लैम चैंपियन अल्काराज ने शेल्टन पर तीन घंटे 19 मिनट तक चले मुकाबले में 7-6 (8), 6-3, 4-6, 6-4 से जीत दर्ज की। अब क्वार्टरफाइनल में अल्काराज का सामना अमेरिका के 12वें नंबर के खिलाड़ी टॉमी पॉल से होगा।



कार्लोस अल्काराज



एलिना स्वितोलिना

महिला वर्ग में 13वीं वरीय स्वितोलिना ने 2024 की उप विजेता पाओलिनी को 4-6, 7-6 (6), 6-1 से हराकर पांचवीं बार रोलां गैरां के क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना तीन बार की गत चैंपियन इगा स्वियातेक से होगा। स्वियातेक ने 2022 विम्बलडन चैंपियन एलिना रिबाकिना को 1-6, 6-3, 7-5 से शिकस्त दी। महिला वर्ग में अन्य क्वार्टरफाइनल में नंबर एक आर्यना सबालेंका का सामना झेंग किनवेन से होगा। सबालेंका ने अमेरिका की अमांडा एनिसिमोवा को 7-5, 6-3 से हराया जबकि 2024 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग ने लियूडमिला सैमसोनोवा को 7-6 (5), 1-6, 6-3 से मात दी।

## रूट के नाबाद शतक से इंग्लैंड ने जीती वेस्टइंडीज से शृंखला

- सात गेंद शेष रहते सात विकेट पर इंग्लैंड ने बनाएं 312 रन

**कार्डिफ।** जो रूट की नाबाद 166 रन की पारी की बदौलत इंग्लैंड ने रविवार को सोफिया गार्डन्स में दूसरे वनडे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हराकर शृंखला अपने नाम कर ली। वेस्टइंडीज की टीम कीसी कार्टी के 103 रन तथा कप्तान शाई होप (78) और सलामी बल्लेबाज ब्रेंडन किंग (59) के अर्धशतक के बावजूद 47.4 ओवर में 308 रन पर आउट हो गई, जिसके जवाब में इंग्लैंड ने सात गेंद शेष रहते हुए सात विकेट पर 312 रन बनाकर जीत दर्ज की।

इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दो रन पर दो विकेट गंवा दिए। इसके बाद एक समय उसका स्कोर पांच विकेट पर 133 रन था। रूट ने यहीं से विल जैक्स के साथ 121 गेंद पर 143 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। रूट ने 139 गेंदों की पारी में 21 चौके और दो छक्के लगाए। विल जैक्स ने 49 रन की पारी खेली, जिससे इंग्लैंड ने तीन मैचों की शृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। रूट अपनी पारी के दौरान इयोन मोर्गन को पछाड़कर इंग्लैंड के लिए वनडे में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। रूट के 7,082 रन हो गए हैं, जबकि मोर्गन के नाम पर 6,957 रन दर्ज हैं।



## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना से 2-4 से हारी

**रोसारियो (अर्जेंटीना), एजेंसी**

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट में अपना अभियान मेजबान अर्जेंटीना से 2-4 से हार के साथ समाप्त किया। कनिका सिवाच (11वें और 45वें मिनट) ने प्रतियोगिता में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए भारत के लिए दो गोल दागे। खेल की शुरुआत तेज़ गति से हुई और पहले क्वार्टर में ही चार गोल हो गए। सोल गुइग्नेट गुनाज़ू ने पांचवें मिनट में गोल करके अर्जेंटीना को शानदार शुरुआत दिलाई। इसके दो मिनट बाद सोल ओलाला डी लाबरा ने बढ़त को दोगुना कर दिया। भारत ने 11वें मिनट में कनिका के गोल से वापसी की कोशिश की लेकिन मिलग्रोस डेल वैले अलास्ट्रा ने 13वें मिनट में गोल किया जिससे अर्जेंटीना ने फिर से दो गोल की बढ़त हासिल कर ली। अर्जेंटीना की तरफ से चौथा गोल 37वें मिनट में मैक्सिमा डुपोर्टल ने किया।

## खाने के लिए संघर्ष



गाजा में दिन-प्रतिदिन हालात और बिगड़ते जा रहे हैं। सोमवार को दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस में सामुदायिक रसोई में दान में भोजन पाने के लिए संघर्ष करते फलस्तीनी। एजेंसी

# आतंकवाद के खिलाफ भारत को मिला ब्रिटेन का साथ

## हिंद-प्रशांत मामलों की मंत्री कैथरीन ने भाजपा सांसद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के समक्ष जताया समर्थन

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन की हिंद-प्रशांत मामलों की मंत्री कैथरीन वेस्ट ने सोमवार को लंदन में विदेश, राष्ट्रमंडल एवं विकास कार्यालय (एफसीडीओ) में एक बैठक में भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से कहा कि ब्रिटेन आतंकवाद से निपटने के भारत के प्रयासों में उसके साथ है। प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के संकल्प का उल्लेख किया और कहा कि पूरी मानवता के हित में इसे खत्म किया जाना चाहिए।

कैथरीन वेस्ट ने ब्रिटेन की ओर से एक बार फिर अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा की और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता के लिए भारत के योगदान की सराहना की। बैठक के बाद सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में भारतीय उच्चायोग ने कहा, प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद से अपने दम पर निपटने के भारत के संकल्प को दोहराया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि आतंकवाद सभी देशों के लिए खतरा बना हुआ है और इसलिए दुनिया को पूरी मानवता के हित में इस संकट को मिटाने की जरूरत है। बयान में कहा गया है, मंत्री ने एक बार फिर भारत में हुए आतंकवादी हमलों की ब्रिटेन की ओर से निंदा की। उन्होंने वैश्विक रणनीतिक और आर्थिक दृष्टि से भारत के साथ संबंधों को प्राथमिकता दी, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता व वैश्विक आर्थिक विकास में योगदान पर बात की।



लंदन में भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल।

### मलेशिया में प्रतिनिधिमंडल ने कहा पानी-खून साथ नहीं बह सकता

**कुआलालंपुर।** मलेशिया की यात्रा पर पहुंचे सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की भारत की नीति पर जोर देते हुए कहा कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते। कुआलालंपुर स्थित भारतीय उच्चायोग ने ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि जदयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मलेशिया में प्रधानमंत्री के विभाग (कानून एवं संस्थागत सुधार) में उप मंत्री वाईबी एम. कुला सेगरन के नेतृत्व वाली डेमोक्रेटिक एक्शन पार्टी और 'पार्टी केदिलन राक्यत इन मलेशिया' के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृष्टिकोण और राष्ट्रीय संकल्प से अवगत कराया।

## एक नजर

### त्रिनिदाद-टोबैगो में मनाया भारतीय आगमन दिवस

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय मिशन ने कैरेबियाई राष्ट्र में भारतीय प्रवासियों के पहले समूह के आगमन के 180 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय आगमन दिवस मनाया। रविवार को आयोजित यह कार्यक्रम उच्चायोग द्वारा 1845 में भारतीयों के पहले समूह के आगमन का जश्न मनाने के लिए आयोजित किया गया पहला ऐसा उत्सव है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, करीब 15 लाख की आबादी वाले कैरेबियाई राष्ट्र में भारतीय मूल के 5,48,279 व्यक्ति निवास करते हैं।

### गाजा : बच्चों और महिलाओं समेत 14 फलस्तीनी मारे गए

**दीर अल-बलाह।** गाजा पट्टी में सोमवार को इजराइल द्वारा एक आवासीय इमारत पर किए गए हमले में 14 लोग मारे गए, जिनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे थे। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह हमला जबालिया शरणार्थी शिविर पर किया गया। शिफा और अल-अहली अस्पतालों ने इस हमले में मारे गए लोगों की संख्या की पुष्टि करते हुए कहा कि मरने वालों में पांच महिलाएं और सात बच्चे शामिल हैं।

### सिंगापुर में भारतीय मूल के दो नागरिकों समेत नौ पर आरोप

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय मूल के दो नागरिकों समेत नौ लोगों पर सोमवार को जालसाजों को कथित तौर पर अपने बैंक खातों का इस्तेमाल करने की अनुमति देने के आरोप लगाए गए। 'द स्ट्रेट्स टाइम्स' की खबर के मुताबिक, आरोपियों में युवन थिरुमारन (24) और अमरजीत सिंह जुगिंदर सिंह (50) समेत छह पुरुष और तीन महिलाएं शामिल हैं।

### जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे मोदी

**नई दिल्ली।** छह साल में पहली बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कनाडा के अल्बर्टा प्रांत में आयोजित होने वाले आगामी जी 7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने की संभावना नहीं है। मामले से परिचित लोगों ने सोमवार को यह बात कही। कनाडा 15 से 17 जून तक शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है, जिसमें रूस-यूक्रेन संघर्ष और पश्चिम एशिया की स्थिति सहित विश्व के सामने मौजूद चुनौतियों पर विचार-विमर्श होने की उम्मीद है। ओटावा द्वारा भारतीय प्रधानमंत्री को शिखर सम्मेलन के लिए अभी तक निमंत्रण नहीं भेजा गया है।

# अमेरिका के मॉल में आतंकी हमला

## कार्यक्रम के दौरान पेट्रोल बम फेंका, 8 जख्मी, फलस्तीन आजाद करो के लगाए नारे

बोल्डर (अमेरिका), एजेंसी

अमेरिका के बोल्डर में एक मॉल में एक युवक ने फलस्तीन को आजाद करो का नारे लगाते हुए गाजा में इजराइली बंधकों की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए जमा हुए समूह पर पेट्रोल बम फेंक दिया जिसमें आठ लोग जख्मी हो गए। एफबीआई ने इसे आतंकी हमला बताया है। हमले को कथित रूप से अंजाम देने वाले संदिग्ध की पहचान 45 वर्षीय साबरी सोलिमन के तौर पर हुई है और एफबीआई हमले की जांच आतंकी कृत्य के तौर पर कर रहा है।

सोलिमन को हिरासत में ले लिया गया है। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि उसे अदालत में कब पेश किया जाएगा। यह हमला बोल्डर शहर के लोकप्रिय पर्ल स्ट्रीट पेडेस्ट्रेन मॉल में हुआ है। इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध की पृष्ठभूमि में यह घटना हुई। इस जंग ने वैश्विक तनाव को बढ़ा दिया है और इसकी वजह से अमेरिका में यहूदी विरोधी हिंसा में वृद्धि हुई है। हमला यहूदी पर्व शवोत की शुरुआत पर हुआ है। इस घटना से ठीक एक हफ्ते पहले वाशिंगटन में एक यहूदी संग्रहालय के बाहर फलस्तीन को आजाद करो के नारे लगाने वाले एक व्यक्ति पर इजराइली दूतावास के दो कर्मचारियों की गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया था। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि वह, उनकी पत्नी और पूरा इजराइल कोलोराडो में हुए भयंकर आतंकवादी हमले में घायल लोगों के पूर्ण स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना कर रहा है। यह हमला शांतिपूर्ण लोगों के खिलाफ था जो हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करना चाहते थे, क्योंकि वे यहूदी थे।



बोल्डर में आतंकी हमले के बाद तैनात सुरक्षाबल।

### हमले पूरे देश में आम होते जा रहे : मिचलेक

एफबीआई के प्रभारी विशेष एजेंट मार्क मिचलेक ने कहा, इस तरह के हमले पूरे देश में आम होते जा रहे हैं। हिंसा करने वाले देश भर में लोगों को डरा रहे है। घायलों की उम्र 52 से 88 वर्ष के बीच है तथा कुछ लोग गंभीर जख्मी हुए हैं। यह हमला उस समय हुआ जब रन फॉर देयर लाइव्स नामक स्वयंसेवी समूह के लोग गाजा में बंधक बनाए गए लोगों की ओर ध्यान आकर्षित करने के वास्ते अपना साप्ताहिक प्रदर्शन समाप्त कर रहे थे।

### वीडियो में एक के बाद एक बम फेंकते दिखा आरोपी

घटनास्थल से प्राप्त वीडियो में एक प्रत्यक्षदर्शी चिल्लाता हुआ दिखाई दे रहा है, वह 'मोलोटोव कॉकटेल' (पेट्रोल बम) फेंक रहा है। वहीं, एक पुलिस अधिकारी अपनी बंदूक तानकर संदिग्ध व्यक्ति की ओर बढ़ रहा है, जिसने दोनों हाथों में कंटेनर पकड़ रखे हैं। सैन डिएगो के एलेक्स ओसांटे ने बताया कि वह मॉल के सामने एक रेस्तरां के बाहर दोपहर का भोजन कर रहे थे, तभी उन्होंने जमीन पर बोतल टूटने की आवाज सुनी, जिसके बाद एक 'धमाका' हुआ और उसके बाद लोगों के चीखने-चिल्लाने की आवाज आई। उसने फिर पेट्रोल बम फेंका, लेकिन इसे फेंकते समय वह गलती से आग की चपेट में आ गया।

### लॉस एंजिलिस काउंटी में गोलीबारी में एक अधिकारी की मौत, एक घायल

**अमेरिका।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस काउंटी में एक व्यक्ति के राइफल से गोलीबारी करने और एक घायल व्यक्ति के सड़क पर पड़े होने की सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पहुंचे एक पुलिस अधिकारी की गोलीबारी में मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। लॉस एंजिलिस के शेरिफ रॉबर्ट लूना ने कहा कि अधिकारी रविवार रात को जब घटनास्थल पहुंचे तो संदिग्ध ने उन पर गोलीबारी की। एक अधिकारी ने इसके जवाब में गोलियां चलाईं। लॉस एंजिलिस शेरिफ के कार्यालय ने बताया कि इस घटना में एक संदिग्ध घायल हो गया जिसे हिरासत में ले लिया गया है। आरोपी की पहचान अभी नहीं हो पाई है और उसे अस्पताल ले जाया गया है जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। अधिकारियों ने मारे गए अधिकारी की पहचान सैमुएल रिवेरोस के रूप में की है।

# भारत और पराग्वे आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं: मोदी

- प्रधानमंत्री ने पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत और पराग्वे आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट हैं और दोनों के पास साइबर अपराध तथा मादक पदार्थों की तस्करी जैसी साझा चुनौतियों से निपटने के लिए एकजुट होकर काम करने की अपार संभावनाएं हैं। मोदी ने पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासियोस के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में यह टिप्पणी की।

पालासियोस समग्र सहयोग बढ़ाने के तरीकों की खोज के लिए भारत की तीन-दिवसीय यात्रा पर सोमवार सुबह दिल्ली पहुंचे। यह उनकी पहली भारत यात्रा है, जबकि दक्षिण अमेरिकी देश के किसी राष्ट्रपति की दूसरी यात्रा है। लैटिन अमेरिकी क्षेत्र में भारत के लिए पराग्वे एक महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार है। ऑटोमोबाइल और फार्मास्यूटिकल्स क्षेत्र की कई भारतीय कंपनियां पराग्वे में मौजूद हैं। मोदी ने कहा, हम डिजिटल प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य सेवा, रक्षा, रेलवे, अंतरिक्ष और समग्र आर्थिक साझेदारी जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नये अवसर देखते हैं। प्रधानमंत्री ने दक्षिण अमेरिकी व्यापार समूह मर्कोसुर के साथ भारत की तरजीही व्यापार व्यवस्था का भी उल्लेख किया। कहा, हम इसे आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। मर्कोसुर या दक्षिण का साझा बाजार अर्जेंटीना, ब्राजील, पराग्वे और उरुग्वे से मिलकर बना एक व्यापारिक समूह है। दोनों नेताओं ने पहलगाम आतंकी हमले की पृष्ठभूमि में आतंकवाद से निपटने के तरीकों पर भी विचार-विमर्श किया। कहा, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और पराग्वे एकजुट हैं।



पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासियोस के साथ प्रधानमंत्री मोदी।

### पराग्वे को ग्लोबल साउथ का अभिन्न अंग

प्रधानमंत्री ने पराग्वे को ग्लोबल साउथ का अभिन्न अंग बताया। उन्होंने कहा, भारत और पराग्वे ग्लोबल साउथ के अभिन्न अंग हैं। हमारी उम्मीदें, आकांक्षाएं और चुनौतियां समान हैं। और यही कारण है कि हम इन चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए एक-दूसरे के अनुभवों से सीख सकते हैं। उन्होंने कहा, हमें खुशी है कि भारत कोविड महामारी के दौरान अपने टीके साझा करके पराग्वे को सहायता प्रदान कर सका। हम अपनी क्षमताओं को और अधिक साझा करके सहयोग की इस भावना को जारी रखने के लिए तत्पर हैं। भारत और पराग्वे के बीच 13 सितंबर 1961 को राजनयिक संबंध स्थापित हुए थे।

# पुतिन कर रहे नए हमले की तैयारी

- जेलेंस्की से मैक्रों की मुलाकात के बाद अमेरिकी सीनेट के दो वरिष्ठ सदस्यों ने दी जानकारी


पेरिस, एजेंसी

अमेरिकी सीनेट के दो वरिष्ठ सदस्यों ने रविवार को चेतावनी देते हुए कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन में एक नए सैन्य हमले की तैयारी करते हुए शांति वार्ता में बाधा डाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगले दो सप्ताह उस युद्ध के भविष्य को आकार दे सकते हैं जिसके कारण कई शहर पहले ही तबाह हो गये हैं और लाखों लोग विस्थापित हो चुके हैं।

रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम और डेमोक्रेटिक सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथल ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात करने तथा रूस की बमबारी से तबाह हुए इलाकों का दौरा करने के बाद पेरिस में एसोसिएटेड प्रेस से बात की। पेरिस में फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ वार्ता के लिए पहुंचे सीनेटरों ने चेतावनी दी कि नए हमले को रोकने का अवसर समाप्त हो रहा है।

### यूक्रेन-रूस ने तुर्किये में अगले दौर की शांति वार्ता शुरू की

**इस्तांबुल :** रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडलों ने दो सप्ताह में अपनी दूसरी प्रत्यक्ष शांति वार्ता सोमवार को तुर्किये में शुरू की। हालांकि तीन साल से जारी युद्ध को समाप्त करने की दिशा में इस वार्ता में किसी भी महत्वपूर्ण प्रगति की उम्मीद कम है। यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव कर रहे हैं जबकि रूसी प्रतिनिधिमंडल पुतिन के करीबी सहयोगी व्लादिमीर मेदेंस्की के नेतृत्व में बैठक में शामिल हुआ। तुर्किये के विदेश मंत्री हकन फिदान ने शहर के सिरागन पैलेस में वार्ता की अध्यक्षता की तथा शुरुआती संबोधन दिया। दोनों देशों के अधिकारियों की हालिया टिप्पणियों से संकेत मिलता है कि वे युद्ध को रोकने के लिए प्रमुख शर्तों के मामले में बहुत दूर हैं। इस बीच 1,000 किमी (620 मील) के अग्रिम मोर्चे पर भीषण लड़ाई जारी रही और दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के क्षेत्र पर भीतर तक हमले किए। यूक्रेन ने कहा कि रविवार को यूक्रेन के एक ड्रोन हमले में रूस के भीतर 40 से अधिक रूसी विमानों को नष्ट कर दिया गया, जबकि मॉस्को ने मिसाइलों और ड्रोन से यूक्रेन पर हमला किया।



## पाकिस्तान में मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जे के खिलाफ प्रदर्शन

**कराची।** सिंध प्रांत में हिंदू समुदाय के सदस्यों ने हैदराबाद शहर में एक ऐतिहासिक मंदिर की छह एकड़ जमीन पर अवैध कब्जे के खिलाफ प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन कराची से 185 किमी दूर मूसा खातियान जिले के टांडो जाम कस्बे में रविवार को हुआ। हिंदू समुदाय की नेता सीतल मेघवार ने मीडिया से कहा, इन लोगों ने मूसा खातियान में शिव मंदिर शिवाला की जमीन पर पहले ही अवैध निर्माण शुरू कर दिया है। महिलाओं व बच्चों सहित प्रदर्शनकारी पाकिस्तान दलित इत्तेहाद-पाकिस्तान द्रविड़ गठबंधन (पीडीआई) के आह्वान पर बाहर आए, जो हिंदू समुदाय के कल्याण और अधिकारों के लिए लड़ता है। अन्य नेता राम सुंदर ने कहा, मंदिर हमारे लिए पवित्र है और इन बिल्डरों ने समुदाय के श्मशान घाट सहित मंदिर के आसपास की जमीन पर निर्माण शुरू कर दिया है।

# नकल पर उतारू पाकिस्तान, अपने सांसदों के दल को भी भेजा विदेश

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान ने भारत के साथ हालिया संघर्ष के बाद अंतर्राष्ट्रीय समर्थन प्राप्त करने के लिए अपने वैश्विक कूटनीतिक प्रयास का ब्योरा जारी किया और दोनों देशों के बीच समस्याओं से निपटने के लिए बातचीत के महत्व पर प्रकाश डाला। विदेश कार्यालय ने कहा कि पाकिस्तान ने कूटनीतिक समर्थन जुटाने के लिये दो प्रतिनिधिमंडल अलग-अलग दिशाओं में भेजे हैं।

यह कदम भारत द्वारा पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद अपने कूटनीतिक संपर्क के तहत 33 वैश्विक राजधानियों में सात बहुपक्षीय प्रतिनिधिमंडल भेजने के बाद उठाया गया है। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गये थे। विदेश कार्यालय ने कहा, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के निर्देश पर एक उच्च-स्तरीय बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल सोमवार से न्यूयॉर्क, वाशिंगटन, लंदन और ब्रसेल्स का दौरा कर रहा है।

### पाकिस्तान को क्षेत्रीय अस्थिरता के स्रोत के रूप में दर्शाना वास्तविकता से दूर

**इस्लामाबाद।** विदेश कार्यालय (एफओ) ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान को क्षेत्रीय अस्थिरता के स्रोत के रूप में चित्रित करने का कोई भी प्रयास वास्तविकता से अलग है। एफओ आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान की भारतीय नेतृत्व द्वारा की गई आलोचना का जवाब दे रहा था। प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर सहित भारतीय नेताओं ने हाल के दिनों में सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देने के लिए पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की है।

## सिंगापुर में भारतीय मूल के व्यक्ति को जेल और 3 कोड़े मारने की सजा

**सिंगापुर।** यहां की एक अदालत ने 16 वर्षीय लड़की का यौन उत्पीड़न करने, इस कृत्य का वीडियो बनाने और उससे जबरन धन वसूली के मामले में भारतीय मूल के सिंगापुर के एक नागरिक को तीन साल से अधिक की जेल और तीन कोड़े मारने की सजा सुनाई है। 27 वर्षीय मार्क जस्टिन लैंड्रियो चंद्रमोहन की सजा शुक्रवार से शुरू होगी क्योंकि उसे अपना कर्जा चुकाने के लिए कुछ समय दिया गया है। पीड़िता 'शुगर डैडी' व्यवस्था से पीछे हट गई थी जिसके बाद चंद्रमोहन ने उस पर दबाव बनाया। शुगर डैडी' शब्द का प्रयोग आमतौर पर एक वृद्ध, धनी व्यक्ति के लिए किया जाता है जो किसी कम उम्र की महिला या व्यक्ति से संबंध रखने, यौन संबंध के बदले में वित्तीय या भौतिक सहायता प्रदान करता है।

## फलस्तीन के पक्ष में भाषण के बाद भारतीय-अमेरिकी छात्रा दीक्षांत समारोह में भाग लेने से प्रतिबंधित

न्यूयॉर्क, एजेंसी

मेसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में पढ़ाई कर रही एक भारतीय-अमेरिकी छात्रा को गाजा में जारी युद्ध की निंदा करने वाला भाषण देने के बाद दीक्षांत समारोह में शामिल होने से रोक दिया गया। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई। छात्रा मेघा वेमुरी का नाम गाजा में जारी युद्ध का विरोध करने के बाद अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करने वाले छात्रों की सूची में नवीनतम है।

वेमुरी ने बताया कि उसके भाषण के बाद विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने उसे बताया कि उसे शुक्रवार को आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में भाग लेने की अनुमति नहीं है तथा कार्यक्रम समाप्त होने तक उसे परिसर में भी आने की अनुमति नहीं है। स्कूल के एक प्रवक्ता ने बयान में कहा, एमआईटी स्वतंत्र अभिव्यक्ति का समर्थन करता है लेकिन वह अपने उस निर्णय पर कायम है, जो उस छात्रा के जानबूझकर और बार-बार समारोह के आयोजकों को गुमराह करने और मंच से विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करने के जवाब में लिया गया है।

**सहयोग** भारत का रक्षा कवच होगा और मजबूत, रूसी दूतावास के उप प्रमुख रोमन बाबुश्किन ने दी जानकारी

# रूस 2026 तक देगा बाकी एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम

नई दिल्ली, एजेंसी

रूस 2025-2026 तक भारत को एस-400 वायु रक्षा प्रणाली की बाकी इकाइयां देने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत में रूसी दूतावास के उप प्रमुख रोमन बाबुश्किन ने सोमवार को यह जानकारी दी। बाबुश्किन ने इस बात पर प्रकाश डाला कि पहलगाम आतंकवादी हमले और उसके जवाब में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच छिड़े सैन्य संघर्ष में एस-400 मिसाइल प्रणाली ने बेहद प्रभावी ढंग से काम किया।

बाबुश्किन ने वायु रक्षा और ड्रोन रोधी प्रणालियों के क्षेत्र में भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के संकेत भी दिए। उन्होंने कहा, हमने सुना है कि भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए संघर्ष के दौरान एस-400 ने बहुत ही प्रभावी ढंग से काम किया। हमारे बीच सहयोग का एक लंबा इतिहास रहा है। यूरोप और यहां की स्थिति के मद्देनजर, हम महसूस कर रहे हैं कि वायु रक्षा प्रणाली सामान्य रूप से रक्षा तैयारी में हमारी साझेदारी के सबसे आशाजनक पहलुओं में से एक है। बाबुश्किन ने इस बात की पुष्टि की कि बाकी दो एस-400 इकाइयों के लिए अनुबंध प्रगति पर है और इनकी आपूर्ति सार्वजनिक रूप से घोषित समयसीमा के अनुरूप 2025-26 तक पूरी होने की उम्मीद है। भारत ने 2018 में रूस के साथ एस-400 ट्रायम्फ मिसाइल प्रणाली के पांच स्क्वाड्रन के लिए 5.43 अरब अमेरिकी डॉलर का सौदा किया था। यह एक अत्याधुनिक वायु रक्षा प्रणाली है।



### रूसी राजदूत ने कहा- उनका देश कई वर्षों से खतरे का कर रहा सामना

उन्होंने कहा, हम वायु रक्षा प्रणालियों पर वार्ता को आगे बढ़ाने पर चर्चा करने के लिए इस साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए तैयार हैं। बाबुश्किन ने मौजूदा वैश्विक सुरक्षा परिवेश में इस तरह के सहयोग के रणनीतिक महत्व पर प्रकाश डाला। ड्रोन के बढ़ते खतरे का जिक्र करते हुए, खास तौर पर भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान उनके व्यापक इस्तेमाल के मद्देनजर, बाबुश्किन ने ऐसी चुनौतियों का मुकाबला करने में रूस के अनुभव को रेखांकित किया। बाबुश्किन ने कहा, हम कई वर्षों से इस खतरे का सामना कर रहे हैं और मुझे लगता है कि हमारी प्रणालियों का लगातार आधुनिकीकरण किया जा रहा है। मुझे लगता है कि यह दोनों पक्षों के साझा हित में होगा कि इस खतरे का मुकाबला कैसे किया जाए और कुछ अन्य सहयोग कायम किए जाएं।" उन्होंने कहा कि ड्रोन रोधी प्रणालियां पहले से जारी भारत-रूस रक्षा वार्ता में शामिल हैं। बाबुश्किन ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव की संभावित भारत यात्रा के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा, सटीक तारीख अभी तय नहीं हुई है, लेकिन यह किसी भी समय हो सकती है। हम इसके (यात्रा के) इसी महीने होने की उम्मीद कर रहे हैं।

## पोलैंड के राष्ट्रपति चुनाव में रूढ़िवादी करोल की जीत

- नवरोकी को बेहद करीबी मुकाबले में 50.89 फीसदी मत हुए हासिल



**वारसॉ (पोलैंड)।** पोलैंड के राष्ट्रपति चुनाव में रूढ़िवादी नेता करोल नवरोकी ने जीत हासिल कर ली है। सोमवार को मतगणना के अंतिम आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। नवरोकी को बेहद करीबी मुकाबले में 50.89 फीसदी मत हासिल हुए जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी वारसॉ के मेयर रफाल त्राज्स्कोव्स्की को 49.11 प्रतिशत वोट मिले।

इस चुनावी मुकाबले में उदारवादी यूरोपीय संघ समर्थक त्राज्स्कोव्स्की का मुकाबला दक्षिणपंथी लॉ एंड जस्टिस पार्टी द्वारा समर्थित रूढ़िवादी इतिहासकार करोल नवरोकी से था। करीबी मुकाबले पर दो सप्ताह पहले शुरू हुए चुनाव के पहले दौर से लेकर सोमवार की सुबह तक देश की नजर रही और इससे स्पष्ट हुआ कि इस देश में गहरे मतभेद मौजूद हैं। प्रारंभिक एग्जिट पोल में त्राज्स्कोव्स्की जीत की ओर अग्रसर दिखाने के कुछ घंटे बाद नतीजों ने तस्वीर उलट दी।